# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार 24 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 217 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




रांची में नाची से बाची जनजातीय स्वशासन महोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करतीं महिलाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### सिविल सर्जन के घर लाखों की चोरी

**पाकुड़ (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के बैंक कॉलोनी स्थित एक घर में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए की चोरी को अंजाम दिया है। यह घर कोलकाता के सिविल सर्जन जयंतो शुक्ल की पत्नी के नाम पर है। परिवार पिछले तीन महीने से कोलकाता में रह रहा था जिसके कारण घर खाली था। चोरों ने खिड़की के रास्ते घर में प्रवेश किया। उन्होंने घर में रखे फ्रिज, एसी का कंप्रेसर, बिजली का सामान, खिड़की की एल्युमीनियम शीट, बाथरूम के नल, अलमारी में रखी साडियां, चादरें और अन्य घरेलू सामान चुरा लिए।

### ट्रेन पकड़ने के दौरान लिपिक की मौत

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** कोडरमा जंक्शन पर मरकच्चो प्रखंड कार्यालय के एक लिपिक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नवादा (बिहार) निवासी 49 वर्षीय पंकज कुमार के रूप में हुई है। वह गयाजी अपनी पत्नी से मिलने जा रहे थे। वह जम्मूतवी एक्सप्रेस पकड़ने के लिए स्टेशन पहुंचे थे। ट्रेन खुलने में कुछ ही मिनट शेष थे, इसी हड़बड़ी में वे प्लेटफॉर्म पर दौड़ पड़े। दौड़ते समय अचानक संतुलन बिगड़ गया। वे प्लेटफॉर्म पर गिर पड़े। गिरते ही वे बेहोश हो गए जिससे वहां कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना अंतर्गत भगत सिंह चौक पर बीती रात सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक रमेश की मौत हो गई। यह घटना रात करीब एक बजे हुई जब बंशीलाल चौक की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक कांग्रेस ऑफिस रोड की तरफ से आ रहे एक पिकअप वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे रमेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### नशे में हैवान बना बेटा, विधवा मां का रेता गला

**दुमका(नबिटा ब्यूरो)।** रानीश्वर थाना क्षेत्र के मोहुलबना पंचायत के भुस्की पहाड़ी गांव में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। सोमवार की रात शराब के नशे में धुत्त दिलवान मोहली ने विधवा मां 54 वर्षीय व सुंदरी मोहली की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद मंगलवार की सुबह गांव के प्रधान को घटना की जानकारी देने के बाद फरार हो गया। हत्या किस वजह से की, इसका अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजन के सुपुर्द कर दिया।

### हेमंत कैबिनेट की बैठक में कुल 39 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# झारखंड में पेसा कानून को मिली हरी झंडी, सशक्त होंगी राज्य की पंचायतें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य में 'पेसा कानून' को लागू करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 'पेसा नियमावली' को औपचारिक मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बैठक के बाद जानकारी दी कि इस कानून के लागू होने से ग्राम सभाएं अब पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली होंगी। नए नियमों के तहत ग्राम पंचायतों को अपने क्षेत्र में खनन अधिकार, भूमि अधिग्रहण और वन भूमि से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का वैधानिक अधिकार प्राप्त होगा। पेसा (पंचायत उपबंध-अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) कानून के माध्यम से अब पंचायतों को जमीन और खनिजों पर अधिक नियंत्रण मिलेगा। ग्राम सभा



अपने क्षेत्र में खनन कार्यों पर नियंत्रण के अलावा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएगी। इसके अलावा वन भूमि के प्रबंधन और उससे जुड़े अहम निर्णय में भी ग्राम सभा को कई महत्वपूर्ण अधिकार प्राप्त होंगे। ग्राम सभाओं को तरजीह दी गई है। योजना बनाने में ग्राम सभा की भूमिका होगी। पारंपरिक ग्राम सभाओं को अधिकार दिया गया है। सभी ग्राम सभा अपने परंपरा को नोटिफाई करेगी। अधिसूचना जारी होते ही एक्ट लागू होगा। राज्य के अनुसूचित क्षेत्र में पेसा एक्ट लागू होगा। इसके दायरे में 15 जिले होंगे। कैबिनेट की बैठक में कुल 39 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। इसमें डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के पदों का पुनर्गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। शैक्षणिक गैर शैक्षणिक पद के लिए 38 नए पद सृजित किए गए। दुमका में 7 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 31 करोड़ और जमशेदपुर में सड़क के लिए 41 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

## तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के धोबाली मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हादसे में एक युवक का गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान गुमला जिला के लांजी नवाटोली निवासी हरि उरांव के 20 वर्षीय पुत्र सुनील उरांव और लोहरदगा जिला के सदर थाना अंतर्गत कुटमु जेलखाना निवासी योगेश्वर उरांव के 20 वर्षीय पुत्र राहुल उरांव के रूप में हुई है। वहीं हादसे में लोहरदगा जिला के सदर थाना क्षेत्र का नदिया करचाटोली निवासी महेश उरांव का 20 वर्षीय पुत्र मोहित उरांव घायल हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर रांची से लोहरदगा की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान भंडरा थाना क्षेत्र के धोबाली मोड़




के समीप तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे मौके पर ही सुनील और राहुल की मौत हो गई जबकि मोहित उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के सूचना मिलने के बाद भंडरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स में रेफर कर दिया गया है। साथ ही शवों को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस घटना के बाद मृत युवकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## नक्सलियों की मदद करने वाले दो लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत छोटानागरा थाना पुलिस ने नक्सल नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नक्सलियों को सामग्री और अन्य प्रकार से सहयोग करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बालिबा गांव निवासी विकास होनहागा और सुदर्शन बरजो के रूप में हुई है। पुलिस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि दोनों आरोपी सक्रिय नक्सलियों को भोजन, सामग्री और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उनकी गतिविधियों में मदद कर रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद छोटानागरा थाना पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए दोनों को धर दबोचा। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने बताया कि नक्सलियों को सहयोग करने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार आरोपी नक्सलियों के संपर्क में रहकर क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई से नक्सल नेटवर्क को कमजोर करने में मदद मिलेगी और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। उनसे मिली जानकारी के आधार पर नक्सलियों के अन्य सहयोगियों और नेटवर्क की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### विनोबा भावे विश्वविद्यालय का दसवां दीक्षांत समारोह संपन्न, विद्यार्थियों में दिखी खुशी

## शिक्षा केवल आजीविका नहीं, कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाने का माध्यम : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 10वां दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कुलाधिपति और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने छात्रों को उपाधियां प्रदान कीं। इस दौरान एक डी-लिट, विभिन्न विषयों में 230 पीएचडी, स्नातकोत्तर टॉपरों को 94, बेस्ट ग्रेजुएट को एक तथा वोकेशनल टॉपरों को 21 उपाधियां दी गईं। कुल 347 उपाधियां वितरित की गईं। सभी टॉपरों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक विश्वविद्यालय परिसर में मौजूद रहे। भारतीय परिधान में सजे छात्र एवं शिक्षकगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों ने कहा कि अथक परिश्रम और मेहनत से ही स्वर्ण पदक मिलता है। राज्यपाल के हाथों उपाधि मिलने से उत्साह और बढ़




जाता है। उन्होंने कहा कि निस्संदेह आने वाले समय में वे राज्य एवं राष्ट्र की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। शिक्षा मनुष्य को सामाजिक प्राणी बनाती है और सभी के लिए आवश्यक है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उनके कर्तव्यों की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्राप्त करने का आयोजन नहीं है बल्कि डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन, धैर्य और साधना का प्रतीक है। यह विश्वविद्यालय के लिए बड़ा दिन है। उन्होंने आगे कहा कि सभी को इमानदारी और लगन से पढ़ाई करने की आवश्यकता है। छात्रों को अपनी जिम्मेदारी उठानी होगी तभी देश विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। शिक्षा का उद्देश्य केवल आजीविका अर्जित करना नहीं, बल्कि संवेदनशील, जिम्मेवार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक का निर्माण करना है। देश ऐसे युवाओं की ओर आशाभरी दृष्टि से देख रहा है, जो चुनौतियों से घबराते नहीं बल्कि उन्हें अवसर में बदल देते हैं। कुलाधिपति ने छात्रों से अपेक्षा जताई कि वे शिक्षा के महत्व को अपने तक सीमित न रखें। समाज के प्रति उनका बड़ा दायित्व है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. चंद्रभूषण शर्मा ने कहा कि छात्र जीवन में दीक्षांत का बेहद महत्वपूर्ण स्थान है। छात्रों को देश के प्रति सजग रहकर सेवा करने की आवश्यकता है। देश हित में अपना करियर बनाएं तथा जीवन को सरल रखें, ताकि कभी परेशानी न हो।

### छात्र ने फांसी लगा की आत्महत्या

**लातेहार (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मनिका थाना अंतर्गत बेसना टोला में सोमवार रात 19 वर्षीय छात्र ने अपने ही घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रवि रंजन सिंह के रूप में हुई है। रवि मनिका डिग्री कॉलेज में बीए का छात्र था। परिजनों के अनुसार सोमवार रात उसने घर पर खाना नहीं खा सीधे अपने कमरे में सोने चला गया। मंगलवार सुबह जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकला तो परिजनों को शक हुआ। इसके बाद अनहोनी की आशंका हुई। सूचना मिलते ही मनिका थाना के सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जब दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया, तो देखा रवि कमरे में फंदे से लटका हुआ था।

## पैंगोलिन की खाल के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गुमला।** जिले में वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दुर्लभ पैंगोलिन की खाल की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में दो लोगों को 6.5 किलोग्राम पैंगोलिन की खाल के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह अंतरराज्यीय तस्करी में शामिल बताया जा रहा है। कुरुमगढ़ वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी जगदीश राम ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर क्यूआरटी टीम ने रायडीह के मरियम टोली के पास छापेमारी की। इस दौरान तस्करी के उद्देश्य से ले जाई जा रही पैंगोलिन की खाल के साथ दो अभियुक्तों को रंगे हाथ पकड़ा गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के सोगड़ा निवासी रामेश्वर राम और गुमला के सिसई निवासी मानसुर अंसारी के रूप में हुई है। बाजार में इस पैंगोलिन की खाल की कीमत लाखों रुपए आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह मामला केवल स्थानीय नहीं बल्कि एक बड़े अंतरराज्यीय और संभवतः अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। डब्लूसीसीबी का अनुमान है कि यह खाल गुमला के कुरुमगढ़ वन क्षेत्र या छत्तीसगढ़ के जंगलों से लाई गई थी। वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बिलाल अख्तर ने बताया कि पैंगोलिन आइयूसीएन की रेड लिस्ट में 'अत्यंत संकटग्रस्त' प्रजाति के रूप में सूचीबद्ध है। इसके शिकार और व्यापार पर पूर्ण प्रतिबंध है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और इस तस्करी नेटवर्क की गहन जांच जारी है।


THE EASTERN VOICE

Reg No. JHENG/25/A4874

Another Launching from

NAVBIHAR TIMES GROUP

THE EASTERN VOICE

'English Daily Newspaper

Regional Newspaper in whole Bihar & Jharkhand

Email Id-theeasternv@gmail.com

Bihar Office:-Satyendra Nagar,Aurangabad (Bihar Jharkhand)

Office:-31-Co-operative Colony,Bokaro Steel City, Bokaro (Jharkhand)

Contact:- 6206165107, 7295863300


### रांची में नाची से बाची जनजातीय स्वशासन महोत्सव का भव्य आगाज, स्वशासन और संस्कृति पर मंथन

## ग्राम सभाओं को बनाया जाएगा सशक्त : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के ऑड्रे हाउस में मगंलवार से दो दिवसीय नाची से बाची जनजातीय स्वशासन महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस महोत्सव का आयोजन झारखंड सरकार की पंचायती राज विभाग ओर से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनजातीय स्वशासन की अवधारणा को मजबूत करना, ग्राम सभा को सशक्त बनाना और पारंपरिक व्यवस्थाओं को नई ऊर्जा देना है। महोत्सव का उद्घाटन पारंपरिक नगाड़ों की गूंज के साथ किया गया। राज्य के विभिन्न जिलों से आए स्थानीय कलाकारों ने नगाड़ा वादन कर वातावरण को जनजातीय रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह विशेष रूप से शामिल हुईं और उन्होंने महोत्सव की औपचारिक शुरुआत की। दो दिवसीय इस आयोजन में जनजातीय जीवन, संस्कृति और स्वशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें



जनजातीय विषयक गोष्ठी, पारंपरिक नृत्य-संगीत, फिल्म शो, जनजातीय शिल्प प्रदर्शनी, आदिवासी खान-पान स्टॉल, पेंटिंग प्रदर्शनी और जनजातीय भाषाओं के कवियों की गोष्ठी शामिल है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्वशासन की परंपरा को सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। महोत्सव में राज्य के कई स्थानीय कलाकारों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली जिससे आयोजन को जीवंत और जन-सरोकार से जुड़ा स्वरूप मिला। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया गया जिसमें पेसा कानून (पंचायतों का अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार अधिनियम) को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर पंचायती राज विभाग के न्यूज लेटर का विमोचन किया गया। साथ ही विभागीय पोर्टल का भी अनावरण किया गया। इन पहलों का उद्देश्य पंचायत व्यवस्था में पारदर्शिता लाना, सूचनाओं को आसानी से आम लोगों तक पहुंचाना और डिजिटल माध्यम से स्वशासन को मजबूत बनाना है। मंत्री दीपिका सिंह पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार पेसा कानून को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ग्राम सभाओं को सशक्त किया जा रहा है ताकि निर्णय लेने की प्रक्रिया में स्थानीय समुदाय की भूमिका मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि पारंपरिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कर जनजातीय स्वशासन को जमीनी स्तर पर लागू किया जा रहा है। मंत्री ने यह भी कहा कि स्वशासन की यह पहल जननायक गुरुजी के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नाची से बाची जनजातीय स्वशासन महोत्सव न केवल सांस्कृतिक उत्सव है बल्कि यह जनजातीय अधिकार, पहचान और स्वशासन के विचार को नई दिशा देने वाला मंच भी बन रहा है।

# दीक्षांत केवल डिग्री नहीं, नए जीवन अध्याय की शुरूआत है : राज्यपाल

नवीन सिन्हा




**हजारीबाग** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के 10वें दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्रदान करने का औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन, धैर्य और निरंतर साधना का प्रतीक है। यह जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय की पूर्णता और नए अध्याय की शुरूआत का अवसर है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान, मूल्यबोध और संस्कारों का उपयोग समाज और राष्ट्र के व्यापक हित में करना विद्यार्थियों का दायित्व है। उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय भू-दान के प्रणेता संत विनोबा भावे के नाम पर स्थापित है, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सुधार और भू-दान यज्ञ जैसे महान कार्यों के लिए समर्पित किया। उनके विचार आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल आजीविका अर्जन नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक का निर्माण करना है। विद्यार्थियों से 'विकसित भारत @2047' और 'आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत' के निर्माण में ईमानदारी, परिश्रम और नैतिकता के साथ योगदान देने का आह्वान किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से शिक्षा के महत्व को समाज तक पहुँचाने की अपील करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक शिक्षित युवा समाज के किसी एक बच्चे की शिक्षा की जिम्मेदारी ले, तो अशिक्षा स्वतः समाप्त हो सकती है। उन्होंने विश्वविद्यालयों को विचार, चरित्र और चेतना का केंद्र बताते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध, सामाजिक सरोकार और प्लेसमेंट व्यवस्था को और मजबूत करने पर बल दिया।

उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लागू 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति शिक्षा को समावेशी, मूल्यपरक और समाजोपयोगी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। अंत में राज्यपाल महोदय ने विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों का स्मरण कराते हुए कहा कि व्यक्ति की पहचान उसकी डिग्री से नहीं, बल्कि उसके कर्मों से होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी अपने ज्ञान, आचरण और सेवा-भाव से विश्वविद्यालय, परिवार और राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करेंगे। इससे पूर्व राज्यपाल महोदय ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित भू-दान यज्ञ के प्रणेता संत विनोबा भावे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# चौपारण प्रखंड के करंजवा जंगल में अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, नकली शराब के रैपर व विभिन्न कंपनियों की बोतलें बरामद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** पुलिस अधीक्षक महोदय को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर आज चौपारण थाना द्वारा करंजवा जंगल क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अवैध शराब के निर्माण एवं भंडारण की सूचना मिलने पर की गई।

छापामारी अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने पुलिस बल के साथ किया। अभियान के दौरान जंगल क्षेत्र से नकली शराब के रैपर, विभिन्न कंपनियों की खाली बोतलें एवं अवैध शराब से जुड़े अन्य सामग्री बरामद की गई। इससे क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब के धंधे की आशंका को बल मिला है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बरामद सामग्री का उपयोग नकली शराब के निर्माण और पैकिंग में किया जा रहा था। मौके से कुछ असामाजिक तत्वों के फरार होने की भी सूचना है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया तथा संदिग्ध ठिकानों की भी जांच की। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस धंधे में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# जमीन विवाद में ग्रामीणों को धमकाने व कानून हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं : राजेश

**■ खेरोन में मामला सामने आने पर आक्रोशित ग्रामीणों के साथ बैठक कर पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बेंगाबाद में आहूत 'महेंद्र सिंह शहादत- जन संघर्ष संकल्प दिवस' की तैयारी के क्रम में आज ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की एक बैठक मोतिलेदा पंचायत के खेरोन गांव में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जनता की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं इस क्रम में एक तात्कालिक और गंभीर मामला भी सामने आया, जिसमें किसी जमीन के एग्रीमेंट और खरीद बिक्री से संबंधित विवाद के मामले में दर्जनाधिक बाहरी लोगों द्वारा गांव आकर दबंगई करते हुए कुछ परिवारों को धमकी दिए जाने का मामला सामने आया मामले की गंभीरता को देखते हुए बैठक में मौजूद स्थानीय पूर्व जिप सदस्य एवं फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने कहा कि जिले में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। यहां तक कि, लोगों की हत्या तक हो जा रही है। हालांकि सबों को यह पता है कि, किसी भी तरह के मामलों में किसी को धमकाने या किसी भी तरह से कानून हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है, फिर भी ऐसा हो रहा है। इसलिए पुलिस-प्रशासन को सख्ती बरतने की जरूरत है। उन्होंने पीड़ित परिवार के लोगों से धमकी दिए जाने की घटना को लेकर बेंगाबाद थाना में आवेदन देने की सलाह दी। साथ ही कहा कि, इसके बाद वरीय पुलिस अधिकारियों से वे बात करेंगे इधर जन अभियान के मुद्दों पर चर्चा करते हुए फॉरवर्ड ब्लॉक नेता ने कहा कि, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों मे हजारों-हजार आवेदन जनता से प्राप्त किए गए हैं। उन पर त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन, राशन, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था दुरुस्त की जानी चाहिए। यही नहीं, प्रखंड-अंचल-थानों की मौजूदा कार्यशैली में सुधार और रिश्वतखोरी से मुक्त करने की जरूरत है। इन सभी वजहों से आम जनता तथा खासकर गरीब काफी परेशान हैं उन्होंने पार्टी द्वारा शुरू किए जा रहे इस आंदोलन को सफल करने के लिए 16 जनवरी को बेंगाबाद पहुंचने का आह्वान करते हुए, लोगों से बढ़-चढ़कर इस हेतु संघर्ष कोष में सहयोग करने की भी अपील की। इस अवसर पर मुख्य रूप से फॉरवर्ड ब्लॉक नेता छोटेलाल यादव, शंभू तुरी सहित स्थानीय रामधनी राउत, दिनेश राणा, काली राणा, अजय राणा, प्रयाग राणा, मुकेश राणा, राजेश राणा, प्रदीप यादव, रामप्रसाद राणा, दिनेश गोप, गुड़िया देवी, खुशबू देवी, रेखा देवी, सरिता देवी, जानकी देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## केरेडारी में शीतलहर का कहर ठंड लगने से एनटीपीसी कंपनी कर्मी की मौत

**केरेडारी (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केरेडारी प्रखंड में घने कोहरे और बर्फीली हवाओं के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। लगातार बढ़ती ठंड के कारण क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है, जिससे सुबह और रात के समय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ाके की ठंड की चपेट में आकर चट्टीपेटो गांव निवासी रामेश्वर साव की मौत हो गई। मृतक एनटीपीसी के अधीनस्थ कॉन्ट्रैक्ट कर्मी के रूप में कार्यरत थे। उनकी ड्यूटी जोरदाग गांव स्थित 2.2 रोड की देखरेख की थी। परिजनों के अनुसार रामेश्वर साव की मौत का मुख्य कारण अत्यधिक ठंड लगना बताया जा रहा है।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बनासो में विज्ञान एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विष्णुगढ़ हजारीबाग।** बनासोः डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल 10+2 बनासो के प्रांगण में विज्ञान एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान एवं कला से संबंधित एक से बढ़कर एक नवाचारी और आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, वैज्ञानिक प्रयोगों के साथ-साथ हस्तशिल्प एवं रचनात्मक कलाकृतियों पर आधारित मॉडलों को प्रदर्शित किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने मॉडलों के माध्यम से जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल एवं रोचक भाषा में समझाया, जिससे आगंतुक काफी



प्रभावित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और प्रस्तुति कौशल की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन समिति के जय नारायण महतो ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, नवाचार को प्रोत्साहित करना एवं आत्मविश्वास बढ़ाना है।

# विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव नकुल का गिरिडही में स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा, गिरिडीह में विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा का आगमन हुआ।

प्रधानाचार्य आनंद कमल ने गर्मजोशी के साथ प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा एवं विभाग प्रमुख हजारीबाग विभाग के ब्रजेश सिंह को शॉल भेंट कर सम्मानित किया मौके पर प्रदेश सचिव ने आचार्य- दीदी के साथ बैठक करते हुए भैया बहनों के समग्र विकास एवं पंचपदी शिक्षा पर कई सुझाव साझा किए। आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर उनके पंच




परिवर्तन को समाज में ले जाने और सप्त शक्ति संगम को बेहतर तरीके से मनाने पर विचार विमर्श किया। बैठक में समस्त आचार्य दीदी उपस्थित थी।

# भारत सरकार द्वारा गुड गवर्नेंस वीक, 2025 के तहत प्रशासन गांव की ओर से संबंधित कार्यशाला

**■ उपायुक्त रामनिवास यादव व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर गुड गवर्नेंस वीक, 202 के तहत प्रशासन गांव की ओर से संबंधित कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा "गुड गवर्नेंस वीक, 2025" के तहत "प्रशासन गांव की ओर" से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त रामनिवास यादव व अन्य सम्मानित अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर "गुड गवर्नेंस वीक, 2025" के तहत "प्रशासन गांव की ओर" से संबंधित कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया।

इस दौरान मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी के अलावा जिला स्तरीय पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे कार्यशाला में विषय पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मियों को कई आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिये गए। मौके पर जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन गांव की ओर एक अति महत्वपूर्ण बिंदु है। प्रशासन की पहुंच गांव तक होनी चाहिए। "प्रशासन गांव की ओर" कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान कर बेरोजगार युवाओं, इच्छुक महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उचित प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वंचित लोगों को भी मुख्य धारा में लाया जा सके और गांव की विकास को बढ़वा दिया जा सकें। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है, गांव का विकास बगैर उनके संभव नहीं है। सभी के सहयोग और समन्वय से इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकेगा। उपायुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित सुशासन सप्ताह के तहत क्रियान्वित होने वाली लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया जा रहा है तथा योजनाओं से संबंधित समस्याओं को यथासंभव ऑन द स्पॉट निबटारा किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और सरकारी योजनाओं का फायदा अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है।

# होटल ऑर्बिट में आयोजित सीएमई रहा भव्य एवं सफल, 40 से अधिक चिकित्सकों ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** होटल ऑर्बिट में कल मर्सी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित कंटिन्यूग मेडिकल एजुकेशन सीएमइ कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय कार्यक्रम में जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से 40 से अधिक वरिष्ठ एवं युवा चिकित्सकों ने सक्रिय भागीदारी की कार्यक्रम के दौरान डॉ. विवेक डोकानिया इंट विशेषज्ञ को इंट हेल्थकेयर के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

उन्हें यह सम्मान शॉल एवं मोमेंटो प्रदान कर नीरज शहाबादी डायरेक्टर एवं डॉ. पी. एच. मिश्रा सीईओ द्वारा, डॉ. राम रतन केडिया वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ, आईएमए गिरिडीह की गरिमामयी उपस्थिति में दिया गया डॉ. विवेक डोकानिया ने इस अवसर पर मर्सी हॉस्पिटल में की जा रही एडवांस इंट सर्जरी के जटिल और सफल केस स्टडीज प्रस्तुत कीं, जो वर्तमान में गिरिडीह में केवल मर्सी हॉस्पिटल में ही उपलब्ध हैं वहीं डॉ. रोइशुद्दीन, कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक सर्जन ने जटिल फ्रैक्चर के उन मामलों को साझा किया, जिनका सफल ऑपरेशन मर्सी हॉस्पिटल में किया गया और मरीजों को सिर्फ 2 दिनों के भीतर चलने में सक्षम बनाया गया।

इसके अतिरिक्त डॉ. इफ्तेखार अहमद सीनियर कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक एवं डॉ. अजय कुमार सीनियर कंसल्टेंट मेडिसिन ने भी उपस्थित चिकित्सकों के साथ उपयोगी संवाद एवं अनुभव साझा किए कार्यक्रम में डॉ. पी. एच. मिश्रा सीईओ ने मर्सी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, तकनीक एवं सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी तथा आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सीएमइ कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि चिकित्सकों एवं आम जनता में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके यह सीएमइ कार्यक्रम पूर्ण रूप से ग्रैंड सक्सेस रहा। आयोजन की सफलता के लिए नीरज शहाबादी, डॉ. विवेक डोकानिया, डॉ. रोइशुद्दीन एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी चिकित्सक मित्रों का आयोजकों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिक उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस दौरान उपायुक्त ने कई मामलों का ऑन द स्पॉट निराकरण किया। साथ ही वृद्ध माताओं के बीच कंबल वितरण किया। जनता दरबार में पेंशन,राशन कार्ड, भूमि विवाद, दाखिल खारिज, आवास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव है, उनका निपटारा नियमानुसार ढंग से तुरंत किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चरही में शिक्षक व अभिभावक संवाद कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चरही (हजारीबाग)।** चुरचू प्रखंड अंतर्गत चरही पंचायत स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका उत्कृष्ट विद्यालय, चरही में शिक्षक-अभिभावक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली, एवं चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। इसके उपरांत




जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय समिति के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने समाज में घटित हो रही विभिन्न घटनाओं को नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। साथ ही, शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग करने तथा विद्यालय समिति के सदस्यों से विद्यालय के सुचारू संचालन में निरंतर योगदान देने की अपील की गई। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के अध्यक्ष माया देवी, उपाध्यक्ष चोलेश्वर महतो, समाजसेवी आरिफ अंसारी, वार्ड सदस्य सह समिति सदस्य आशा मुनि टुडू, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

# नवजीवन नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कोर्ट रोड स्थित नवजीवन नर्सिंग होम में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नवजीवन नर्सिंग होम और रोटरी गिरिडीह कपल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित था। इस दौरान 36 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।

मौके पर अस्पताल के कई कर्मचारी और रोटरी के सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। परीक्षा खंडेलवाल सहित कई लोगों ने पहली बार रक्तदान किया और उत्साहित नजर आए वहीं बिपिन अग्रवाल ने अपने जन्मदिन पर रक्तदान कर इस दिवस को यादगार बना दिया। बताया गया कि नवजीवन



में हर साल ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाता है और गिरिडीह में ब्लड की समस्या न हो इसका प्रयास किया जाता है। इस बाबत नवजीवन नर्सिंग होम की सीइओ डॉ स्वाति बगेड़िया ने बताया कि आज का ब्लड डोनेशन कैंप बड़े ही उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। कहा कि हम लोग हर साल इस तरह का कैंप का आयोजन करते हैं। नवजीवन नर्सिंग होम चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर सेवा देने के लिए सदैव तत्पर है। मौके पर रोटरी कपल के अध्यक्ष हरिंदर सिंह मोंगिया सचिव अनित खंडेलवाल प्रोजेक्ट चेयरमैन शीतल गौरीसरिया, रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमेन अरविंद कुमार, डॉ शोहेल अख्तर, अभिषेक बगेड़िया, सदस्य वैभव शाहबादी, सिद्धार्थ गोरीसरिया आशिका जैन, गुरविंदर सिंह, सुप्रीत सिंह, डॉ अदिति राजगढ़िया, डॉ नीरज सिन्हा, डॉ हेमंत कारपेंटर सहित कई कर्मी आदि मौजूद थे।

# एनआइटी के दीक्षांत समारोह की तैयारियों का निरीक्षण, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला।** एनआईटी के 15वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का इसमें शामिल होना प्रस्तावित है। उनके आगमन को लेकर मंगलवार को वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और रांची के जोनल आईजी मनोज कौशिक ने संयुक्त रूप से एनआईटी कॉलेज परिसर का दौरा किया और तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया।



**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आईजी ने निर्देश दिए**

दोनों वरीय अधिकारियों ने विशेष रूप से एनआईटी ग्राउंड में तैयार किए जा रहे मुख्य पंडाल और कार्यक्रम स्थल का भ्रमण किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आईजी मनोज कौशिक ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए ताकि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान सुरक्षा में कोई कमी न रह जाए।

**निरीक्षण के दौरान तमाम बड़े पदाधिकारी रहे मौजूद**

इससे पूर्व, अधिकारियों के आगमन पर पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) और सरायकेला जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। दौरे के दौरान सचिव और आईजी ने तैयारियों पर संतोष जताया, हालांकि उन्होंने मीडिया कर्मियों से दूरी बनाए रखी और कोई औपचारिक बयान नहीं दिया। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत प्रशासन के तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे।

**29 दिसंबर को है राष्ट्रपति का दौरान**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 29 दिसंबर को दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम तय हैं। एनआईटी के दीक्षांत समारोह से पहले सुबह करनडीह स्थित दिशोम जाहेर परिसर पहुंचेंगी। जहां 'ओल चिकी लिपि' के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेमिनार के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

## प्रोफेसर पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर छात्रा ने काटा हाथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के एक प्रोफेसर पर छात्रा ने प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए अपना हाथ काट लिया है। छात्रा महिला कॉलेज में पीजी की पढ़ाई कर रही है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को छात्रा ने अपना हाथ काटा है। छात्रा ने कॉलेज के एक प्रोफेसर पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए महिला थाना को आवेदन दिया है। छात्र का आरोप है कि वह ऑटो भाड़ा लगाकर कॉलेज में पढ़ाई करने जाती है, लेकिन प्रोफेसर उनकी क्लास नहीं लेते हैं। इस मामले की उसने कुलपति से शिकायत की थी। छात्रा का आरोप है कि शिकायत करने के बाद महिला प्रोफेसर के द्वारा उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। छात्रा को क्लास करने नहीं दिया जा रहा था। इससे परेशान होकर छात्रा मंगलवार को डालटनगंज रेलवे स्टेशन पहुंची और वहीं उसने अपने हाथ को काट लिया।

# भटिंडा फॉल सैलानियों से गुलजार प्राकृतिक सुंदरता ने लोगों का मन मोहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले के विभिन्न पिकनिक स्थलों में सैलानियों की भीड़ उमड़ने लगी है। साल 2025 की विदाई और 2026 का स्वागत करने की तैयारी में सैलानी उत्साह और उमंग के साथ जुट गए हैं। पुटकी का भटिंडा फॉल भी सैलानियों को खूब लुभाता है। गिरते हुए पानी और यहां की सुंदरता लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

**सैलानी भरपूर ले रहे लुत्फ**

भटिंडा फॉल में सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। झारखंड के साथ-साथ बिहार से भी लोग पिकनिक मनाने के लिए अपने परिवार और दोस्तों के साथ पहुंचने लगे हैं। भटिंडा फॉल में युवा वर्ग और बच्चे पहुंचकर भरपूर मजा उठा रहे हैं। पिकनिक मनाने वाले लोग लजीज व्यंजन बना प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले रहे हैं। यहां आने वाले सैलानियों ने बताया कि वे सभी लोग परिवार और दोस्तों के साथ पहुंचे हैं। भटिंडा फॉल का प्राकृतिक दृश्य बहुत ही सुंदर है जो हमें यहां खींचकर लाया है।

**यहां आकर काफी सुखद अहसास हो रहा है: पर्यटक**

बिहार से आई खुशबू कुमारी ने कहा कि यहां का दृश्य काफी सुंदर है। पिकनिक मनाने के लिए हम यहां आए हैं और यहां आकर काफी सुखद अहसास हो रहा है। लोगों की भीड़ भी यहां काफी रहती है। बच्चे भी काफी मस्ती कर रहें हैं। भटिंडा फॉल में पानी के अंदर काफी खतरा भी है, इसलिए बच्चों पर नजर रखना पड़ रहा है। बोकारो से आई आरती देवी ने कहा कि पहले कभी यहां नहीं आए थे। पहली बार यहां आने का मौका मिला है। यहां की खूबसूरती देखने के लायक है। बच्चे भी काफी आनंद उठा रहे हैं।

**भटिंडा फॉल को और भी बेहतर किया जाएगा: मंत्री**

पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार भी पिछले दिनों भटिंडा फॉल पहुंचे थे। उन्होंने भटिंडा फॉल को और भी बेहतर करने का आश्वासन दिया है ताकि यहां पहुंचने वाले सैलानी भरपूर आनंद उठा सके और उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। आने वाले दिनों में भटिंडा फॉल में गुणात्मक परिवर्तन लाने की बात भी मंत्री ने कही।

# चरनी में सजी सादगी और प्रेम की कहानी, क्रिसमस बाजारों में दिखा साझा विश्वास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** क्रिसमस पर्व के आते ही बाजारों में रौनक बढ़ जाती है। इसी रौनक का सबसे प्रमुख आकर्षण होती है चरनी। यीशु मसीह के जन्म स्थल को दर्शाने वाली यह छोटी-सी झांकी न सिर्फ ईसाई समुदाय की आस्था का केंद्र है, बल्कि प्रेम, त्याग, करुणा और सादगी का सार्वभौमिक संदेश भी देती है। चरनी में बालक यीशु, माता मरियम और यूसुफ की प्रतिमाओं के साथ चरवाहे, देवदूत और पशु-पक्षियों की आकृतियां शामिल होती हैं, जो प्रभु यीशु के विनम्र जन्म की कहानी को जीवंत करती हैं।

**चरनी की क्या है खासियत**

आज के समय में चरनी सिर्फ एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द्र और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बन चुकी है। खास बात यह है कि अब चरनी का निर्माण और बिक्री केवल ईसाई समुदाय तक सीमित नहीं रहा। अन्य समुदायों के कारीगर और दुकानदार भी पूरे मनोयोग से चरनी बना रहे हैं और बाजारों में बेच रहे हैं। उनके लिए यह सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि एक संदेश है प्रेम और भाईचारे का।

चरनी विक्रेता बताते हैं कि प्रभु यीशु का जन्म एक साधारण गोशाला में हुआ था, जो यह सिखाता है कि ईश्वर सादगी में वास करते हैं। यही कारण है कि वे चरनी बनाते समय उसकी मूल भावना को बनाए रखने का प्रयास करते हैं। कई विक्रेता कहते हैं कि वे भले ही किसी और धर्म से हों, लेकिन यीशु मसीह के जीवन से प्रेरणा लेते हैं। विशेषकर मानवता, सेवा और त्याग के आदर्शों से।

**कई तरह की चरनी बाजार में उपलब्ध**

क्रिसमस बाजारों में इन दिनों एक से बढ़कर एक आकर्षक चरनी देखने को मिल रही है। मिट्टी, लकड़ी, पुआल और थर्मोकोल से बनी चरनियां बाजार में उपलब्ध हैं। इनकी कीमत 250 से शुरू होकर 2500 रुपए तक जाती है। लोग ऊंचे दामों पर भी इन्हें खरीदने से पीछे नहीं हट रहे, क्योंकि उनके लिए यह सिर्फ सजावट का सामान नहीं, बल्कि आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। घरों, चर्च और सार्वजनिक स्थलों पर चरनी सजाकर लोग प्रभु यीशु के आगमन की तैयारी कर रहे हैं।

इस पर्व को लेकर अन्य समुदाय के चरनी विक्रेता भी यही संदेश दे रहे हैं कि क्रिसमस केवल एक धर्म का त्योहार नहीं, बल्कि मानवता का उत्सव है। वे कहते हैं कि जब लोग चरनी खरीदते हैं तो वे सिर्फ एक मूर्ति नहीं ले जाते, बल्कि प्रेम, शांति और आपसी भाईचारे का संदेश अपने घर ले जाते हैं। यही कारण है कि आज चरनी धार्मिक सीमाओं से ऊपर उठकर सामाजिक एकता की मजबूत कड़ी बन चुकी है।

# नाची से बाची जनजातीय स्वशासन महोत्सव का आगाज, स्वशासन और संस्कृति पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के ऑड्रे हाउस में आज से दो दिवसीय नाची से बाची जनजातीय स्वशासन महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस महोत्सव का आयोजन पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार की ओर से किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जनजातीय स्वशासन की अवधारणा को मजबूत करना, ग्राम सभा को सशक्त बनाना और पारंपरिक व्यवस्थाओं को नई ऊर्जा देना है। महोत्सव का उद्घाटन पारंपरिक नगाड़ों की गूंज के साथ किया गया। राज्य के विभिन्न जिलों से आए स्थानीय कलाकारों ने नगाड़ा वादन कर वातावरण को जनजातीय रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह विशेष रूप से शामिल हुईं और उन्होंने महोत्सव की औपचारिक शुरुआत की।



**दो दिवसीय महोत्सव में होंगे कई कार्यक्रम**

दो दिवसीय इस आयोजन में जनजातीय जीवन, संस्कृति और स्वशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें जनजातीय विषयक गोष्ठी, पारंपरिक नृत्य-संगीत, फिल्म शो, जनजातीय शिल्प प्रदर्शनी, आदिवासी खान-पान स्टॉल, पेंटिंग प्रदर्शनी और जनजातीय भाषाओं के कवियों की गोष्ठी शामिल है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्वशासन की परंपरा को सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। महोत्सव में राज्य के कई स्थानीय कलाकारों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। जिससे आयोजन को जीवंत और जन-सरोकार से जुड़ा स्वरूप मिला। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया गया। जिसमें पेसा कानून (पंचायतों का अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार अधिनियम) को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

**न्यूज लेटर और विभागीय पोर्टल का अनावरण**

इस अवसर पर पंचायती राज विभाग के न्यूज लेटर का विमोचन किया गया। साथ ही विभागीय पोर्टल का भी अनावरण किया गया। इन पहलों का उद्देश्य पंचायत व्यवस्था में पारदर्शिता लाना, सूचनाओं को आसानी से आम लोगों तक पहुंचाना और डिजिटल माध्यम से स्वशासन को मजबूत बनाना है।

**ग्राम सभाओं को बनाया जाएगा सशक्त: मंत्री**

मंत्री दीपिका सिंह पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार पेसा कानून को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ग्राम सभाओं को सशक्त किया जा रहा है, ताकि निर्णय लेने की प्रक्रिया में स्थानीय समुदाय की भूमिका मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि पारंपरिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कर जनजातीय स्वशासन को जमीनी स्तर पर लागू किया जा रहा है। मंत्री ने यह भी कहा कि स्वशासन की यह पहल जननायक गुरुजी के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नाची से बाची जनजातीय स्वशासन महोत्सव न केवल सांस्कृतिक उत्सव है, बल्कि यह जनजातीय अधिकार, पहचान और स्वशासन के विचार को नई दिशा देने वाला मंच भी बन रहा है।

# संतोष ट्रॉफीः ग्रुप सी में रेलवे का दबदबा, फाइनल राउंड के लिए किया क्वालीफाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** 79वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी 2025–26 के अंतर्गत ग्रुप-सी का अंतिम मुकाबले रांची स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए। इन मुकाबलों के साथ ही ग्रुप-सी की तस्वीर साफ हो गई। जिसमें रेलवे की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई कर लिया।




**दिल्ली ने बिहार को 2-0 से हराया**

मंगलवार को पहला मुकाबला बिहार और दिल्ली की टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में दिल्ली की टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए बिहार को 2–0 से पराजित किया। पूरे मैच के दौरान दिल्ली के खिलाड़ियों ने गेंद पर बेहतर नियंत्रण बनाए रखा और समय-समय पर सटीक निशाने के जरिए बढ़त हासिल की। बिहार की टीम ने भी वापसी की कोशिश की, लेकिन दिल्ली के बेहतर प्रदर्शन के आगे जीतने में असफल रही।

**रेलवे ने 6-0 से झारखंड को हराया**

ग्रुप-सी का दूसरा और अंतिम मुकाबला रेलवे और झारखंड के बीच खेला गया। जिसे संतोष ट्रॉफी के इस चरण का सबसे अहम मैच माना जा रहा था। इस मुकाबले में रेलवे की टीम ने एकतरफा खेल दिखाते हुए झारखंड को 6–0 के बड़े अंतर से पराजित किया। रेलवे टीम ने बेहतरीन तालमेल के साथ खेलते हुए पहले हाफ में ही बढ़त बना ली थी। रेलवे की इस बड़ी जीत के साथ ही ग्रुप-सी से फाइनल राउंड के लिए उसका स्थान पक्का हो गया। अब संतोष ट्रॉफी 2025–26 का फाइनल राउंड असम में आयोजित किया जाएगा, जहां देश की शीर्ष टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी।

**मैच के दौरान सुप्रियो भट्टाचार्य रहे मौजूद**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आयोजन समिति के अध्यक्ष सुप्रियो भट्टाचार्य उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट युवाओं को आगे बढ़ने का बड़ा मंच प्रदान करते हैं। आयोजन में झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव गुलाम रब्बानी भी उपस्थित थे। इसके अलावा अफरोज अंसारी, आशीष बोस, फरीद खान, रियाज, अविनाश, बिट्टू सहित कई अन्य अतिथि और अधिकारी मौजूद रहे। दर्शकों की अच्छी मौजूदगी के बीच खेले गए इन मुकाबलों ने रांची में फुटबॉल प्रेमियों को रोमांचक अनुभव दिया।

## राष्ट्रीय बजरंग दल ने जहानाबाद में निकाला आक्रोश मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में जहानाबाद में राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से आक्रोश मार्च निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया और भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। आक्रोश मार्च राष्ट्रीय बजरंग दल के सह जिला अध्यक्ष मंटू चौहान की अध्यक्षता में निकाला गया। मार्च की शुरुआत ऊंटा मोड़ से हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए अस्पताल मोड़ पहुंचकर संपन्न हुई। मार्च में शामिल कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ नारे लगाए और विश्व समुदाय से इस मुद्दे पर संज्ञान लेने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, जो मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की कि वे इस मामले में कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप कर वहां के हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराएं।

## मखदुमपुर पहुंचे राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, दिवंगत नेता के परिवार से की मुलाकात

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय जनता दल के एमएलसी एवं वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी मखदुमपुर प्रखण्ड के मुहम्मदपुर गांव पहुंचे। यहां उन्होंने राजद नेता मरहूम फत्तो खान के परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए सांत्वना दी, उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पार्टी परिवार के साथ खड़ा है। वहीं मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि फत्तो खान साहब ईमानदार व कर्मठ नेता थे। जब तक वे ज़िंदा रहे राजद के लिए समर्पित रहें। इस दौरान शाहजहां खान, प्रिंस खान, महफूज़ आलम, राजप्रेम यादव सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिविल सर्जन के बंद मकान में चोरी

**पाकुड़/नबिटा संवाददाता।** शहरी क्षेत्र में बढ़ी चोरी की घटना से इन दिनों आम लोगों के साथ-साथ खास लोग भी आतंकित है। लोगों में भय का महौल बना हुआ है कि कहीं उनके घर में भी चोर हाथ साफ न कर दे। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को शहरी क्षेत्र के बैंक कॉलोनी में देखने को मिला है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में सिविल सर्जन के रूप में पदस्थापित डॉ जयंतो शुक्ला बीते तीन माह से अपने परिजन के साथ कोलकाता में हैं। पाकुड़ जिला मुख्यालय के बैंक कॉलोनी स्थित उनका मकान बंद था। मंगलवार को आसपास के लोगों ने डॉ शुक्ला के परिजन को यह सूचना दी कि उनके घर में चोरी हुई है। सूचना मिलते ही डॉक्टर के रिश्तेदार मनोजीत पांडेय पहुंचे। रिश्तेदार के घर की हालात देख होश उड़ गए।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएलडी–300–डब्ल्यूसी–26–2025–26, दिनांक** 17.12.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), पूर्व रेलवे, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. : ईएलडी–300–डब्ल्यूसी –26–2025 –26, कार्य का नाम** : "सियालदह मंडल के तहत लार्ज–स्पैन वायर एवं जी–जंपर का प्रतिस्थापन" के संबंध में 25 केवी ओएचई और संबंधित कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.60,63,460/–, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **बयाना राशि :** रु.1,21,300/–, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि** : दिनांक 14.01.2026 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। SDAH-315/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# दो दोषियों को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** दो वर्ष पूर्व लूटपाट के दौरान जानलेवा हमला करने के प्रयास के एक गंभीर मामले में एडीजे-3 राजेश पांडे की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाई है। सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने दोषी करार दिए गए अमन कुमार उर्फ सन्नी कुमार एवं अभिषेक कुमार उर्फ मिंटू कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों दोषियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (जानलेवा हमला करने का प्रयास) के तहत आजीवन कारावास की सजा दी। इसके साथ ही लूट के दौरान गोली मारकर जख्मी करने के आरोप में धारा 394 के तहत आजीवन कारावास तथा घातक हथियार से गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में धारा 326 के तहत भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इसके अलावा न्यायालय ने दोनों आरोपियों को चोरी का सामान खरीदने के आरोप में भादवि की धारा 411 के तहत 3 वर्ष का कठोर कारावास, आदतन चोरी का सामान रखने के आरोप में धारा 413 के तहत 10 वर्ष का कठोर कारावास तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-b)(a) के तहत 5 वर्ष का कठोर कारावास भुगतने का आदेश दिया। वहीं इस कांड के एक अन्य अभियुक्त सूरज कुमार को चोरी के सामान को छुपाने में सहायता करने के आरोप में भादवि की धारा 414 के तहत 3 वर्ष का साधारण कारावास तथा षड्यंत्र रचने के आरोप में धारा 120-बी के तहत 6 महीने के कारावास की सजा सुनाई गई। जबकि एक अन्य अभियुक्त राजू कुमार उर्फ राजू यादव को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला परसबीघा थाना कांड संख्या 234/23 से संबंधित है। इस मामले के सूचक मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पलेया गांव निवासी एवं अरवल भवन निर्माण विभाग में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत कुमुद रंजन हैं। सूचक के अनुसार 11 नवंबर 2023 की शाम करीब 6 बजे वे कार्यालय से कार्य कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर न्यू बाइपास रोड के समीप तीन अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने पीछे से आकर उनकी बुलेट मोटरसाइकिल को ओवरटेक किया और उन्हें गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। अपराधियों ने उनकी बुलेट मोटरसाइकिल, शोल्डर बैग, 3000 नकद तथा एटीएम कार्ड लूट लिए। मामले के अनुसंधान के बाद पुलिस ने चार अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से सूचक, चिकित्सक, अनुसंधानकर्ता सहित आठ गवाहों की गवाही प्रस्तुत की गई, जिसके आधार पर न्यायालय ने यह कठोर फैसला सुनाया।

## 160 से अधिक वाहनों पर 10 लाख से अधिक का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय के निर्देशानुसार समाहरणालय गेट, हिसुआ, नारदीगंज रोड सहित जिले के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर संबंधित पदाधिकारियों द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों में हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता, ट्रिपल लोडिंग, भारी वाहनों का फिटनेस, बीमा (इंश्योरेंस), प्रदूषण प्रमाण-पत्र, परमिट की वैधता, वाहन पर हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट सहित अन्य यातायात नियमों की सघन जांच की गई। जांच के क्रम में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 160 से अधिक वाहनों को चिन्हित करते हुए कुल 10.10 लाख से अधिक की दण्ड राशि अधिरोपित की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रकार का जाँच अभियान आगे भी नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। आमजनों से अपील की गई है कि वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें तथा यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : एसएएनडीटी/सीओएन/एचडब्ल्यूएच/टीएन/15/2025, दिनांक** 22.12.2025, उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा–711101 द्वारा उचित वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव के साथ वैध ठेकेदार का लाइसेंस रखने वाले अनुभवी सिग्नलिंग एवं टेलीकम्यूनिकेशन ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्म आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. : एसएएनडीटी–सीओएन–15–2025–एचडब्ल्यूएच, कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 12 को बंद करने के संबंध में आदिसप्तग्राम में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग परिवर्तन कार्य (क्योसन प्रस्तुतकारक)। **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु.42,01,230/–, **बयाना राशि जमाः** रु.84,000/– जो एफए एंड सीएओ/कॉन/पूर्व रेलवे/कोलकाता के पक्ष में जमा की जाएगी। **निविदा कागजात का मूल्यः** रु.0.00, (1) प्रस्ताव और बयाना राशि की वैधता निविदा के खुलने की तिथि से 60 दिन रहनी चाहिए। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 13.01.2026 को 11.00 बजे। (3) **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। निविदा कागजात वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं इस निविदा के लिए उल्लिखित अंतिम तिथि और समय पर या उससे पूर्व वर्णित "निविदा कागजात की लागत" एवं "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद बोली उक्त वेबसाइट पर जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से संपूर्ण निविदा, ऊपर वर्णित सभी कागजातों के साथ **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं इस प्रकार प्राप्त किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय–समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई है) एवं अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा–711101 के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है। CON-59/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मृत्यु उपरांत एम्बुलेंस के माध्यम से ही शवों को घर तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से डीआरडीए सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गैर-संचारी रोग, टीबी उन्मूलन, टीकाकरण, एचपीवी वैक्सीनेशन, संस्थागत प्रसव, डायरिया नियंत्रण सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि जिले की 19 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की जा चुकी हैं। जिलाधिकारी द्वारा सभी एमओआईसी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि मृत्यु उपरांत एम्बुलेंस के माध्यम से ही शवों को घर तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत ईएमटी एवं एम्बुलेंस ड्राइवर का चयन रैंडमाइजेशन के माध्यम से करना सुनिश्चित करें तथा ईएमटी का परीक्षा उपरांत ही लेवल जांच किया जाए एवं अनुभवी ईएमटी के द्वारा ही कार्य संचालित किया जाए।जिला पदाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें एवं आने वाले रोगियों की समुचित जांच कर उनका उपचार करें। मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अस्पताल में उपलब्ध सभी संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि अस्पताल में मरीजों को अधिक समय तक प्रतीक्षा न करनी पड़े, इसके लिए भव्या ऐप का शत-प्रतिशत उपयोग किया जाए। मरीज को दी जा रही दवाओं की प्रविष्टि भी सुनिश्चित की जाए।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी**/02/25/75, **दिनांकः** 22.12.2025, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **तालिका–क; क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैंः (1) **16251017;** सिंगल पोल वैक्यूम सर्किट ब्रेकर; रु.1,03,840; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 15.01.2026 को 13.30 बजे; (2) **10245029बी;** को–को बोगी; रु.1,48,680; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 08.01.2026 को 13.30 बजे; (3) **10251916;** सिलिंड्रिकल रोलर बेयरिंग का सेट; रु. 8,86,120; **निविदा खुलने की तिथि और समयः** 20.01.2026 को 13.30 बजे; (4) **16251059;** एच.डी राउंड कॉपर वायर 5 मिमी डाया; रु.3,66,290; (5) **08251021**; पॉलिमाइड कवर्ड कॉपर कंडक्टर बेयर; रु.7,16,730; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 06.01.2026 को 13.30 बजे(क्रम सं. 4 और 5 प्रत्येक हेतु);(6) **08255069;** विभिन्न प्रकार के ई–बीम केबल का सेट;रु. 3,87,660; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 09.01.2026 को 13.30 बजे; (7) **15255098ए**; 5000 एलपीएच क्षमता के ट्रांसफॉर्मर ऑयल फिल्ट्रेशन प्लांट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं आरंभ करना; रु.1,09,740; (8) **20252156बी**; नॉन एस्बेस्टस आधारित 'के' टाइप कम्पोजिशन ब्रेक ब्लॉक; रु.12,02,150; (9) **11251657ए**; एक्सल बॉक्स हाउसिंग फिनिश मशीन्ड का क्रय आदि; रु.3,57,370; **निविदा खुलने की तिथि और समयः** 12.01.2026 को 13.30 बजे (क्रम सं. 7, 8 और 9 प्रत्येक हेतु); (10) **08251671**; लोको के लिए केबल बंचिंग टाई का सेट; रु.1,22,580; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 28.01.2026 को 13.30 बजे; (11) **पीएससीस्लीपर8746**; चौड़े पीएससी स्लीपर–आरटी–8746 के क्रय के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट; रु. 50,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 16.01.2026 को 13.30 बजे; **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 11 प्रत्येक हेतु।

**शुद्धिपत्रः** निम्नलिखित निविदा के लिए जारी शुद्धिपत्र हेतु कृपया www.ireps.gov.in देखेंः 11251642ए नियत तिथि 05.01.2026;

**तालिका–ख; क्रम सं.; निविदा सं.; संक्षिप्त विवरण और अनुमानित निविदा मूल्य** निम्नानुसार हैंः(1) **52257677;** संलग्न कार्य परिधि के अनुसार वंदे भारत ट्रेन सेट के सीट कुशन के अपहोल्सट्री फैब्रिक की आपूर्ति एवं फिटमेंट। (प्रत्येक सेट इकोनॉमी क्लास के 1024 सीट और एग्जिक्यूटिव क्लास के 104 सीट से संलग्न है) 02 वंदे भारत ट्रेन सेट में से, एक सेट एमवी मोबिलिटी और एक सेट टाटा मेक का है; रु.1,94,70,000.00; **निविदा की अंतिम तिथिः** 09.01.2026; (2) **52257517;** एयर स्प्रिंग असेंबली कैपासिटी 140 केएन आरडीएसओ का स्पेसि आरडीएसओ/सीजी/एस/23002, रिव 01 जुलाई 2025; रु.52,86,400.00; (3) **52257666;** ड्रॉइंग नं. 1267463 ऑल्ट '00आर' के अनुसार ब्रेक बीम, सामग्री का स्पेसिफिकेशनः डीआईएन 1630–एसटी52.4.डीआईएन2448; रु.1,87,27,898.00; **निविदा की अंतिम तिथिः** 19.01.2026 (क्रम सं. 2 और 3 प्रत्येक हेतु)। **टिप्पणीः** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-58/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सरस मेला में नीरा से बने उत्पाद बटोर रही वाहवाही



## तीन दिनों में ही 2.25 करोड़ का हुआ कारोबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिना चीनी के भी मिठाइयां स्वादिष्ट हो सकती हैं, इस सोच को हकीकत में बदलकर दिखाया है गया जिले के बोधगया की जीविका दीदी पुष्पलता ने। नीरा से बनी लड्डू, पेड़ा और तिलकूट आज न सिर्फ बिहार, बल्कि देश-विदेश तक अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बीते 20 वर्षों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों की यह एक सशक्त मिसाल बनकर सामने आई है।

राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित बिहार सरस मेला में बोधगया की नीरा से बनी मिठाइयों का स्टॉल लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। स्टॉल पर हर दिन भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग न सिर्फ इन अनोखी मिठाइयों का स्वाद चख रहे हैं, बल्कि इनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी उत्सुकता से जानकारी ले रहे हैं। दीदी पुष्पलता के सहयोगी डब्लू बताते हैं कि आम तौर पर लोगों में यह भ्रांति रहती है कि नीरा नशीला होता है, जबकि वास्तविकता यह है कि नीरा पूरी तरह प्राकृतिक, पौष्टिक और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।

उन्होंने बताया कि जीविका दीदी की स्थायी दुकान गया जिले के बोधगया स्थित बौद्ध मंदिर के समीप संचालित होती है। सरस मेला के दौरान प्रतिदिन 10 से 20 हजार रुपये तक की बिक्री हो रही है। खास बात यह है कि यहां तैयार की जाने वाली सभी मिठाइयां बिना चीनी के होती हैं, जिससे मधुमेह रोगियों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों में इनकी मांग तेजी से बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं इस नवाचार से प्रभावित हो चुके हैं। 16 अप्रैल 2022 को मुख्यमंत्री ने बोधगया में दुकान पर पहुंचकर नीरा से बनी मिठाइयों का जायजा लिया था। जब दीदी पुष्पलता ने उन्हें बताया कि लड्डू, पेड़ा और तिलकूट चीनी की जगह नीरा से बनाए जाते हैं, तो मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना की। इसके बाद 21 जनवरी 2023 को भी मुख्यमंत्री ने दोबारा ऑफलाइन आकर प्रोडक्ट का अवलोकन किया और दीदी के प्रयासों को प्रोत्साहित किया।

नीरा से बनी मिठाइयों की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बोधगया आने वाले विदेशी सैलानी भी इन्हें अपने देश ले जाना पसंद करते हैं। थाईलैंड और जापान से आने वाले पर्यटक बड़ी संख्या में इन उत्पादों की खरीद करते हैं। यह स्थानीय हुनर और स्वदेशी उत्पादों की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।

उधर, बिहार सरस मेला ने भी इस वर्ष नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मेला शुरू होने के शुरूआती तीन दिनों में ही 2.25 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए 500 से अधिक स्टॉल आगंतुकों के लिए खास आकर्षण बने हुए हैं। यहां न सिर्फ पारंपरिक स्वाद और हस्तशिल्प देखने को मिल रहा है, बल्कि बिहार सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। कुल मिलाकर, नीरा से बनी मिठाइयों की यह पहल स्वाद, सेहत और स्वरोजगार का अनूठा संगम है। जीविका दीदी पुष्पलता की कहानी यह साबित करती है कि सही अवसर, नवाचार और मेहनत से स्थानीय उत्पाद भी वैश्विक पहचान हासिल कर सकते हैं।

# हर्ष फायरिंग में लगी गोली

**➩बर्थडे पार्टी में लग रहे थे ठुमके**

**➩पिस्टल बरामद नहीं, गिरफ्तार**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र अंतर्गत संभल टोला गांव में सोमवार की देर रात बर्थडे पार्टी में नाच के दौरान हर्ष फायरिंग की एक गंभीर घटना सामने आई है। फायरिंग के दौरान गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

जख्मी युवक की पहचान पीरो थाना क्षेत्र के संभल टोला वार्ड संख्या एक निवासी हरी सिंह यादव के 29 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार यादव के रूप में हुई है।जख्मी युवक को बाएं सीने के भाग में लगी है।

आनन-फानन में पहले इलाज के लिए पहले पीरो अनुमंडलीय अस्पताल और फिर आरा सदर अस्पताल लाया गया। बाद में पटना रेफर कर दिया गया। फिलहाल जख्मी की हालत गंभीर बताई जा रही है।वह रिश्ते में बच्चे का मामा लगता है। पुलिस एक आरोपित लाल बाबू यादव को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। हालांकि, हथियार बरामद नहीं हो सका है।

इधर, जख्मी युवक अखिलेश कुमार यादव ने बताया कि उनके भांजे, सहार थाना क्षेत्र के खैरा बाजार निवासी हरेराम यादव के तीन वर्षीय पुत्र लवकुश कुमार का तीसरा जन्मदिन, उनके घर यानी ननिहाल में मनाया जा रहा था।

जन्मदिन के मौके पर परिवार की ओर से डांस पार्टी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान परिवार के सभी सदस्य और ग्रामीण खाना खाने के बाद नाच देखने में जुटे हुए थे।

अखिलेश ने बताया कि वह खाना खिलाने के बाद साइड में खड़े होकर कार्यक्रम की व्यवस्था और विधि-व्यवस्था पर नजर रख रहे थे। इस दौरान एक युवक ने कमर से पिस्टल निकालकर नर्तकी को देखते हुए अचानक हर्ष फायरिंग शुरू कर दी।

फायरिंग के दौरान एक गोली सीधे अखिलेश के सीने में आ लगी। गोली लगते ही वे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

परिजन और ग्रामीणों की मदद से उसे तुरंत पीरो अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पीरो पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि एक आरोपित लाल बाबू यादव को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। कांड में प्रयुक्त हथियार बरामद नहीं हो सका है।

## 24 घंटे में 55 गिरफ्तार

**नवादा।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए चलाए गए विशेष अभियान में उल्लेखनीय सफलता मिली है। बीते दिन रविवार को जिले भर में की गई कार्रवाई के दौरान कुल 55 आरोपितों की गिरफ्तारी की गई, जबकि भारी मात्रा में देसी एवं अंग्रेजी शराब के साथ-साथ अवैध खनन, चोरी और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामलों में भी प्रभावी कार्रवाई हुई है।

पुलिस के अनुसार हत्या के प्रयास के मामलों में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत छह, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत नौ तथा अवैध खनन के मामलों में चार आरोपितों को हिरासत में लिया गया है। आर्म्स एक्ट के एक मामले में भी गिरफ्तारी दर्ज की गई, जबकि अन्य मामलों में 32 आरोपित पकड़े गए हैं। विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर कुल 138 लीटर देसी महुआ शराब और 1.875 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

# साल के अंतिम लोक अदालत में 41 मामलों का हुआ निस्तारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा की अध्यक्षता में वर्ष 2025 का अंतिम मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें सुलह -समझौते के आधार पर 41 मामलों का निस्तारण किया गया।

वहीं तीन लाख 97 हजार 300 रुपए का मामला सेटल हुआ। लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले आठ पीठों का गठन किया गया था। वही एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। पीठ संख्या तीन में विद्युत विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नव आभास कुमार व अधिवक्ता उत्तम कुमार कर रहे थे। पीठ में 30 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या चार में आपराधिक मामले का निस्तारण सीजेएम मनोरंजन कुमार व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे कर रहे थे । पीठ में नौ मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या सात में प्रिलिटिगेशन से संबंधित मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता व सदस्य महिमा श्रीवास्तव कर रहे थे।

इस पीठ में दो मामले का निस्तारण किया गया। वहीं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। इसमें अधिवक्ता पुष्कर राज व पीएलवी कृपा शंकर दुबे लोगों को मदद कर रहे थे। जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने बताया कि लोक अदालत में सुलझ समझौता के आधार पर मामले का निस्तारण किया गया।

मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छह राज कुमार मिश्रा, प्रथम अखिलेश कुमार, डालसा सचिव राकेश रंजन, जेएम शम्भू महतो, जेएम समीरा खान के अलावे अधिवक्ता वीणा मिश्रा, संतोष कुमार पांडेय, सतेंद्र कुमार सिंह, वीर विक्रम वक्स राय, नीतू सिंह, महिमा श्रीवास्तव के अलावे उत्पाद विभाग, वन विभाग के अधिकारी, कर्मी व दर्जनों वादकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने की सीएम नीतीश की तारीफ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर नालंदा पहुंचे। यहां उन्होंने नालंदा लिटरेचर फेस्टिवल 2025 का उद्घाटन किया। इस दौरान वह बिहार का विकास मॉडल देखकर चकित नजर आए और उन्होंने नीतीश सरकार के कामकाज की तारीफ की। उन्होंने कहा कि बिहार में बदलाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा, ३मैंने सुना है कि पहले (बिहार में) हालात अच्छे नहीं थे। अब सब कुछ अच्छा है। आजकल रास्ते अच्छे हैं, रात के समय लोग बाहर निकल रहे हैं और लोगों को बिजली-पानी मिल रहा है। मुझे अच्छा लग रहा है। उन्होंने आगे कहा, नालंदा विरासत की स्थली रही है। 20 साल पहले जब हमारे राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने कहा कि नालंदा को रिवाइव करना चाहिए, तो मैंने लिखा था कि हमें 21वीं शताब्दी में कुछ अच्छा करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि 20 साल बाद इस कैंपस को देखकर, लोगों से मिलकर और छात्रों से बातचीत करके मुझे बहुत खुशी हो रही है। नालंदा

**कहा बदल रहा बिहार**

यूनिवर्सिटी को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इसे केंद्र और राज्य दोनों सरकारों से पूरा समर्थन मिलना चाहिए।

लेखक व सांसद शशि थरूर ने पटना में बापू टावर संग्रहालय का भ्रमण किया। इस दौरान संग्रहालय के निदेशक विनय कुमार ने पुष्पगुच्छ, शाल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया। शशि थरूर ने बापू टावर की विभिन्न दीघाओं में प्रदर्शित ऐतिहासिक चित्रों, लघु फिल्मों एवं अन्य प्रदर्शनियों के माध्यम से महात्मा गांधी के जीवन और विचारों को जाना।

उन्होंने कहा कि बापू टावर एक विश्वस्तरीय म्यूजियम है। यहां गांधी जी के विचारों और उनकी जीवन यात्रा को लघु फिल्मों के माध्यम से प्रभावशाली और जीवंत ढंग से प्रस्तुत किया गया है। शशि थरूर ने कहा कि गांधी जी के जीवन दर्शन को समझने और जानने के लिए बापू टावर खास जगह है।

# डॉ कौशल ने पौधा दान व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित कर मनाया पोते का जन्मोत्सव

मेदिनीनगर (पलामू)। मेदिनीनगर शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन व जेएमपी परिसर में प्रो अरुण के पुत्र और डॉ कौशल के सुपौत्र जायसवाल अद्विक प्रताप देव के जन्मोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन केक काटकर किया गया। वहीं पर्यावरण भवन के आकाश बाग में पौधा रोपण कर देश-विदेश से पहुंचे अतिथियों को पौधा प्रदान कर उत्सव मनाया गया ।

जन्मोत्सव में नेपाल व भूटान सहित देश के दर्जनों राज्यों से पहुंचे हजारों अतिथियों ने बच्चे को अपना आशीर्वाद देकर उसे दीघार्यु होने की मंगल कामना की। इसी तरह ट्री मैन ऑफ इंडिया डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत शहर के दो नंबर टाउन में संचालित अनाथालय में बच्चों को अंग वस्त्र, भोजन व मिठाइयां खिलाकर उनके सुखद जीवन की कामना की। साथ ही डाली के मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित



किया गया। शहर स्थित पर्यावरण भवन पर आए ग्रामीण अतिथियों को कंबल दान करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जायसवाल अद्विक प्रताप देव के पिता प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल, माता कोमल जायसवाल, डाली पंचायत की मुखिया सह दादी पूनम जायसवाल, चाचा छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, शिल्पा जायसवाल के गांव से आए ग्रामीणों, महिलाओं के साथ दादी सह डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, गीता देवी, अल्पना देवी, आशा देवी, ममता देवी, अंजनी देवी, चिंता देवी, माधुरी देवी, मामी डॉ जयंती जायसवाल, मीनाक्षी देवी, बुआ ज्योति जायसवाल, खुशबू जायसवाल नीलू जायसवाल, नेहा नूपुर जायसवाल, सीमा देवी, रेणु देवी, किरण देवी, आरती देवी, संजू देवी,शीला देवी, लीला देवी नानी उषा देवी सुमन देवी, मौसी रुचि देवी, पूजा देवी, अंकिता देवी, रचना देवी, अंकिता देवी, रिचा देवी ने सोहर गीत गाकर बच्चे के उज्ज्वल भविष्य व दीघार्यु होने की मंगल कामना की। उक्त दो दिवसीय जन्मोत्सव में जायसवाल अद्विक प्रताप देव को फूफा रोहित जायसवाल, दीपक जायसवाल, गौतम जायसवाल मणिकांत प्रसाद, नाना सुरेंद्र जायसवाल , अशोक जायसवाल, मामा कुणाल जायसवाल, डॉ प्रिंस जायसवाल, दादा सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, मंटू जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, डॉ अजय जायसवाल, रामजी प्रसाद, ओम प्रकाश सिंह, चाचा निपेंद्र जायसवाल, निकु जायसवाल, सूरज जायसवाल, सुमित जायसवाल, सरोज प्रसाद, संजय प्रसाद, संजीव प्रसाद, प्रथम महापौर अरुण शंकर, कांग्रेसी नेता सोमेश्वर प्रसाद, दीपक लाल, भाजपा नेता विनोद सिंह, मुन्ना जायसवाल दुदुन सिंह, राजीव कुमार, प्रमोद यादव, सचिन पांडे, महेजर यादव, राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर यादव, राकेश रंजन, श्याम देव सिंह, मनोज विश्वकर्मा, श्यामदेव पासवान, सुभाष गुप्ता, मोती साव सहित नेपाल भूटान समेत देश के दर्जनों राज्यों से पहुंचे अतिथियों ने जायसवाल अद्विक प्रताप देव को आशीर्वाद दिया।

# विशेष अभिभावक शिक्षक बैठक में उपायुक्त आर रॉनिटा हुई शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री, झारखंड, मुख्य सचिव झारखंड सरकार तथा राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के निर्देश के आलोक में सरकारी विद्यालयों में तृतीय त्रैमास में बच्चों के गुणवत शिक्षा एवं उपस्थिति में सुधार हेतु विद्यालय स्तर पर जन प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में नामांकन की स्थिति, छात्र उपस्थिति, शिक्षक उपलब्धता, मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा बोर्ड की परिणाम एवं पी.एम. पोषण अच्छादन के आधार पर जिले के 20 उच्च प्रदर्शन करने वाले एवं 20 निम्न प्रदर्शन करने वाले आंकाक्षी विद्यालयों में विशेष अभिभावक शिक्षक बैठक (पीटीएम) आयोजित करने का निर्देश प्राप्त है।

इसी क्रम में आज उपायुक्त आर० रॉनिटा ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स खूंटी में आयोजित पीटीएम में शामिल हुईं। आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से सीधे संवाद कर पठन-पाठन




में आ रही समस्याओं, एवं दी जा रही सरकारी सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान विशेष रूप से अंग्रेजी विषय के पठन-पाठन को लेकर सामने आई समस्याओं पर उन्होंने संबंधित शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अन्य विषयों से संबंधित शैक्षणिक समस्याओं का भी मौके पर ही समाधान कराया गया। बच्चों से संवाद कर उपायुक्त ने उन्हें पठन पाठन हेतु प्रोत्साहित किया।उपायुक्त ने विद्यालय में संचालित पीएम पोषण योजना के अंतर्गत बच्चों को दिए जा रहे मिड-डे-मील की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। साथ ही विद्यालय परिसर में विकसित किचन गार्डन का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्धारित मेनू के अनुरूप पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराने तथा किचन गार्डन के समुचित रख-रखाव हेतु संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक, विद्यालय के शिक्षकगण, छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि उपायुक्त के निर्देशानुसार विशेष अभिभावक शिक्षक बैठक के तृतीय चरण के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों– उप विकास आयुक्त ने डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्ससिलेन्स खूँटी, अनुमंडल पदाधिकारी ने जीयूएमएस डूमरदग्गा, समेत अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा जिले के विद्यालयों का भ्रमण कर विद्यालयों में आयोजित पीटीएम, शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य व्यवस्थाओं का अनुश्रवण किया गया। इस दौरान विद्यालय में बेहतर अटेंडेंस, अच्छे मार्क्स एवं अन्य मानकों के आधार पर छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया।

## अपराध की योजना बनाते दो धराये

**हाजीपुर।** जंदाहा। थाना क्षेत्र की पुलिस ने थाना क्षेत्र के रामपुर चकलाला गांव स्थित एक बगीचा में आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे एक बाइक सवार दो अंतरजिला बदमाश को एक लोडेड देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए बदमाश की पहचान समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी थाना के शाहपुर उंडी निवासी विनय कुमार राय के पुत्र अनीश कुमार उम्र करीब 21 वर्ष एवं शाहपुर पटोरी थाना के बहादुरपुर पटोरी निवासी राम जतन राय के पुत्र रघुनाथ कुमार उम्र करीब 22 वर्ष के रूप में की गई है।

गिरफ्तार किए गए रघुनाथ कुमार के जैकेट के अंदर बनाए हुए पॉकेट में छुपा कर रखा एक लोडेड देसी कट्टा बरामद किया गया है। वहीं बगैर नंबर प्लेट की एक स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद की गई है। इस मामले में थानाध्यक्ष मनोज कुमार की ओर से कराई गई प्राथमिकी में अनीश कुमार एवं रघुनाथ कुमार को आर्म्स एक्ट के तहत नामजद आरोपी बनाया गया है।

# किसानों की बढ़ी मुश्किलें

**धान क्रय में लक्ष्य हुआ कम**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** किसानों से धान खरीद के लक्ष्य में सरकार ने इस बार बड़ी कटौती की है, जिससे जिले के किसानों की चिंता बढ़ गई है। पिछले वर्ष बक्सर जिले के लिए धान खरीद का लक्ष्य एक लाख 77 हजार 229 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया था, लेकिन इस वर्ष इसे घटाकर एक लाख 28 हजार 796 मीट्रिक टन कर दिया गया है। लक्ष्य में करीब 48 हजार मीट्रिक टन की कटौती से साफ है कि सरकारी खरीद का दायरा इस बार सीमित रहेगा।

सरकार के इस फैसले का सीधा असर जिले के पैक्सों (प्राथमिक कृषि साख समितियों) पर पड़ेगा। पैक्सों के माध्यम से होने वाली धान खरीद में कमी आएगी, जिससे कई किसानों को सरकारी दर पर धान बेचने का मौका नहीं मिल पाएगा। मजबूरन किसानों को खुले बाजार का रुख करना पड़ेगा, जहां इस समय धान का मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम चल रहा है। इस साल मौसम की मार ने भी किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कहीं अनियमित वर्षा तो कहीं सूखे जैसी स्थिति के कारण फसल की पैदावार प्रभावित हुई है।

ऊपर से लागत मूल्य में लगातार बढ़ोतरी होने से किसान पहले ही आर्थिक दबाव में हैं। ऐसे में सरकारी खरीद लक्ष्य में कटौती ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि यदि खरीद का लक्ष्य कम रहेगा तो छोटे और सीमांत किसानों को सबसे अधिक नुकसान होगा।

पैक्सों में सीमित खरीद होने से उन्हें अपना धान औने-पौने दाम पर बिचौलियों को बेचना पड़ेगा। किसान संगठनों ने सरकार से मांग की है कि खरीद लक्ष्य पर पुनर्विचार किया जाए और अधिक से अधिक धान की सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रमा राम ने बताया कि इस बार एक लाख 28 हजार टन धान खरीद का लक्ष्य मिला है।

# कांग्रेसी नेता लक्ष्मी नारायण तिवारी ने किया कंबल वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर (पलामू)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ने चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत पलामू जिले के अत्यंत सुदरवर्ती क्षेत्र रामगढ़ प्रखण्ड के उलदण्डा पंचायत मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने ढुलुआ गांव में मुखिया राजकुमारी देवी, उनके पति महेंद्र प्रसाद, कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष अमरेश प्रसाद के साथ कंबल वितरण किया। उन्होंने बाघी, सरजा, मुसुरमु, सेरका बानालात व उलदण्डा के अति निर्धन, गरीब आदिम जनजाति कोरवा व परहिया आदिवासियों व अल्पसंख्यक समुदाय को कड़कड़ाती ठंड व सर्द हवाओं के बीच कंबल ओढ़ाया। उन्होंने गांव के मुनरवा कुंअर, सुखाड़ी भुईयां, बजरु कोरवा, फागुन नायक, इस्राफील अंसारी, केश्वर भुइहर के अलावा पचास लोगों के बीच कंबल वितरित किया। कंबल वितरण कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण तिवारी के साथ जिला उपाध्यक्ष अमरेश कुमार पाण्डेय व विद्या सिंह चेरो शामिल थे। कांग्रेसी नेता लक्ष्मी नारायण तिवारी ने कहा कि गरीबों के लिए कुछ करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। वे गरीबों में ही नारायण को देखते हैं। कहा कि चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत वे लगातार अत्यंत गरीब, पिछड़े समुदायों व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करेंगे।

## फर्जी दारोगा गिरफ्तार

**कटिहार।** जिले के चर्चित फर्जी पुलिस कांड में फरार आरोपित ब्रजेश कुमार को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जिस ब्रजेश को पूर्णिया पुलिस सात महीने से स्मैक तस्करी मामले में तलाश रही थी, वही कटिहार के फलका क्षेत्र में फर्जी दारोगा बनकर वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। जांच में सामने आया है कि ब्रजेश पूर्णिया जिले के टीकापट्टी थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त है और अप्रैल माह से फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पूर्णिया पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी, लेकिन इस बीच वह फलका थाना के संविदा चालक अमन कुमार के साथ खुलेआम घूमता रहा। छुट्टी पर रहे चालक अमन कुमार के साथ मिलकर ब्रजेश ने मोरसंडा गांव में किराना दुकानदार मो. राहिल को प्रतिबंधित कोडीन सिरप के नाम पर अगवा करने का प्रयास किया। ग्रामीणों की सतर्कता से तीन आरोपित मौके पर धर लिए गए, लेकिन शातिर ब्रजेश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। गिरफ्तार अमन ने खुलासा किया कि चांदपुर दियारा निवासी ब्रजेश ने ही लोकेशन दी थी और प्रतिबंधित कोडीन सिरप की बड़ी खेप आने की झूठी सूचना देकर पूरी साजिश रची थी।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**➩ सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक व कर्मी का विदाई सह सम्मान समारोह ➩विधायक व विधान पार्षद की रही मौजूदगी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा/एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड के नवादा गांव स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक विद्यासागर विद्यार्थी व सेवानिवृत्त आदेशपाल कमल कुमार सिंह उर्फ पहाड़ सिंह के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नव-निर्मित भवन का भी उद्घाटन किया गया। समारोह का आयोजन प्रभारी प्रधानाध्यापक हरदन बाबू सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह आयोजन में विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरदन बाबू सिंह, शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मचारी क्रमशः सुनील कुमार सिंह, अजय कुमार पाठक, निपुण झा, सोनम मिश्रा, मयंक कुमार सिंह, बालक साहनी, आलोक पाठक, गोपाल राम, अभिषेक यादव, सत्यकेश कुमार आदि ने अपनी भागीदारी निभाई। विद्यालय परिसर में सुबह से ही उत्सव का माहौल रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एकमा विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह व सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र नारायण यादव शामिल हुए। दोनों जनप्रतिनिधियों की गौरवमयी मौजूदगी रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक विद्यासागर विद्यार्थी, एचएम हरदन बाबू सिंह, नवल किशोर सिंह उर्फ दादाजी, अर्जुन सिंह, मनोज कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह व अनिल कुमार सिंह शामिल हुए।

दीप प्रज्वलन के बाद नव-निर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ




धूमल सिंह, विधानपार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव व प्रभारी प्रधानाध्यापक हरदन बाबू सिंह के कर-कमलों द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न हुआ। उद्घाटन के अवसर पर एकमा व मांझी प्रखंडों के प्रधानाध्यापक व शिक्षक मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से विद्यासागर विद्यार्थी, सारिका द्विवेदी (एकमा), सुनीता कुमारी (छित्रवलिया), जितेंद्र कुमार (बेनौत), शेषनाथ सिंह (घुरापाली), राजकुमार शर्मा, मदनसाठ व इंदु देवी (हंसराजपुर) शामिल रहे। सैकड़ों शिक्षकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।विधायक, विधान पार्षद व विद्यालय प्रशासन द्वारा सेवानिवृत प्रधानाध्यापक विद्यासागर विद्यार्थी व आदेशपाल कमल कुमार सिंह उर्फ पहाड़ सिंह को पुष्पमाला, अंगवस्त्र, बुके व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी ने दोनों के दीघार्यु, स्वस्थ्य व मंगलमय भविष्य की कामना की।

विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह व विधान पार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि समाज को ऐसे शिक्षक व कर्मी की हमेशा आवश्यकता रहेगी। उन्होंने कहा कि हम इन्हें विदा करने नहीं, सम्मान देने आए हैं। विद्यालय व समाज को इनके अनुभव और मार्गदर्शन की निरंतर जरूरत रहेगी। विद्यासागर विद्यार्थी ने अपने कार्यकाल में सदैव छात्रों व शिक्षकों के हित में काम किया है। दोनों जनप्रतिनिधियों ने सेवानिवृत कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा जगत में उनका अनुभव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

### एग्री उड़ान 8.0 के तहत पटना में उद्योग, स्टार्ट-अप्स एवं निवेशकों के साथ कॉन्फ्रेंस आयोजित

# कृषि रोड मैप से बिहार की खेती को मिली नई दिशा : पंकज कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एसोसिएशन फॉर इनोवेशन डेवलपमेंट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप इन एग्रीकल्चर, आईसीएआर- नेशनल एकेडमी ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च मैनेजमेंट, हैदराबाद द्वारा संचालित एग्री उड़ान 8.0 फूड एंड एग्रीबिजनेस एक्सेलेरेटर के अंतर्गत चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना में आज उद्योग, स्टार्ट-अप्स एवं निवेशकों के साथ एक महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि एवं एग्रीबिजनेस क्षेत्र में नवाचार, निवेश और सहयोग को प्रोत्साहित करना तथा बिहार की कृषि संभावनाओं को राष्ट्रीय मंच से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास के लिए निरंतर मंथन एवं नवाचार की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सही जानकारी, नई तकनीकों और बाजार से जुड़ाव के माध्यम से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। प्रधान सचिव ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा लागू कृषि रोड मैप के माध्यम से राज्य की कृषि को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने दलहन एवं तिलहन (ऑयल सीड) क्षेत्र में अपार संभावनाओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि इन फसलों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देकर राज्य आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि क्षेत्र में बिहार को तकनीक और सहभागिता के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बिहार की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों को फलों की खेती के लिए अत्यंत अनुकूल बताते हुए कहा कि आम, लीची जैसे फलों में राज्य के पास राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी संभावनाएं हैं। खाद्य प्रसंस्करण से इन्हें जोड़कर किसानों को बेहतर मूल्य और रोजगार के नए अवसर प्रदान किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विगत 20 वर्षों में बिहार के कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और अब समय है कि राज्य के युवा ऊर्जा और नवाचार के साथ कृषि से जुड़ें। राष्ट्रीय स्तर की कृषि गतिविधियों, स्टार्ट-अप्स और निवेश को बिहार में लाया जाए तथा नई तकनीकों के माध्यम से उत्पादन और उत्पादकता को और बेहतर बनाया जाए। युवाओं को कृषि के साथ जोड़ने के लिए एग्री स्टार्ट-अप्स एक बेहतर प्लेटफार्म है। उल्लेखनीय है कि एग्री उड़ान आईसीएआर-नार्म की एक प्रमुख पहल है जिसे नाबार्ड का सहयोग प्राप्त है, अपने 8वें संस्करण में यह फूड एवं एग्रीबिजनेस एक्सेलेरेटर कार्यक्रम नवाचार आधारित स्टार्ट-अप्स को मार्गदर्शकों, निवेशकों और उद्योग भागीदारों से जोड़ने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है।

# बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर अत्याचार की घटनाओं पर प्रेम सागर की कड़ी प्रतिक्रिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता प्रेम सागर ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इन घटनाओं की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा, लूटपाट, मंदिरों को निशाना बनाए जाने और महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं न केवल मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हैं, बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। प्रेम सागर ने कहा कि बांग्लादेश में घटित हो रही ये घटनाएं किसी भी सभ्य समाज के माथे पर कलंक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी लोकतांत्रिक और संवैधानिक देश में धर्म के आधार पर नागरिकों को प्रताड़ित करना पूरी तरह अस्वीकार्य है। केवल धार्मिक पहचान के कारण हिंदू समुदाय को निशाना बनाना घोर निंदनीय है और इस पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अल्पसंख्यकों के घरों, दुकानों और धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, वह यह दर्शाता है कि वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। ऐसी घटनाएं न सिर्फ बांग्लादेश की आंतरिक स्थिति को कमजोर करती हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए भी खतरा पैदा करती हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रेम सागर ने मांग की कि बांग्लादेश सरकार तत्काल प्रभाव से इन घटनाओं पर रोक लगाए। उन्होंने कहा कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उनका कहना था कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं जिसका असर पड़ोसी देशों पर भी पड़ेगा। प्रेम सागर ने यह भी कहा कि भारत हमेशा से 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना में विश्वास करता आया है और हर प्रकार के अन्याय, शोषण और अत्याचार के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहा है। भारतीय जनता पार्टी पीड़ित हिंदू समुदाय के साथ पूरी दृढ़ता से खड़ी है और उनके मानवाधिकारों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाने की मांग करती है। अंत में उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सरकार को यह समझना होगा कि धार्मिक सहिष्णुता और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा ही किसी भी राष्ट्र की असली पहचान होती है। ऐसी अमानवीय घटनाओं पर तत्काल रोक लगाना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने की राजवंशी नगर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना

### बिहार राज्य धार्मिक न्याय पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को पहुचने पर अपने काफिले के साथ राजवंशी नगर बेली रोड स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान पटना हवाई अड्डे से मिलर स्कूल मैदान जा रहा श्री नवीन का काफिला राजवंशी नगर पंचरूपी हनुमान मंदिर के पास रूका और उन्होंने उपमुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा व प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के साथ उतरकर हनुमान जी की पूजा अर्चना की। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ्रके अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो रणबीर नंदन ने श्री नवीन का फूल माला व चादर देकर स्वागत किया। इस मौके पर श्री नवीन ने कहा कि हनुमान जी कलियुग के देवता हैं और जो सच्चे मन से इनकी पूजा करता है वे उनके दुख हर लेते हैं और उसका परिवार के साथ कल्याण करते हैं। इस मौके पर विधायक संजीव चौरसिया,मंदिर न्यास के सदस्य आलोक कुमार एवं प्रेम कुमार के साथ भाजपा नेता अजीत कुमार मौजूद रहे।

# देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल के तहत 23 दिसंबर 2025 को बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और भावी शिक्षकों में प्रकृति के प्रति दायित्वबोध को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के दौरान बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संधारणीय विकास की प्राप्ति के लिए पर्यावरण का संरक्षण अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए बिना विकास की कल्पना संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षुओं से पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेने का आहवान किया।

पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षुओं द्वारा औषधीय पौधों में अश्वगंधा, शंखपुष्पी, लेमनग्रास, एलोवेरा, तुलसी और पुदीना लगाए गए। इसके अतिरिक्त पर्यावरणीय संतुलन और सौंदर्य को ध्यान में रखते हुए एरीकापाम, गेंदा और गुलदाउदी जैसे सजावटी पौधों का भी रोपण किया गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को पर्यावरण संरक्षण की वैज्ञानिक, सामाजिक और नैतिक महत्ता से अवगत कराया गया तथा उन्हें उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या पूनम वर्मा, सभी सहायक अध्यापक और अध्यापिकाएं, बिहार विद्यापीठ के संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण तथा ए.आई.सी. के मुख्य परिचालन अधिकारी प्रमोद कुमार कर्ण ने भी पौधारोपण कर सहभागिता की। पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन सहायक प्राध्यापक रजनी रंजन द्वारा किया गया। यह आयोजन यह संदेश देता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सामूहिक जिम्मेदारी है।

# रेलकर्मी ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में एक रेलकर्मी ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभाग को प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर दोस्ती न बढ़ाएं : सिटी एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** डिजिटल युग में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों के खतरे को देखते हुए कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट एंड साइंस पटना में एक वृहद साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रेम यूथ फाउंडेशन के माध्यम से पटना साइबर थाना द्वारा किया गया जिसमें पटना साइबर क्राइम के सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह के साथ-साथ पटना साइबर सिक्योरिटी की पूरी टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम में कॉलेज के बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और साइबर अपराध जैसे गंभीर व समसामयिक विषय पर गहन संवाद किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को यह समझाना था कि साइबर अपराध केवल तकनीक से नहीं, बल्कि डर और लालच जैसी मानवीय कमजोरियों का फायदा उठाकर अंजाम दिए जाते हैं। साइबर सेल की टीम के उन सदस्यों ने, जो प्रतिदिन जमीनी स्तर पर साइबर अपराध से जुड़ी चुनौतियों से जूझते हैं, अपने वास्तविक अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आम नागरिक, विशेषकर युवा वर्ग थोड़ी सी असावधानी के कारण साइबर ठगों के जाल में फंस जाते हैं और किस तरह समय रहते सतर्कता बरतकर बड़े आर्थिक और मानसिक नुकसान से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया कि सतर्कता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। छात्रों को मोबाइल और कंप्यूटर सिस्टम को नियमित रूप से अपडेट रखने, एंटीवायरस के माध्यम से लगातार स्कैन करने, अनजान एपीके फाइल या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, प्राइवेसी और एडवांस सिक्योरिटी फीचर्स को ऑन रखने तथा सुरक्षित ब्राउजिंग आदतें अपनाने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि भले ही वॉच हिस्ट्री बंद कर दी जाए, फिर भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गतिविधियों की निगरानी संभव है क्योंकि आज के दौर में डेटा ही सबसे बड़ा ईंधन बन चुका है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आवाज दबा रही ममता सरकार: मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री तथा पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने कोलकाता में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के विरोध प्रदर्शन पर हुए पुलिस लाठीचार्ज को लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और एक हिंदू युवक की निर्मम मॉब लिंचिंग के खिलाफ उठी आवाज को ममता बनर्जी सरकार ने बल प्रयोग से कुचलने का काम किया है जो पूरी तरह निंदनीय है। श्री पांडेय ने कहा कि कोलकाता में बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमीशन के पास वीएचपी द्वारा किया गया प्रदर्शन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक था। प्रदर्शनकारियों की एकमात्र मांग थी कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे हमलों को रोका जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, लेकिन राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस ने बैरिकेडिंग के नाम पर निर्दोष कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया जिसमें कई लोग घायल हुए। उन्होंने सवाल किया कि क्या हिंदुओं की पीड़ा पर बोलना अब पश्चिम बंगाल में अपराध बन गया है? श्री पांडेय ने कहा कि बांग्लादेश में मंदिरों पर हमले, हिंदू परिवारों को डराने-धमकाने और मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

# माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण: जीवमंडल के लिए एक खतरा पुस्तक का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता तथा मुख्य अतिथि प्रो0 रमाशंकर दुबे पूर्व कुलपति गुजरात केंद्रीय विश्विवद्याल द्वारा बॉटनी विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 अंकित कुमार सिंह व उनके अनुसन्धान सहयोगियों द्वारा सम्पादित पुस्तक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषणः जीवमंडल के लिए एक खतरा का विमोचन किया गया। डॉ. सिंह एवं उनके सहयोगियों में दिल्ली विश्विवद्यालय के डॉ. विजय कुमार, डॉ. प्रदीप सिंह एवं डॉ0 शैलेन्द्र कुमार की किताब स्प्रिंगर नेचर प्रकाशन से प्रकाशित हुई है, स्प्रिंगर नेचर एक विश्व-प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन समूह है जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा और मानविकी के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की शोध सामग्री प्रकाशित करता है। यह संस्था शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को वैश्विक स्तर पर ज्ञान साझा करने का मंच प्रदान करती है। इसका मुख्यालय स्वीटजरलैंड में है। किताब विमोचन में सभी के समक्ष जानकारी साझा की गई। किताब में भारत के प्रतिष्ठित संस्थान बी.एच.यू, डी.यू., इलाहाबाद विश्विवद्यालय तथा आईसीएआर-आईएआरआई नई दिल्ली एवं विदेशों से अमेरिका, इटली, श्रीलंका, स्कॉटलैंड, इजिप्ट, इंडोनेशिया आदि देशों के कई प्रतिष्ठित विश्विवद्यालयों के वैज्ञानिक, प्रोफेसर्स एवं रिसर्च स्कॉलर्स के चैप्टर सम्मिलित किए गए हैं।

# चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का करें निर्वहन : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों, सेवाओं, योजनाओं आदि की प्रगति को लेकर मासिक समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं स्वास्थ्य प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिया की ई सी जी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, पैथोलॉजी आदि की सुविधा आवश्यकता अनुसार सभी मरीजों को देना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार के द्वारा सारी सुविधा प्रदान की गई है जिसे बेहतर उपयोग करना सुनिश्चित करें।

# किसानों की मजबूती और समृद्धि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय किसान दिवस एवं किसान मेलाका दीप प्रज्वलन कर भव्य उद्घाटन किया। इस वर्ष मेले की थीम–अनुसंधान से आत्मनिर्भरता की उड़ानः समृद्ध कृषि, सशक्त किसान–कृषि अनुसंधान, नवाचार और किसान सशक्तिकरण के प्रति देश की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से रेखांकित करती है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी नवाचार की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने किसानों तक उन्नत बीज, नवीन तकनीक और आधुनिक कृषि पद्धतियों की समयबद्ध पहुंच को आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। ऐसे आयोजनों से वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है जिससे शोध की उपलब्धियां खेतों तक प्रभावी ढंग से पहुंचती हैं। मंत्री ने कहा कि पूर्वी भारत, विशेषकर बिहार, कृषि की अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है–यहां की उपजाऊ भूमि, मेहनतकश किसान और समृद्ध परंपरा राज्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं।

# सुषमा शुक्ल की पुस्तक 'गुल्लक भर आखर' का विधानपरिषद सभागार में लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आकाशवाणी पटना की मशहूर उदघोषिका सुषमा शुक्ला रचित कविता संग्रह 'गुल्लक भर आखर' का लोकार्पण मंगलवार को विधानपरिषद के उपसभापति रामवचन राय ने 'विधानपरिषद सभागार' में ने किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध लेखक भगवती प्रसाद द्विवेदी, दिव्यांग जनों के लिए खास सेवा करने वाले समाजसेवी पद्मश्री विमल जैन, नाटककार, कथाकार नरेन्द्र नाथ पांडेय, शिक्षाविद अनिता राकेश और लेखक ऋषिकेश सुलभ मंच पर विराजमान थे। कार्यक्रम की शुरुआत कवियित्री अनुराधा प्रसाद की सरस्वती वंदना से हुई। स्वागत भाषण करते हुए पूर्व विधानपार्षद किरण घई ने कहा कि सुषमा जी की कविताओं के केंद्र में स्त्री है जो जिंदगी के अलग-अलग पहलुओं की प्रतिनिधि है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद रामवचन राय ने कहा कि सुषमा जी के करीब छह दशकों का अनुभव इस गुल्लक में भरा हुआ है। इस संग्रह की कवितायें जीवंत हैं। अपने स्वर से लोगों को मुग्ध करने वाली इस उदघोषिका ने अपनी विनम्र कविताओं से चकित कर दिया है। कथाकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि संग्रह की कवितायें संघर्ष और जिजीविषा की अदभुत उदाहरण हैं। कथाकार ऋषिकेश सुलभ ने कहा कि पितृसत्तात्मक समाज में सुषमा जी की कवितायें स्त्री का स्वर बन कर आई हैं। कार्यक्रम का संचालन जानेमाने लेखक और रंगकर्मी डॉ किशोर सिन्हा ने किया। इस अवसर पर लेखिका के पुत्र परितोष शुक्ला, पुत्रवधू सारिका शुक्ला, पुत्री तूलिका और दामाद विवेक दीक्षित मौजूद थे।

# एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर रिपोर्ट का पहला संस्करण किया जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने अपनी पहली स्टैंडअलोन सालाना सीएसआर रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की जिसमें बैंक के अंब्रेला प्रोग्राम, परिवर्तन के ज़रिए सामाजिक प्रभाव की एक दशक लंबे सफर को दिखाया गया है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहलों पर 1,068.03 करोड़ रुपए खर्च करने की रिपोर्ट पेश की है जो पिछले साल की तुलना में लगभग 123 करोड़ रुपए ज्यादा है। बैंक ने सीएसआर कार्यक्रमों में कुल मिलाकर, 31 मार्च, 2025 तक 6,176 करोड़ रुपए का निवेश किया है। पिछले वित्तीय वर्ष में परिवर्तन के 10 साल भी पूरे हुए जिसके तहत एचडीएफसी बैंक ने 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में 10.56 करोड़ लोगों के जीवन को छुआ है।

# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय एवं गांधी फेलोशिप के बीच एमओयू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** छात्रों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण लर्निंग तथा करियर के नए अवसरों के विस्तार की दिशा में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की है। विश्वविद्यालय की नवगठित प्लेसमेंट टीम के सतत प्रयासों से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और देश की प्रतिष्ठित गांधी फेलोशिप के बीच एक सफल समझौता ज्ञापन एमओयू संपन्न हुआ है। इस एमओयू के पश्चात पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं के लिए गांधी फेलोशिप में चयन की प्रक्रिया और अवसर पहले की तुलना में कहीं अधिक सुलभ एवं सशक्त हो जाएंगे। गौरतलब है कि गांधी फेलोशिप की शुरुआत वर्ष 2007-2008 में अपने पहले बैच के साथ हुई थी। निरंतर 18 वर्षों की सफल यात्रा के बाद अब इस वर्ष फेलोशिप के 19वें बैच के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

## संपादकीय

# मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा उनका भविष्य क्या होगा?

बिहार की तर्ज पर अब अन्य राज्यों में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि बड़ी संख्या में लोगों के नाम इस सूची से हटाए जाने की आशंका है। चुनाव आयोगकी ओर से हाल में जारी मसौदा सूची में तमिलनाडु में 97.40 लाख और गुजरात में 73.73 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। लोगों को मतदाता सूची से बाहर रखने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें समय पर आवश्यक दस्तावेज दर्ज न कराना भी शामिल है। अंतिम सूची जारी होने से पहले ऐसे लोगों को अपनी आपत्तियां और दावे पेश करने का मौका दिया जाएगा और संभव है कि कई मतदाताओं के नाम फिर से जुड़ जाएंगे। मसौदा सूची के आंकड़ों पर गौर किया जाए, तो उससे यही लगता है कि नाम दर्ज कराने के आखिरी अवसर के बाद भी बड़ी संख्या में लोगइस सूची से बाहर रह जाएंगे। सवाल है कि अगर इन लोगों के पास मतदान की पात्रता नही है, तो पहले इनका नाम क्यों और कैसे मतदाता सूची में था? बिहार में एसआइआर की प्रक्रिया को लेकर सबसे पहले पहचान पत्र के मसले पर विवाद पैदा हुआ था। चुनाव आयोगने आधार कार्ड को नागरिकता का पहचान पत्र मानने से इनकार दिया था। बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर आधार को पहचान पत्र के दस्तावेजों में शामिल किया गया। बिहार में भी मसौदा सूची में करीब पैंसठ लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे। हालांकि बाद में उसमें कई नाम जोड़े गए, इसके बावजूद अंतिम सूची में करीब सैंतालीस लाख लोगमतदाता सूची से बाहर हो गए। शीर्ष अदालत ने इस पर सूची से हटाए गए लोगों का कारण सहित विस्तृत ब्योरा मांगा। यही स्थिति अब अन्य राज्यों में भी देखने को मिल रही है। इस सबके बीच विशेष पुनरीक्षण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और चुनाव आयोगकी विश्वसनीयता को भी कसौटी पर कसा जा रहा है। पश्चिम बंगाल में तो मसविदा सूची से हटाए गए लोगों का सत्तारूढ़ दल ने अपने स्तर पर सत्यापन करने की मुहिम शुरू कर दी है। ऐसे में यह सवाल महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि आखिर चुनाव आयोगपर आम लोगों और राजनीतिक दलों का भरोसा क्यों डगमगाने लगा है? इसमें दोराय नहीं है कि चुनावी प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन कर अपात्र लोगों या मृतकों के नाम हटाए जाने जरूरी है। मगर इस प्रक्रिया में पारदर्शिता का पैमाना भी उतना ही आवश्यक है, ताकि न तो किसी के मन में कोई आशंका रहे और न ही कहीं से कोई सवाल उठने की गुंजाइश बचे। यह चुनाव आयोगकी प्राथमिक जिम्मेदारी है कि अगर किसी को कोई आशंका हो, तो उसका तत्काल निराकरण किया जाए। ऐसा न होने पर आयोगकी विश्वसनीयता पर अंगुली उठना स्वाभाविक है। एक अहम सवाल यह भी है कि जिन लोगों को मतदाता सूची से बाहर कर दिया जाएगा, उनका भविष्य क्या होगा? क्या वे देश के नागरिक बने रहेंगे या नहीं, क्योंकि देश के हर नागरिक को मतदान का अधिकार है और जब उनका यही अधिकार खत्म हो जाएगा, तो उनकी नागरिकता पर भी देर-सवेर सवाल उठेगा ही।

# दिल्ली में नहीं चलेगा चाइनीज प्लान, पेइचिंगने वायु प्रदूषण पर नियंत्रण पाया, हमारी चुनौतियां अलग

**आर्थिक लागत - कई बातें भारत नहीं कर सकता, जैसे पेइचिंगकी तरह 3000 भारी उद्योगको कहीं और शिफ्ट करना। इससे पूरे इलाके में उद्योगनहीं बचेगा। आर्थिक रूप से ऐसा कदम बहुत नुकसानदायक है। इससे सामाजिक अस्थिरता पैदा होगी। अगला बड़ा सवाल लागत का है। सही आंकड़े तो नहीं पता, लेकिन इतना तय है कि पेइचिंगने साफ हवा के लिए अरबों डॉलर खर्च किए हैं। भारत के लिए यह संभव नहीं। अलगचुनौतियां - दिगी के सामने ऐसी कई चुनौतियां हैं, जो पेइचिंगके सामने नहीं थीं, मसलन पराली जलाने की समस्या। इसी तरह, 2000 के दशक में ही चीन के ज्यादातर घरों में गैस इस्तेमाल होने लगी थी। वहीं, दिगी-एनसीआर में प्रदूषण की एक वजह खाना पकाने के लिए बायोमास का इस्तेमाल भी है। फिर दिगी में लाखों छोटे उद्योग-धंधे हैं, जिन्हें क्लीन एनर्जी पर शिफ्ट करने के लिए सहायता देनी चाहिए। कुल मिलाकर, पेइचिंगऔर दुनिया के कई दूसरे शहरों से दिगी बहुत कुछ सीख सकती है,**

**( अभिषेक पाण्डेय )**



दिल्ली के वायु प्रदूषण पर चीन के सुझावों को लेकर शोधकर्ताओं ने पेइचिंगमॉडल का अध्ययन किया है। चीन ने कम समय में वायु गुणवत्ता में सुधार किया है। भारत को चीन के अनुभवों से सीखना चाहिए, लेकिन अपनी परिस्थितियों के अनुसार समाधान खोजना होगा। पेइचिंगमॉडल की नकल भारत में संभव नहीं है।

दिल्ली के प्रदूषण को लेकर सोशल मीडिया पर आजकल खूब चुटकी ली जा रही है। चीनी दूतावास की एक प्रवक्ता का हालिया ट्वीट भी ऐसा ही है। उन्होंने कहा कि पेइचिंगको जिन तरीकों से वायु प्रदूषण से मुक्ति मिली, वे तरीके वह दिगी को बता सकती हैं। मगर यह बिना मांगे और बेकार का सुझाव है। अधूरी सूचना - मैंने और भारत के कई दूसरे रिसर्चर्स ने भी पेइचिंगके प्रदूषण और उसमें आई कमी को देखा है। हमने 'पेइचिंगमॉडल' का अध्ययन किया है। इसकी कामयाबी और सीमाओं को समझा है। सबसे पहले तो यह मानना जरूरी है कि चीन से आने वाली सूचना कभी पूरी नहीं होती और उस पर सख्त सरकारी नियंत्रण होता है।

जवाब चाहिए - पेइचिंगके बारे में जानकारी नहीं मिलती कि प्रदूषण नियंत्रण पर उसे कितना पैसा खर्च करना पड़ा। प्राइवेट सेक्टर पर कैसी जिम्मेदारी डाली गई? प्रदूषण कम करने के लिए नियमों का पालन कैसे कराया गया और इन सबकी सामाजिक लागत क्या रही?

नकल नहीं - इसमें कोई संदेह नहीं कि पेइचिंगने कम वक्त में एयर क्वॉलिटी में काफी सुधार किया। भारत उसके अनुभवों से सीख सकता है और सीखना भी चाहिए, लेकिन इसका मतलब नकल करना नहीं है। हमें साफ तौर पर समझना होगा कि क्या लागू किया जा सकता है और क्या नहीं। यह भी देखना होगा कि भारत की समस्या किस तरह से अलगहै और उसके लिए कौन-से समाधान चाहिए।

रीजनल एक्शन प्लान-चीन ने पेइचिंग-तिआनजिन-हेबेई में एक साथ काम किया। यह इलाका करीब 2.2 लाख वर्ग किमी में फैला है। इसके तहत दो केंद्र शासित क्षेत्र हैं - पेइचिंगऔर तिआनजिन, जबकि हेबेई प्रांत में 11 शहर आते हैं। इसलिए इस काम के लिए आपसी तालमेल चुनौतीपूर्ण था, लेकिन वहां प्रशासनिक ढांचा सरल है इसलिए यह मुमकिन हो पाया।

नया मॉडल चाहिए - दिगी में इसी तरह का मॉडल लागू करना कहीं ज्यादा मुश्किल है। यहां योजना को असरदार बनाने के लिए 150 किमी का एरिया शामिल करना होगा। इसमें दिगी, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के इलाके आ जाएंगे। दिगी में ही तीन स्तरों पर शासन चलता है - केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय। ऐसे में यहां नया प्रशासनिक मॉडल बनाना पड़ेगा।

सख्त नियम - पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ईवी के मामले में भी पेइचिंगसे कुछ सबक सीखा जा सकता है। उसने उत्सर्जन मानक कड़े कर दिए, साफ ईंधन अपनाया और पुराने वाहनों को हटा दिया। दिगी में भी ये उपाय किए जा रहे हैं, पर उतनी सफलता नहीं मिली है। एक बड़ा फर्क यह है कि पेइचिंगने निजी वाहनों की बढ़ोत्तरी पर सख्ती से रोक लगाई। हमें पूरे एनसीआर में पेइचिंगकी तरह विश्वस्तरीय पब्लिक ट्रांसपोर्ट और इलेक्ट्रिक गाड़ियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है।

कोयले पर पाबंदी - पेइचिंगने कोयले का इस्तेमाल 90त्न तक घटा दिया और पावर प्लांट पर सख्त नियंत्रण लगाया है। दिगी ने अपने थर्मल पावर प्लांट बंद कर दिए हैं और कई उद्योगों को शहर से बाहर शिफ्ट किया है, लेकिन पूरे एयरशेड में कोयले का इस्तेमाल अब भी काफी ज्यादा है।

आर्थिक लागत - कई बातें भारत नहीं कर सकता, जैसे पेइचिंगकी तरह 3000 भारी उद्योगको कहीं और शिफ्ट करना। इससे पूरे इलाके में उद्योगनहीं बचेगा। आर्थिक रूप से ऐसा कदम बहुत नुकसानदायक है। इससे सामाजिक अस्थिरता पैदा होगी। अगला बड़ा सवाल लागत का है। सही आंकड़े तो नहीं पता, लेकिन इतना तय है कि पेइचिंगने साफ हवा के लिए अरबों डॉलर खर्च किए हैं। भारत के लिए यह संभव नहीं। अलगचुनौतियां - दिगी के सामने ऐसी कई चुनौतियां हैं, जो पेइचिंगके सामने नहीं थीं, मसलन पराली जलाने की समस्या। इसी तरह, 2000 के दशक में ही चीन के ज्यादातर घरों में गैस इस्तेमाल होने लगी थी। वहीं, दिगी-एनसीआर में प्रदूषण की एक वजह खाना पकाने के लिए बायोमास का इस्तेमाल भी है। फिर दिगी में लाखों छोटे उद्योग-धंधे हैं, जिन्हें क्लीन एनर्जी पर शिफ्ट करने के लिए सहायता देनी चाहिए। कुल मिलाकर, पेइचिंगऔर दुनिया के कई दूसरे शहरों से दिगी बहुत कुछ सीख सकती है, लेकिन भारतीय स्थितियों के अनुसार उसे अपनी योजना तैयार करनी होगी।


(लेखक आईफारेस्ट के सीईओ हैं)

# भारत पर हमले के लिए तुर्की ने पाकिस्तान भेजा खेबर युद्ध पोत ? भारत की चिंता बढ़ी

**(अभिनय आकाश)**

तुर्की ने बांग्लादेश और पाकिस्तान के साथ हाथ मिला लिया है भारत को टारगेट करने के लिए। हाल ही के दिनों में दिगी ब्लास्ट में भी तुर्की का नाम सामने आया था। मगर अब खबरें सामने आई हैं कि तुर्की ने पाकिस्तान के वर्षों पुराने सपने को पूरा कर दिया है।

तुर्की अपना एमआईएल जीईएमपीएनएस खेबर युद्ध पोत अचानक पाकिस्तान को सौंप रहा है। भारत ने तुर्की की उसकी सबसे खराब समय में मदद की और आज की तारीख में वही देश भारत के खिलाफ मैदान में उतर आया है और लगातार भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत के खिलाफ साजिश रच रहा है और पाकिस्तान को हथियारों की मदद कर रहा है जिससे वह भारत के साथ जंगलड़ सके और भारत को बर्बाद कर सके। दरअसल तुर्की ने बांग्लादेश और पाकिस्तान के साथ हाथ मिला लिया है भारत को




टारगेट करने के लिए। हाल ही के दिनों में दिगी ब्लास्ट में भी तुर्की का नाम सामने आया था। मगर अब खबरें सामने आई हैं कि तुर्की ने पाकिस्तान के वर्षों पुराने सपने को पूरा कर दिया है।

रिपोर्ट्स में कहा गया कि पीएन एमआईएलजीईएम प्रोजेक्ट के तहत तुर्की में पाकिस्तानी नौसेना के लिए बने युद्धपोथ के सफलतापूर्वक लाइव फायर टेस्ट पूरे कर लिए गए हैं। दावा किया गया है कि इस लाइव फायरिंगटेस्ट में उ%च स्तर की तकनीकी क्षमता, सिस्टम इंटीग्रेशन, ऑपरेशनल विश्वसनीयता पर प्रदर्शन हुआ है। एजेंसी ने बताया कि इस यूथपोथ को पाकिस्तान के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है। पीएनएमआईएलजीईएम प्रोजेक्ट के तहत तुर्की पाकिस्तान के लिए चार यूथपोत बना रहा है। जिनमें से दूसरे युद्धपोत पीएनएस खेबर ने हालिया परीक्षणों के दौरान समुद्र से जमीन पर हवा और दोनों ही लक्ष्यों पर सटीक निशाना साधा।

गौरतलब है कि पाकिस्तान ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते के तहत चार मिलगेम श्रेणी के जहाजों के निर्माण के लिए 2018 में तुर्की के साथ एक समझौता किया था। समझौते के अनुसार, दो जहाजों का निर्माण तुर्की में होना था, जबकि शेष दो का निर्माण पाकिस्तान में हो रहा है। एर्दोगन ने इस जहाज की सराहना करते हुए इसे तुर्की के लिए गर्व का स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को दो युद्धपोत सौंपने का काम पूरा हो गया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, सितंबर 2018 में हमने पाकिस्तानी नौसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए 4 मिलगेम जहाजों के निर्माण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। हमने पहला जहाज, पीएनएस बाबर, 24 मई 2024 को पाकिस्तान को सौंप दिया। आज, हमने पीएनएस हेबर की डिलीवरी भी पूरी कर ली है, जिसने सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं।

**तुर्की-रूस संबंध :** तुर्की, पाकिस्तान का एक प्रमुख सहयोगी देश है, जिसके साथ आर्थिक, सैन्य और तकनीकी क्षेत्रों में सहयोगहै। युद्धपोतों के अलावा, पाकिस्तान ने तुर्की से 30 अटैक हमलावर हेलीकॉप्टरों का ऑर्डर दिया है। जम्मू और कश्मीर के मुद्दे पर एर्दोगन लगातार पाकिस्तान के रुख का समर्थन करते रहे हैं और पाकिस्तान द्वारा इस क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा करने के बावजूद इस्लामाबाद का साथ देते रहे हैं। 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद और भारत द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी अंकारा ने पाकिस्तान को समर्थन दिया है।

# जीवन को सार्थक कैसे बनाया जाए...




**यह सोचा जाए कि इस जीवन को कैसे सार्थक और सुफल किया जाए। जीवन कुछ कर दिखाने का अवसर प्रदान करता है। आपका प्रतिदिन ऐसा होना चाहिए जिसमें पूरे जीवन की झांकी प्रतिबिंबित हो। यह नहीं सोचना चाहिए कि हमको यहीं रहना है।**

**(ज्योतिषाचार्य आशुतोष वार्ष्णेय)**

जीवन केवल सोचने, विचारने, परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने या मनोवृत्तियों तक सीमित नहीं है। न ही जीवन की सच्चाई केवल जन्म लेने और मृत्यु को प्राप्त होने के बीच का समय मात्र है। जीवन को केवल धन-संपदा या गरीबी, सुख-दुःख, रोग-कष्ट के आधार पर समझना भी अधूरा दृष्टिकोण है।

जीवन के सभी अर्थ व परिभाषाएं अपूर्ण, सीमित व संकुचित हैं और जीवन के सम्पूर्ण पहलुओं पर दृष्टिपात नहीं करती है। वास्तव में जीवन का अर्थ बहुत व्यापक है। यह केवल सोचने, विचारने और मनोवृत्ति व परिस्थितियों के अनुकूल ढालने तक ही सीमित नहीं है। जीवन की वास्तविकता जन्म लेने और अन्त में मर जाने तक ही सीमित नहीं है। यह न केवल धन में और न गरीबी में, दुःख, रोगऔर कष्ट के विभिन्न रूपों में समझी जा सकती है बल्कि इसका चित्रण एक पक्षीय न कर, बहुपक्षीय करने पर भी पूर्ण नहीं होता है। अच्छा-बुरा इस जीवन में कुछ भी नहीं है। एक व्यक्ति जिसको अच्छा समझता है, दूसरा व्यक्ति उसी चीज को खराब समझता है।

यह सोचा जाए कि इस जीवन को कैसे सार्थक और सुफल किया जाए। जीवन कुछ कर दिखाने का अवसर प्रदान करता है। आपका प्रतिदिन ऐसा होना चाहिए जिसमें पूरे जीवन की झांकी प्रतिबिंबित हो। यह नहीं सोचना चाहिए कि हमको यहीं रहना है। जीवन के परम अर्थ या मृत्यु के बाद कहां जायेंगे यह भी इसी जीवन में सोचने का विषय है। पहले हम क्या थे और मृत्यु के बाद कहां जायेंगे इसका सोच-विचार और चिंतन भी इसी जीवन में करनी है।

जीवन का ध्येय 'मनसा वाचा कर्मणा' सबको सुख पहुंचाना होना चाहिए। असली जीवन अपने कर्तव्यों का सही ढंगसे पालन करना है। हम केवल अधिकार व स्वतन्त्रता की मांगकरते हैं, अपना कर्त्तव्य भूल जाते हैं। जीवन एक सुन्दर सपना नहीं बल्कि कार्यक्षेत्र व रणक्षेत्र है जहाँ ड्रामे के विभिन्न पात्र स्टेज पर अपना-अपना रोल प्रदर्शित कर चले जाते हैं। किसका रोल कैसा है और उसे कितनी सफलता मिली, वह दर्शक ही बता सकेंगे।

आदर्शवादिता को छोड़कर वास्तविकता ग्रहण करना ही असली जीवन है। जीवन एक चुनौती है, जिसे स्वीकार करो। जीवन न पूरा आशावादी है और न पूरा निराशावादी। उसके लिए कठोर साधना की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपना जीवन सफल बनाने हेतु स्वयं प्रयत्न करने की आवश्यकता है। महात्माजन के अनुसार जीवन तो प्रभु को पाने का एक साधन है। प्रभु को केवल इस नर शरीर में ही पा सकते हैं। यह मानव शरीर सम्पूर्ण ब्रह्माण्डीय रचना का एक अंश मात्र है। परमात्मा को पाने और आवागमन से मुक्ति हेतु की जाने वाली सारी साधना, जीवन का परम लक्ष्य और ध्येय है।

# भूमि की बिगड़ती सेहत और किसान

**प्रमोद भार्गव**

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

दुनिया के अनेक देशों की तरह भारत भी वन क्षरण, अत्याधिक कृषि गतिविधियों से भूमि की नमी घटने और उसकी उर्वरता कम होने की समस्या से जूझ रहा है। इन कारणों के चलते भारत की 30 प्रतिशत से भी ज्यादा भूमि की सेहत बिगड़ गई है। शहरीकरण और औद्योगिक विकास से कृषि भूमि नष्ट हो रही है। वहीं उद्योग, बिजली और सिंचाई व पेयजल के लिए बड़े बांधों के अस्तित्व में आ जाने के कारण दलदली भूमि भी बढ़ रही हैं।यह समस्या मध्य-प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और पंजाब में सर्वाधिक होने के साथ, इन्हीं राज्यों के क्षेत्रफल के बराबर है। इससे 72000 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है। क्षरण और भूमि के मरुस्थलीकरण से हमारे सकल घरेलू उत्पाद में 2.5 प्रतिशत और फसल की पैदावार में भी कमी आई है। इधर खेतों में रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और जीएम फसलों की पैदावार ने भी खेतों की सेहत बिगाड़ने का काम बड़ी मात्रा में किया है।

नतीजतन जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव भी गहरा गए हैं। वैश्विक स्तर पर भूमि क्षरण की समस्या के समाधान के लिए 450 अरब डॉलर का वार्षिक खर्च आएगा। यदि इसमें सुधार जल्दी नहीं किया गया तो विश्व में 3.2 अरब लोगों का जीवन संकटग्रस्त हो सकता है। भारत के लिए यह समस्या इसलिए विकराल है, क्योंकि दुनिया की 18 प्रतिशत जनसंख्या भारत में बसती है, जबकि दुनिया की कुल भूमि का भारत के पास महज 2.4 प्रतिशत भू-भाग ही है। साफ है, उपजाऊ जमीन का बंजर भूमि में बदलना चिंता का विषय है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु परिवर्तन संबंधी अंतर-सरकारी समिति द्वारा अगस्त-2019 में जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 23 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का क्षरण हो चुका है। भारत में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत भूमि के क्षरण का है। चुनांचे निकट भविष्य में भूमि में व्यापक सुधार नहीं हुए तो यह समस्या एक प्राकृतिक आपदा में बदलती चली जाएगी।



यह विडंबना ही है कि भारत में रोटी और रोजगार का सबसे बड़ा संसाधन बनी भूमि की गुणवत्ता अथवा उसकी बिगड़ती सेहत को जांचने का अब तक कोई राष्ट्रव्यापी पैमाना नहीं है। जबकि देश की कुल आबादी में से सत्तर प्रतिशत आबादी कृषि और प्राकृतिक संपदा से रोजी-रोटी जुटाती है। भूमि की उर्वरता और क्षरण को लेकर टुकड़ों में तो आकलन आते रहते हैं, लेकिन इस स्थिति की वास्तविक हालत का खुलासा करने वाला कोई एक मानचित्र देश की जनता के सामने पेश नहीं किया गया। हालांकि अशासकीय स्तर पर इस मांग की आपूर्ति अहमदाबाद की संस्था 'स्पेस एप्लिकेशन सेंटर' ने सत्रह अन्य इसी काम से जुड़ी एजेंसियों के साथ मिलकर की है। जमीन की सेहत से जुड़ा यह शोध बताता है कि आधुनिक व औद्योगिक विकास, जल व वायु प्रदूषण और कृषि भूमि में खाद व कीटनाशकों के बढ़ते चलन ने किस तरह से उपयोगी भूमि को रेगिस्तान में तब्दील करने का सिलसिला जारी रखा हुआ है। 'स्पेस एप्लिकेशन सेंटर' द्वारा किए शोध के मुताबिक राजस्थान का 21.77 प्रतिशत, जम्मू, कश्मीर एवं लद्दाख का 12.79 और गुजरात में 12.72 प्रतिशत क्षेत्र रेगिस्तान में बदल चुका है। मध्यप्रदेश में चंबल के बीहड़ पिछले 60 साल में 45 प्रतिशत बढ़े हैं। महाराष्ट्र में विदर्भ और उत्तर-प्रदेश व मध्यप्रदेश में बुंदेलखण्ड क्षेत्र की कृषि का अनावृष्टि के कारण तेजी से क्षरण हो रहा है। वहीं भू-जल के बेतहाशा दोहन और अल्पवर्षा के चलते खेतों में दस सेंटीमीटर नीचे एक ऐसी कठोर परत बनती जा रही है, जो कालांतर में फसल की उत्पादन क्षमता को प्रभावित करेगी।

रेगिस्तान के विस्तार की तह में अतिवृष्टि और अनावृष्टि का चक्र तो है ही 1999 के बाद से मानसून की दगाबाजी ने उपजाऊ भूमि को बंजर भूमि में बदल देने का काम किया है। इन्हीं वजहों से देश के पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्र भूमिक्षरण के प्रभाव में आए जंगलों का विनाश, चरनोई की भूमि को कृषि व आवासीय भूमि में तब्दील करना और एक तरह की फसल पैदा करने के बढ़ते चलन से भूमि की सेहत बिगड़ी है। कुछ ऐसी ही वजहों के चलते बर्फीली वादियों से लेकर घने वनों वाले क्षेत्र भी फैलते रेगिस्तान की गिरफ्त में आ गए हैं।

जिस हरित क्रांति के बूते पंजाब को भारत का अनाज के अटूट भंडार का दर्जा हासिल हुआ था, वही पंजाब आज रासायनिक खादों का बेतहाशा उपयोग करने के कारण बड़ी तादात में अपनी कृषि भूमि बरबाद कर चुका है। देश के कुल कृषि क्षेत्र का 1.5 प्रतिशत भाग पंजाब के हिस्से में है। जबकि देश में कीटनाशकों की कुल खपत का 18 फीसदी उपयोग पंजाब के किसान करते हैं। इसी तरह पंजाब के मालवा क्षेत्र का कपास क्षेत्र पूरे पंजाब का केवल 15 फीसदी है, जबकि यहां पंजाब के कुल कीटनाशकों की खपत 70 फीसदी है। पंजाब के मालवा का क्षेत्र देश के कुल भू-भाग का मात्र 0.5 भाग है, जबकि यहां देश में कुल खपत होने वाले कीटनाशकों की 10 फीसदी खपत होती है। जिस भांखड़ा नांगल बांध को हम पंजाब की उन्नत खेती का आधार मानते हैं, इस बांध से जल रिसाब के चलते पंजाब की अब तक ढ़ाई लाख हेक्टेयर कृषि भूमि दलदल में बदल चुकी है। यही नहीं कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते इस्तेमाल ने यहां कैंसर की बीमारी को बड़ी आबादी में परोस दिया है।

कृषि के आधुनिकीकरण व यांत्रिकीकरण ने भी भूमि की सेहत को बिगाड़ने का काम किया है। इस बाबत ग्वालियर चंबल क्षेत्र में किए गए एक शोध के मुताबिक इस अंचल की भूमि में दो तरह के विकार पैदा हुए हैं। एक कृषि भूमि की सतह में दस सेंटीमीटर नीचे एक कठोर परत (हार्ड-लेयर) बन गई है। दूसरे, भू-गर्भ में करीब एक सौ मीटर की गहराई पर पानी से भरी रहने वाली जगह (पोर-स्पेस) रिक्त पड़ी है। क्षेत्रीय पर्यावरण में आए ये परिवर्तन भू-गर्भीय अथवा सतह पर भूकंप जैसी हलचल की वजह भी बन सकते हैं। डिस्कवरी चैनल द्वारा इस क्षेत्र में किए गए एक अध्ययन के प्रस्तुतिकरण ने भी दावा किया है कि चंबल व ग्वालियर अंचल में तेजी से रेगिस्तान का विस्तार हो रहा है।

इस अध्ययन से जुड़े वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा परंपरागत खेती को नकारने से हुआ। पहले हलों से खेतों की जुताई होती थी लेकिन अब हैरो, कल्टीवेटर और प्लाऊ जैसे उपकरणों से हो रही है। ये जमीन को आठ से बारह सेंटीमीटर तक गहरा जोत कर भूमि की ऊपरी परत को उधेड़ कर पलट देते हैं। नतीजतन मिट्टी सूख कर शुष्क होती जा रही है और वहीं इसके नीचे की परत कठोर। यह परत अब इतनी कठोर हो गई है कि खेतों की मिट्टी का आनुपातिक कुदरती जैविक समीकरण ही गड़बड़ा गया है।

इधर चंबल क्षेत्र में भूमि के लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण ने बीहड़ों के विस्तार का ऐसा भयावह सिलसिला जारी रखा हुआ है, जो गांव के गांव लीलता जा रहा है। इस अंचल के भिण्ड, मुरैना और श्योपुर जिलों में हर साल पन्द्रह सौ एकड़ भूमि बीहड़ में तब्दील हो रही है। इन जिलों की कुल भूमि का 25 फीसदी हिस्सा बीहड़ों का है।

# सालमारी पुलिस ने अगवा बच्ची को किया सकुशल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी /कटिहार।** सालमारी पुलिस ने मासूम बच्ची के चोरी मामले में बच्ची को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीते आठ दिसंबर को सोमवारी हाट में खरीदारी के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर एक अज्ञात महिला द्वारा मासूम बच्ची को अगवा कर लिया गया था। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी।

बच्ची की मां ओन्ती देवी पति मुन्ना दास, ग्राम बेनी जलालपुर ने सालमारी थाना में आवेदन देकर बच्ची चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता से लेते हुए मामले का उद्भेदन करते हुए बच्ची को सकुशल बरामद किया है। एसडीपीओ अजय कुमार के निर्देश पर सालमारी थाना अध्यक्ष कुमारी जूली के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने सबसे पहले घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसके साथ ही महिला की पहचान के लिए सोशल मीडिया, चौकीदार परेड और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लगातार सूचना साझा की गई। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा। मंगलवार को सालमारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बेलबाड़ी गांव पहुंचकर चोरी हुई मासूम बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। इस दौरान एक महिला और एक पुरुष को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिला की पहचान दरखशां खातुन पति मुशरफ आलम, साकिन चहतपुर बेलबारी कटिहार के रूप में हुई है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। ताकि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके। बच्ची की सकुशल बरामदगी से परिजनों ने राहत की सांस ली है।




बच्ची की मां ओन्ती देवी ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अगर समय पर कार्रवाई नहीं होती तो शायद उनकी बच्ची वापस नहीं मिल पाती।उन्होंने सालमारी पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल स्थानीय समाजसेवी मनोज कुमार सिंह और राकेश मंडल ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की प्रशंसा की और कहा कि इस घटना से आम जनता का पुलिस एवं प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हुआ है। थानाध्यक्ष कुमारी जूली ने बताया कि पति पत्नी दोनों आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के लिए कटिहार भेजा जा आ रहा है। पुलिस की प्राथमिकता हमेशा आम लोगों की सुरक्षा है। और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# मेटामॉर्फोसिस 3.0 में कटिहार मेडिकल कॉलेज की ऐतिहासिक जीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सासाराम के एनएमसीएच में आयोजित अंतर कॉलेज सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव 'मेटामॉर्फोसिस 3.0' में कटिहार मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया।

इस प्रतिष्ठित आयोजन में केएमसी के छात्रों ने 60 से अधिक पदक अपने नाम किए और समग्र रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। कटिहार मेडिकल कॉलेज ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक हासिल करते हुए विशेष उपलब्धि दर्ज की।स्वर्ण पदक कॉलेज को क्रिकेट, सोलो सिंगिंग और ई-स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं में प्राप्त हुआ।इसके अलावा छात्रों ने कई विधाओं में रजत पदक भी जीते, जिनमें शामिल हैं फुटबॉल, जैवलिन थ्रो, बॉक्स क्रिकेट, वेट लिफ्टिंग, स्टैंड-अप कॉमेडी, डिस्कस थ्रो, वहीं कांस्य पदक इस प्रतियोगिताओं में प्राप्त हुए। मेडिकल क्विज,रील मेकिंग वेट लिफ्टिंग, शॉर्ट फिल्म, कैरम।



प्रतियोगिता के दौरान कटिहार मेडिकल कॉलेज के छात्रों को ट्रॉफी, मोमेंटो, प्रमाण पत्र के साथ-साथ लगभग 1 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई।इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कटिहार मेडिकल कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अहमद अशफाक करीम ने सभी प्रतिभागी छात्रों को बधाई दी और अपने प्रेरणादायी संबोधन से उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आरबी गुप्ता एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. सीबा हुसैन भी उपस्थित रहे और छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की। पूरे आयोजन के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन एवं नेतृत्व डॉ. राशिद अहमद खान के कुशल मेंटरशिप में हुआ। जिनके सहयोग और प्रेरणा से छात्रों ने यह ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की। कटिहार मेडिकल कॉलेज की यह जीत न केवल संस्थान के लिए गर्व का विषय है। बल्कि यह छात्रों की प्रतिभा, मेहनत और टीम भावना का भी सशक्त प्रमाण है।

# खेल महोत्सव 2025 में कटिहार रेल मंडल का शानदार प्रदर्शन

## 102 अंकों के साथ ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** एनएफ रेलवे गुवाहाटी में चार दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव 2025 में कटिहार रेल मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराते हुए रेलमंडल को गौरांवित किया है। इस दौरान ग्रुप खेलों से लेकर व्यक्तिगत प्रतिस्पधाओं तक, हर स्तर पर कटिहार डिवीजन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार कटिहार रेल मंडल ने कुल 12 स्वर्ण, 06 रजत एवं 12 कांस्य पदक प्राप्त कर 102 अंकों के साथ ओवरऑल द्वितीय स्थान हासिल किया। वही टीम इवेंट में वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल में स्वर्ण पदक, बॉक्स क्रिकेट में रजत तथा पुरुष रस्साकशी में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। वही व्यक्तिगत स्पधाओं में डीसीएम संगीता मीणा ने टेबल टेनिस सिंगल्स एवं डबल्स में स्वर्ण पदक जीतकर कटिहार रेल मंडल का नाम रोशन किया। इसके अलावा बैडमिंटन पुरुष एकल में सीनियर डीएसटीआई गौरव राजपाल , टेबल टेनिस पुरुष एकल में डीएमओ डॉ. सौरव तथा पुरुष डबल्स में एडीआरएम न्यूजलपाईगुड़ी और सौरव कुमार ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। 100 4 मीटर रिले दौड़ में प्रियंम कुमार, डॉ. गौरव, रामनिवास सैनी एवं भारत मोटेरिया की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।इस सफलता में कप्तान के रूप में डीआरएम कटिहार किरेंद्र नराह की प्रेरक भूमिका रही, जबकि पूरे दल का कुशल नेतृत्व स्पोर्ट्स ऑफिसर पंकज पाल द्वारा किया गया। कटिहार रेल मंडल की यह उपलब्धि सभी रेलकर्मियों के लिए गर्व का विषय है।




# फल फूल रहा खनन माफिया, आखिर जम्मेदार मौन क्यों

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** जिले के मनिहारी क्षेत्र मे इन दिनों खनन माफिया मसलन बालू,मिट्टी खनन का अवैध खनन नियमो की अनदेखीकर की जाती रही है। सूत्रों की माने तो मनिहारी में सुविधा शुल्क के सहारे निर्धारित मानकों की अनदेखीकर बिना बैध विभागीय अनुमति के प्रति दिन बरारी की सीमा से अमदाबाद क्षेत्रों तक जगह जगह सरकारी व रैयती भूमि की उपजाऊ मिट्टी काटकर बर्षो से खरीद विक्री का धंधा संचालित है।

जिला खनन पदाधिकारी से इस बाबत पूछे जाने पर बताया कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। मनिहारी प्रखंड क्षेत्र मे कितने के पास मिट्टी काटकर व्यावसायिक हित मे बेचने की विभाग से अनुमति मिली है बताना चाहिए।बावजूद इसके प्रति दिन वर्षो से मिट्टी काटकर बेचने के काम मे लगे तत्व फल फूल रहे हैं। इस अवैध कारोवार के सहारे अनेक धन कुबेड़ ऊभर आये हैं ।कुछ वर्ष पूर्व तक जिन्हें साईकिल के लाले थे। आज बड़ी बड़ी फार्म हाऊसनुमा कोठी के मालिक है।कुछ तो जो वर्षो पूर्व भाड़े की घर मे रहते थे अब शहरों मे अनेक भूखंड के स्वामी है। इस तरह पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले खनन माफिया के द्वारा नियमों की अनदेखीकर मिट्टी बालू खनन जारी है। अवैध मिट्टी बालू खनन माफिया पर पर ठोस कार्वाई नदारद है। आश्चर्यजनक यह है कि जिम्मेदार मौन है और माफिया फल फूल रहे हैं।




# बरारी विधानसभा क्षेत्र में डीएसई व पीएसई निष्पादन की समीक्षा बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी/कटिहार।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 68 बरारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता सदर शशांक वर्णवाल की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में डीएसई एवं पीएसई के निष्पादन को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक का उद्देश्य निर्वाचन से जुड़े कार्यों की प्रगति,गुणवत्ता और समयबद्धता की समीक्षा करना था।इस अवसर पर बरारी प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार धीरज, समेली बीडीओ एवं कुसेर्ला बीडीओ की उपस्थिति में सभी बीएलओ सुपरवाइजरों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मतदाता सूची अद्यतन, प्रपत्रों के निष्पादन, लंबित मामलों के त्वरित निपटारे तथा फील्ड स्तर पर कार्यों की निगरानी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अध्यक्षता कर रहे पदाधिकारी ने बीएलओ सुपरवाइजरों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शो का सख्ती से पालन करते हुए पारदर्शी एवं त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने की हिदायत दी गई।साथ ही समीक्षा बिंदुओं पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश देते हुए बैठक का समापन किया गया।इस अवसर पर बैठक में सुपरवाइजर बिट्टू कुमार दास, नितेश कुमार,नीतीश कुमार, सुजीत कुमार,आदित्य कुमार, मिथलेश कुमार,बीएलओ. संतोष कुमार, सुनील राम, अजय रजक आदि उपस्थित रहे।

# आधुनिक एलएचबी रेक युक्त ट्रेन बालुरघाट-कोलकाता एक्सप्रेस का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के बालुरघाट रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक किरेन्द्र नराह ने आधुनिक एलएचबी रेक युक्त ट्रेन संख्या 13161 बालुरघाट - कोलकाता एक्सप्रेस के शुभारंभ किया ।समारोह में प्रकाश डालते हुए बताया कि ये कोच अधिक सुरक्षा, बेहतर सवारी अनुभव, कम कंपन, उच्च गति क्षमता और आग प्रतिरोधी डिजाइन प्रदान करते हैं। जिससे यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा मिलेगी।

यह उन्नयन उत्तर बंगाल के लाखों यात्रियों, छात्रों, मरीजों एवं व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि शिक्षा एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए एलएचबी कोच की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये कोच यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को प्राथमिकता देते हुए रेल यात्रा को और भी विश्वसनीय बनाते हैं। समारोह के समापन पर डॉ. मजूमदार समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन नये लब एलएचबी रेक के साथ बालुरघाट से कोलकाता की ओर प्रस्थान की।यह उपलब्धि उत्तर बंगाल के रेल विकास में एक ऐतिहासिक कदम है।




# हरिगंज चौक पर सांसद ने किया हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के हरिगंज चौक क्षेत्र में अब रात के अंधेरे से लोगों को राहत मिलेगी। कटिहार सांसद तारिक अनवर ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना एमपीएलएडी के अंतर्गत लगाए गए हाईमास्ट लाइट का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

उद्घाटन समारोह कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम, पूर्व निगम पार्षद मो. नासिम सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी वर्ग और आम लोग भी शामिल हुए। इस मौके पर सांसद तारिक अनवर ने कहा कि हरिगंज चौक के आसपास रहने वाले लोगों द्वारा लंबे समय से पर्याप्त रोशनी की मांग की जा रही थी। स्थानीय लोगों की जरूरत को देखते हुए यहां हाईमास्ट लाइट लगाई गई है, ताकि रात के समय आवागमन सुरक्षित और सुगम हो सके। उन्होंने कहा कि शहर के अन्य चौक-चौराहों और घनी आबादी वाले इलाकों में भी जहां आवश्यकता होगी। वहां इसी तरह हाईमास्ट लाइट लगाने का प्रयास किया जाएगा। सांसद ने कहा कि आम जनता की छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। बुनियादी सुविधाओं को मजबूत कर लोगों के जीवन को आसान बनाना ही उनका उद्देश्य है।कार्यक्रम में कांग्रेस नेता पंकज तंबाकूवाला, राजेश रंजन मिश्रा समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने हाईमास्ट लाइट लगाए जाने पर खुशी जताई और सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर/कटिहार** - आजमनगर बाजार में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने कैंडल मार्च निकालकर बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरुद्ध रोष प्रकट किया।

कैंडल मार्च आजमनगर बाजार के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।इस दौरान कार्यकताओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। मार्च में शामिल लोगों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि किसी भी देश में धर्म के आधार पर हिंसा मानवता के खिलाफ अपराध है। कैंडल मार्च में शामिल कार्यकताओं ने कहा कि बांग्लादेशी भारत छोड़ो भारत छोड़ो बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार करना बंद करो अत्याचार हम नहीं सहेंगे नहीं सहेंगे। विश्व हिंदू परिषद से जुड़े सनातन पोद्दार ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समाज के साथ लगातार अत्याचार की खबरें आ रही हैं, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि वहां के हिंदू भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना संबंधित सरकार की जिम्मेदारी है। इस मुद्दे पर भारत सरकार को भी कूटनीतिक स्तर पर सख्त पहल करनी चाहिए। वहीं बजरंग दल के एक अन्य कार्यकर्ता ने कहा कि कैंडल मार्च के माध्यम से वे बांग्लादेश में पीड़ित हिंदुओं के प्रति एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व समुदाय को इस विषय पर आंख मूंदकर नहीं बैठना चाहिए और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।कैंडल मार्च के दौरान माहौल शांतिपूर्ण रहा। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य किसी के खिलाफ नफरत फैलाना नहीं,बल्कि पीड़ितों के लिए न्याय और सुरक्षा की मांग को मजबूती से उठाना है।



# कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा हेतु कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राहत संस्था तथा ए पार्टनर के संयुक्त तत्वाधान में कटिहार कोर्ट परिसर स्थित एडीआर भवन में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न सुरक्षा एवं बचाव" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कानूनी विशेषज्ञों ने महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के लिए बने कानूनों पर विस्तार से चर्चा की। ?कार्यशाला को संबोधित करते हुए डिप्टी चीफ एलएडीसी डीके. झा ने कहा कि वर्ष 2013 में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाया गया कानून अत्यंत कारगर है। उन्होंने जोर दिया कि समाज के हर वर्ग को इस कानून की जानकारी होनी चाहिए ताकि महिलाओं को न केवल सुरक्षा मिले। बल्कि अत्याचार होने पर उन्हें उचित न्याय भी प्राप्त हो सके।?उन्होने मानवाधिकारों पर बल देते हुए कहा कि हर महिला को सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि ?जरूरत पड़ने पर महिलाएं जिला विधिक सेवा प्राधिकार से विधिक सहायता और लाभ प्राप्त कर सकती हैं।?वहीं डिप्टी चीफ अवधेश कुमार ने राहत संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों को हर जगह फैलाने की आवश्यकता है ताकि अंतिम पायदान पर खड़ी महिला भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सके।?राहत संस्था की सचिव ने कार्यशाला में महिलाओं के कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण के अधिकार को रेखांकित किया। उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति' के महत्व पर जानकारी देते हुए बताया कि ?हर सरकारी और निजी संस्थान में आईसीसी का गठन अनिवार्य है।?किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं बेझिझक अपनी शिकायत आईसीसी में दर्ज करा सकती हैं।?दोषी पाए जाने पर आरोपी की प्रोन्नति रोकी जा सकती है, उसे निलंबित किया जा सकता है या जेल की सजा भी हो सकती है।?डॉ. बेगम ने अंत में अपील की कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं, इसलिए यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम एक-दूसरे का सम्मान करें और एक खुशहाल एवं सुरक्षित कार्य वातावरण का निर्माण करें।



# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के एएएम चिल्ड्रेन्स अकादमी परिसर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, उपाध्यक्ष अनिल चमरिया, सचिव विवेन सरकार, कोषाध्यक्ष संजीव महेश्वरी, संतोष गुप्ता, रेनू तिवारी तथा विद्यालय के प्राचार्य विकास चटर्जी एवं श्रीमती रचना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। उन्होंने विद्यालय के खेलकूद शिक्षक शिवशंकर झा द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की।प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, शतरंज, बैडमिंटन सहित विभिन्न एथलेटिक्स स्पधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 1000 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न खेलों के विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिससे बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं उपस्थित अतिथियों ने संतोष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### अडानी ग्रुप का एक फैसला

## ओरिएंट सीमेंट का शेयर करीब 10 प्रतिशत चढ़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में आज मंगलवार के दिन ओरिएंट सीमेंट और अम्बुजा सीमेंट के शेयरों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। तो वहीं एसीसी लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में गिरावट है। इसके पीछे की वजह अडानी ग्रुप की तरफ से लिया गया फैसला है। अडानी ग्रुप ने अपनी सीमेंट कंपनियों के मर्जर का ऐलान किया है। अडानी ग्रुप की तरफ से कहा गया है कि ओरिएंट सीमेंट और एसीसी का मर्जर अम्बुजा सीमेंट के साथ होगा। इस मर्जर से ओरिएंट के शेयरहोल्डर्स को फायदा होने की उम्मीद है। वहीं, एसीसी लिमिटेड के शेयर होल्डर्स को नुकसान हो सकता है।

जिन एसीसी निवेशकों के पास रिकॉर्ड डेट पर 100 शेयर रहेंगे उन्हें मर्जर के बाद अम्बुजा सीमेंट के 328 शेयर मिलेंगे। वहीं, ओरिएंट सीमेंट के 100 शेयर जिनके पास रहेंगे उन्हें अम्बुजा सीमेंट के 33 शेयर मिलेंगे। बता दें, यह ट्रांजैक्शन अगले एक साल में पूरा होने की उम्मीद है।

**शेयर बाजार में कैसा प्रदर्शन–** बीएसई में ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड के शेयर आज शुक्रवार को 176.10 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव करीब 10 प्रतिशत की तेजी के साथ 180 रुपये के इंट्रा–डे हाई पर पहुंच गया। कंपनी का मार्केट कैप 3532 करोड़ रुपये का है। अम्बुजा सीमेंट के शेयर बीएसई में 561.25 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बीएसई में 563.25 रुपये के इंट्रा–डे हाई पर पहुंच गया। इस कंपनी का मार्केट कैप 1.36 लाख करोड़ रुपये का है।

**एसीसी लिमिटेड के शेयरों का प्रदर्शन कैसा**–कंपनी के शेयर आज 52 वीक लो लेवल पर हैं। बीएसई में एसीसी लिमिटेड के शेयर 1789.05 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में यह स्टॉक टूट कर 1746.30 रुपये के 52 वीक लो लेवल पर पहुंच गया। बता दें, एसीसी लिमिटेड का मार्केट कैप 33 हजार करोड़ रुपये का है।

# ओपेक+ को पीछे छोड़ चीन बना तेल का किंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेल के खेल में चीन नया किंग बनकर उभर रहा है। आम तौर पर तेल की दुनिया में यह माना जाता है कि ओपेक+ जैसे बड़े तेल उत्पादक देशों का समूह ही तेल की कीमतों को तय करता है। वे उत्पादन घटाकर या बढ़ाकर अपनी मर्जी का दाम हासिल कर लेते हैं। लेकिन साल 2025 में इस पुरानी सोच को चुनौती मिली। चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल आयातक है। उसने अपनी इस ताकत का इस्तेमाल करके तेल की कीमतों के लिए एक तरह से फ्लोर (न्यूनतम स्तर) और सीलिंग (अधिकतम स्तर) तय कर दी। उसने यह काम अपने तेल के भंडार में तेल डालने या निकालने के जरिए किया।

एक आर्टिकल के मुताबिक साल 2022 में ओपेक+ ने तेल का उत्पादन घटाया था, जिससे कीमतें बढ़ीं। लेकिन जैसे ही उन्होंने अप्रैल 2025 में उत्पादन बढ़ाना शुरू किया, बढ़ी हुई कीमतें फिर से कम होने लगीं। अब, जब तेल की सप्लाई बहुत ज्यादा होने का खतरा मंडरा रहा है, ओपेक+ ने अगले साल की पहली तिमाही में उत्पादन को स्थिर रखने का फैसला किया है। ऐसे में, इस अतिरिक्त तेल को खपाने की जिम्मेदारी चीन पर आ गई है।

**भंडारण की जानकारी नहीं देता चीन–** साल 2026 में चीन क्या करेगा, यह तेल बाजार के लिए सबसे बड़ा सवाल है। दूसरे देश अपनी रणनीति शायद बीजिंग के फैसलों को देखकर ही बनाएंगे।




चीन अपनी रणनीतिक और व्यावसायिक तेल भंडारण की जानकारी सार्वजनिक नहीं करता है। इस वजह से यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि असल में कितना तेल बाजार में आ रहा है और जा रहा है। साथ ही, यह भी समझना कठिन हो जाता है कि चीन की नीतियां क्या होंगी। लेकिन साल 2025 में यह साफ था कि चीन अपनी घरेलू खपत और रिफाइन किए गए उत्पादों के निर्यात से ज्यादा तेल खरीद रहा था।

### क्या है चीन की रणनीति

साल 2025 के पहले 11 महीनों में लगभग 980,000 बैरल प्रति दिन अतिरिक्त तेल था। ऐसा इसलिए, क्योंकि कुल आयात और घरेलू उत्पादन 15.80 मिलियन बीक्यूडी था, जबकि रिफाइनरियों में 14.82 मिलियन बीक्यूडी तेल इस्तेमाल हुआ। यह अतिरिक्त तेल मार्च से जमा हो रहा था। इससे पहले जनवरी और फरवरी में रिफाइनरियों ने अपने भंडार से तेल निकाला था। उस समय इस्तेमाल हुआ तेल उपलब्ध तेल से लगभग 30,000 बीक्यूडी ज्यादा था। अतिरिक्त तेल की मात्रा और तेल की कीमतों के बीच एक मजबूत संबंध देखा गया है। जब कीमतें गिरती हैं, तो चीन ज्यादा तेल खरीदता है और जब कीमतें बढ़ती हैं, तो वह खरीदना कम कर देता है।

### साल 2026 का बड़ा सवाल

यह कहा जा सकता है कि 2025 की दूसरी छमाही में तेल की कीमतें एक सीमित दायरे में रहीं, जिसका मुख्य कारण चीन का भंडारण प्रवाह था। ब्रेंट की कीमतें 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास ही रहीं।

साल 2026 के लिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या चीन कीमतें गिरने पर अतिरिक्त तेल खरीदना जारी रखेगा और इस तरह कीमतों को गिरने से रोकेगा?

चीन के पास पहले से कितना तेल जमा है, इसके अनुमान अलग–अलग हैं।

## सोना-चांदी ने फिर बनाए रिकॉर्ड, अंतरराष्ट्रीय हलचल से मिली उड़ान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज सोने और चांदी की कीमतों में एक फीसदी से अधिक की तेज उछाल देखी गई और मंगलवार (23 दिसंबर) की सुबह ये दोनों ही धातुएं अपने नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। एमसीएक्स पर फरवरी फ्यूचर्स सोना 1.1 प्रतिशत चढ़कर 10 ग्राम पर 1,38,300 रुपये के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया।

एमसीएक्स सिल्वर 1.7 प्रतिशत उछलकर प्रति किलो 2,16,596 रुपये के रिकॉर्ड शिखर पर आ गई। सुबह लगभग 9-10 बजे, एमसीएक्स सोना 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,38,191 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था, जबकि एमसीएक्स चांदी 1.40 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,15,860 रुपये प्रति किलो पर कारोबार कर रही थी।

**वैश्विक कारणों से मिली रफ्तार–** सोने और चांदी की कीमतों में यह तेज उछाल विश्व बाजार में मिले सकारात्मक संकेतों के चलते हुई। दुनियाभर में बढ़ते तनाव, अमेरिका में ब्याज दरों में और कटौती की उम्मीद तथा सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग के बीच सोना और चांदी ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई ऊंचाइयों को छू लिया है।

### दनादन अपर सर्किट मार रहे डिफेंस कंपनी के शेयर

## डीआरडीओ से मिली है बड़ी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिफेंस कंपनी अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर दनादन अपर सर्किट मार रहे हैं। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर मंगलवार को 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 262.15 रुपये पर पहुंच गए हैं। एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी इस कंपनी के शेयर लगातार तीसरे दिन अपर सर्किट पर हैं। डिफेंस रिसर्च एंड डिवेलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन की तरफ से एक बड़े बिजनेस अपडेट के बाद अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर पिछले 5 साल में 2100 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं।

डिफेंस कंपनी अपोलो माइक्रो सिस्टम्स ने बताया है कि उसे 2 टेक्नोलॉजीज के ट्रांसफर के लिए डीआरडीओ से मंजूरी मिल गई है। यह दोनों टेक्नोलॉजीज डायरेक्टेड एनर्जी वीपन सिस्टम्स से जुड़ी हैं और इनसे एडवांस्ड स्वदेशी डिफेंस प्लेटफॉर्म्स में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी।

ट्रांसफर्स ऑफ टेक्नोलॉजी , लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वीपन सिस्टम्स और डायरेक्टेड एनर्जी वीपन के इओ ट्रैकिंग सिस्टम्स से जुड़ी हैं। यह टेक्नोलॉजीज डीआरडीओ की 2 लैब- सेंटर फॉर हाई एनर्जी सिस्टम्स एंड साइंसेज, हैदराबाद और इंस्ट्रूमेंट्स रिसर्च एंड डिवेलपमेंट इस्टैबलिशमेंट, देहरादून- ट्रांसफर करेंगी।




**5 साल में 2100 प्रतिशत उछल गए हैं डिफेंस कंपनी के शेयर–** एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर पिछले पांच साल में 2100 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर 24 दिसंबर 2025 को 11.91 रुपये पर थे।

### 10 टुकड़ों में शेयर बांट चुकी है मल्टीबैगर कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी। डिफेंस कंपनी अपोलो माइक्रो सिस्टम्स अपने शेयर का भी बंटवारा कर चुकी है। मल्टीबैगर कंपनी ने अपने शेयर को 10 टुकड़ों में बांटा है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स ने मई 2023 में 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 1–1 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में बांटा है। कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 52.41 पर्सेंट है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 47.59 पर्सेंट है।

## एफएसआईबी ने ब्रजेश कुमार सिंह को केनरा बैंक के एमडी और सीईओ पद के लिए चुना




**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने सोमवार को बेंगलुरु स्थित केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक पद के लिए ब्रजेश कुमार सिंह के नाम की सिफारिश की। सिंह वर्तमान में इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं, इस महीने सेवानिवृत्त हो रहे के सत्यनारायण राजू का स्थान लेंगे। सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की भर्ती करने वाली संस्था एफएसआईबी ने चयन प्रक्रिया के परिणाम की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा कि ब्यूरो ने सोमवार को 17 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया।

बयान में कहा गया, इंटरफेस में उनके प्रदर्शन, समग्र अनुभव और मौजूदा मापदंडों को ध्यान में रखते हुए, ब्यूरो केनरा बैंक में एमडी और सीईओ के पद के लिए ब्रजेश कुमार सिंह की सिफारिश करता है।

एफएसआईबी की सिफारिश पर अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा लिया जाएगा।

हेडहंटर के अन्य सदस्य पूर्व ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष और एमडी अनिमेष चौहान, आरबीआई के पूर्व कार्यकारी निदेशक दीपक सिंघल और पूर्व आईएनजी वैश्य बैंक के पूर्व एमडी शैलेन्द्र भंडारी हैं।

# फैक्ट्री नहीं, चीन बन रहा डिलीवरी बॉय: 14 घंटे की शिफ्ट है मजबूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन में गिग वर्कर्स की फौज लगातार बढ़ने लगी है। 14 घंटे की शिफ्ट और प्रति डिलीवरी सिर्फ 1 डॉलर की कमाई के बावजूद ये इस काम को अपनाने को मजबूरी हैं। यह स्थिति चीन की अर्थव्यवस्था में आ रही मंदी और पारंपरिक नौकरियों में कमी का संकेत है। जहां एक तरफ गिग वर्क लोगों को फ्लेक्सिबिलिटी दे रहा है। वहीं, दूसरी तरफ यह कम वेतन, असुरक्षा और खतरनाक कामकाजी माहौल की ओर भी इशारा करता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की रिपोर्ट से इसका पता चलता है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब भारत में भी लंबे काम के घंटों और गिग इकोनॉमी पर बहस तेज हुई है। हाल में आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा ने गिग इकोनॉमी के शोषणकारी पहलू पर चिंता जताई थी।

चीन में गिग वर्कर्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कभी फैक्ट्रियों के लिए मशहूर रहा चीन अब गिग वर्कर्स का देश बनता जा रहा है। इनकी संख्या 20 करोड़ से भी ज्यादा हो चुकी है। गिग वर्क में फ्रीलांसिंग, फूड डिलीवरी, राइड-हेलिंग और लाइवस्ट्रीमिंग जैसे काम शामिल हैं। कई लोगों को यह अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यह उन्हें काम करने की आजादी देता है। वे अपने समय के मालिक खुद होते हैं। लेकिन, शोधकर्ताओं का कहना है कि गिग वर्क का यह तेजी से बढ़ता चलन इस बात का भी संकेत है कि चीन की अर्थव्यवस्था ऑफिसों या अन्य पेशेवर क्षेत्रों में पर्याप्त अच्छी नौकरियां पैदा करने में नाकाम हो रही है।




### 14 से 15 घंटे करना पड़ता है काम

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चीन में राइड–हेलिंग ड्राइवरों की संख्या 2024 तक चार सालों में तीन गुना बढ़कर 75 लाख हो गई है, जबकि इसी दौरान राइड्स की संख्या में केवल 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कई चीनी शहरों ने इस साल नौकरी चाहने वालों को राइड–हेलिंग में न जाने की सलाह दी है क्योंकि इसमें प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इतनी बड़ी संख्या में लोग गिग इकोनॉमी में आ रहे हैं कि इससे वेतन पर दबाव पड़ रहा है। जो लोग दूसरी इंडस्ट्रीज से निकाले गए हैं या जिन्हें फुल–टाइम नौकरी नहीं मिल पा रही है, वे कम वेतन पर भी काम करने को मजबूर हैं। गेवकाल ड्रैगनॉमिक्स के एनालिस्ट एरनन कुई कहते हैं, हमने इस समूह की सप्लाई लगभग ओवरसैचुरेटेड देखी है और पिछले दो–तीन सालों में गिग लेबर तेजी से बढ़ा है।

## बेहद ही खराब रही मेनबोर्ड आईपीओ की लिस्टिंग, पहले ही दिन निवेशकों को झटका

- केएसएच इंटरनेशनल के शेयर बाजार में डिस्काउंट के साथ लिस्ट हुए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केएसएच इंटरनेशनल के शेयर मंगलवार को शेयर बाजार में डिस्काउंट के साथ लिस्ट हुए। जैसा कि बाजार में पहले से अनुमान लगाया जा रहा था, कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई दोनों पर 370 प्रति शेयर पर खुले, जो कि इसके अपर प्राइस बैंड 384 से करीब 14 या 3.65 फीसदी कम है। लिस्टिंग के बाद भी शेयर पर दबाव बना रहा और कारोबार के दौरान यह और फिसलकर बीएसई पर 355.65 और एनएसई पर 356.15 के इंट्रा–डे लो तक पहुंच गया। कुल मिलाकर, लिस्टिंग ने उन निवेशकों को थोड़ा निराश किया, जो मजबूत शुरुआत की उम्मीद कर रहे थे। केएसएच इंटरनेशनल का आईपीओ कुल 644.4 करोड़ का था, जिसे निवेशकों से केवल 83 फीसदी ब्सक्रिप्शन मिला था। कंपनी मैग्नेट वाइंडिंग वायर बनाती है और इसका प्राइस बैंड 365 से 384 प्रति शेयर तय किया गया था। कमजोर सब्सक्रिप्शन के चलते कंपनी को आईपीओ का साइज घटाना पड़ा। पहले यह इश्यू 710 करोड़ का था, लेकिन बाद में इसे कम करके 644.4 करोड़ कर दिया गया। लिस्टिंग के बाद कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन करीब 2,506.96 करोड़ रहा। कंपनी का कारोबार पुणे की इस कंपनी ने आईपीओ से जुटाई गई फ्रेश इश्यू की रकम को अलग–अलग जरूरतों में इस्तेमाल करने की योजना बनाई है।

# म्यूचुअल फंड में जीएसटी, सेबी फीस जैसे खर्चे अलग से वसूले जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार रेगुलेटर सेबी ने 17 दिसंबर को म्यूचुअल फंड के खर्चों यानी एक्सपेंस रेशियो से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत पूरे फ्रेमवर्क को नया रूप दिया गया है ताकि निवेशकों को यह साफ-साफ पता चल सके कि उन पर असल में कितना खर्च आ रहा है। मुख्य बदलाव एक्सपेंस रेशियो फ्रेमवर्क में किया गया है। अब इसे नया नाम बेस एक्सपेंस रेशियो दिया गया है। सेबी ने साफ किया है कि अब कुछ टैक्स और चार्जेज इन लिमिट्स में शामिल नहीं होंगे। इनमें कॉमोडिटी ट्रांजेक्शन टैक्स , स्टैंप ड्यूटी, सेबी फीस और एक्सचेंज चार्जेज हैं। ये सभी चार्ज अब असल खर्च के हिसाब से अलग से वसूले जाएंगे। अब से आपका टोटल एक्सपेंस रेशियो इन चीजों को जोड़कर बनेगा: बीइआर + ब्रोकरेज सरकारी टैक्स और फीस।



**कितना असर पड़ेगा–** भले ही खर्चे दिखाने का तरीका बदल गया हो, लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे निवेशकों के फैसलों पर कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। जानकारों का कहना है कि लंबे समय के लिए निवेश करने वाले लोग छोटे-मोटे खर्चों के बजाय इस बात पर ध्यान देते हैं कि फंड कैसा प्रदर्शन कर रहा है और रिस्क कितना कम है। अगर कोई फंड अच्छा रिटर्न दे रहा है, तो 0.05 प्रतिशत या 0.10 प्रतिशत की कटौती से निवेश का फैसला नहीं बदलता।

# बीसीसीएल का 2026 में आएगा आईपीओ

### 1300 करोड़ जुटाने की तैयारी, पैसा लेकर रहें तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2026 का साल आईपीओ के लिहाज से काफी बड़ा रहने वाला है। रिलायंस जियो से लेकर एनएसई तक कई बड़ी कंपनियों के आईपीओ अगले साल आ सकते हैं। इस में एक नाम सरकारी कंपनी बीसीसीएल (भारत कुकिंग कोल लिमिटेड) का भी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कोल इंडिया के निवेश वाली कंपनी का आईपीओ अगले दो हफ्ते में लॉन्च हो सकता है। अगर ऐसा हुआ तो यह 2026 का पहला बड़ा आईपीओ होगा।

**क्या है आईपीओ का साइज–** कोल इंडिया की सब्सडियरी बीसीसीएल एक महार प्रतिशत पब्लिक सेक्टर कंपनी है।




रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी के आईपीओ का साइज 1300 करोड़ रुपये का है। प्री लिस्टिंग से पहले कंपनी का वैल्यूएशन 13000 करोड़ रुपये का है। यह इश्यू पूरी तरह से ऑफर फार सेल पर आधारित है। कोल इंडिया आईपीओ के जरिए बीसीसीएल में अपनी हिस्सेदारी को 10 प्रतिशत घटा सकता है। जोकि 46.57 करोड़ शेयर के बराबर है। यानी कंपनी आईपीओ के जरिए कोई नया शेयर नहीं जारी करेगी।

आईसीआईसीआई सिक्योर्टीज और आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज को बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है। केफिन टेक्नोलॉजी को कंपनी ने रजिस्ट्रार नियुक्त किया है। बता दें, कंपनी को अभी 6 स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने बाकि हैं। बीसीसीएल को यह पोजीशन आईपीओ के पहले भरने की जरूरत है।

### क्या करती है भारत कुकिंग कोल कंपनी

कुंकिक कोल का उत्पादन करने वाली एक महत्वपूर्ण कंपनी है। यह स्टील के उत्पादन में उपयोग होता है।

कंपनी नॉन कुकिंक कोल का भी मैन्युफैक्चरिंग का काम करती है।

# जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

## सांसद ने की विकास योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में आज खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुण्डा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त आर. रॉनिटा ने सांसद को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

बैठक में विधायक तमाड़ विधानसभा क्षेत्र विकास कुमार मुंडा, विधायक प्रतिनिधि, खूँटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र, जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, सभी प्रखंड प्रमुख समेत अन्य संबंधित जन प्रतिनिधि मुख्य रूप से बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक की शुरूआत करते हुए उप विकास आयुक्त आलोक कुमार द्वारा पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देशों पर की गई प्रगति की विस्तृत जानकारी साझा की गई। सांसद ने जिले के विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लंबित आवासों को पूर्ण कराने, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं सहकारिता विभाग को इमली खरीद, लेमन ग्रास प्रोसेसिंग यूनिट संचालन एवं तेल क्रय की दिशा में कार्य करने, सड़कों की मरम्मत से संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। इसके अलावा जल संसाधन से संबंधित कार्यों, कृषि विभाग को बीजों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने, सहकारिता विभाग को लैम्प्स केंद्रों का बेहतर संचालन, विद्युत विभाग को मुख्यमंत्री उज्ज्वला झारखंड योजना के तहत वंचित टोलों का विद्युतीकरण कार्य ससमय पूर्ण करने, शिक्षा विभाग को पठन-पाठन व्यवस्था सुदृढ़ करने, शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान एवं जर्जर विद्यालयों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

साथ ही पंचायती राज विभाग को पंचायत भवनों का सुदृढ़ संचालन, स्वास्थ्य विभाग को उप स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, राजस्व विभाग को प्रखंड स्तर पर शिविर लगाकर




लंबित मामलों का समाधान करने, नगर पंचायत को वार्डों की नियमित सफाई, कचरा का नियमित उठाव करने का निर्देश दिया गया। जिला भू अर्जन पदाधिकारी को विभिन्न विकास कार्यों के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान नियमानुसार एवं ससमय करने का निर्देश दिया गया।

खेल विभाग द्वारा विगत दिनों में आयोजित हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिता की जानकारी लेते हुए खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराने का निर्देश दिया गया, जिससे जिले के खिलाड़ियों को अवसर प्रदान किया जा सके। कल्याण विभाग द्वारा सरना-मसना स्थलों की घेराबंदी कार्य की जानकारी लेते हुए नियमानुसार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं लक्ष्य के अनुरूप साइकिल वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में सांसद द्वारा विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर सरकारी योजनाओं को ससमय, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। समिति के सदस्यों द्वारा भी कई आवश्यक सुझाव भी दिए गए। उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि बैठक में प्राप्त निर्देशों एवं सुझावों का अक्षरशः अनुपालन सभी पदाधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। सांसद एवं समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धनयवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड एवं सीओ समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सरकार पर चला हाई कोर्ट का चाबूक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा है कि सरकार और उसके अधिकारी न्यायिक प्रक्रिया को बाधित करने के लिए निराधार और दुर्भावनापूर्ण याचिकाएं दाखिल कर रहे हैं। खंडपीठ ने राज्य सरकार की दाखिल पुनर्विचार याचिका को फर्जी और निराधार करार देते हुए खारिज कर दिया तथा संबंधित अधिकारियों पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया, जिसे उन्हें अपनी जेब से जमा करना होगा।

हाई कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि चूंकि सरकारी अधिकारी मुकदमेबाजी का खर्च अपनी जेब से नहीं देते, इसलिए वे बेबुनियाद और अनावश्यक याचिकाएं दायर करने से नहीं हिचकते। अदालत ने इसे सार्वजनिक धन की बबार्दी करार दिया और कहा कि अब इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने का समय आ गया है।

यह मामला आरके कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि 25 अगस्त 2025 को पारित उसके आदेश में मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं की गई थी, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के बाध्यकारी निर्देशों के तहत न्यायालय को तय समय-सीमा में निर्णय करने को कहा गया था। इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा पुनर्विचार याचिका दाखिल करना केवल निष्पादन कार्यवाही को रोकने की मंशा को दर्शाता है।

## नालंदा फिल्म फेस्टिवल

### जब हम अपनी बोलियों के साथ पर्दे पर आते हैं तो संवाद नहीं, पूरा जीवन बोलता है : मनोज भावुक




" जब हम अपनी बोलियों के साथ पर्दे पर आते हैं तो संवाद नहीं, पूरा जीवन बोलता है। वर्ल्ड टू स्क्रीन' की यह यात्रा तभी सार्थक होगी, जब भारतीय सिनेमा भाषाई विविधता को अपनी ताकत माने और हर शब्द, हर बोली को उसकी पूरी गरिमा के साथ स्क्रीन पर स्थान दे। यही सिनेमा को अधिक लोकतांत्रिक, समावेशी और भारतीय बनाएगा।₹ उक्त बातें राजगीर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित पाँच दिवसीय नालंदा लिटरेचर फेस्टिवल 2025' में भोजपुरी सिनेमा के इतिहासकार व प्रख्यात फिल्म गीतकार मनोज भावुक ने कही।

इस सत्र से पहले, व्यॉड बॉल्स, वीं ज लैंग्वेज में भी मुख्य वक्ता के रूप में मनोज भावुक ने भोजपुरी भाषा के साथ भेद भाव पर खुलकर बोला। लिपि के बहाने पर मनोज ने कहा कि ₹जब एक देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली भाषाएं; यथा - संस्कृत, मराठी, नेपाली, संथाली, अब डोगरी और मणिपुरी आदि संवैधानिक मान्यता प्राप्त कर सकती हैं तो अपनी प्राचीन लिपि कैथी और महाजनी को छोड़कर देवनागरी को अपनाने वाली तीस करोड़ लोगों की भाषा भोजपुरी के साथ सौतेला व्यवहार कोई सरकार अथवा संसद कैसे कर सकता है ?

'वर्ल्ड टू स्क्रीन' सत्र के मुख्य आकर्षक व अपने ठेठ अंदाज व संजीदा अभिनय के लिए जाने जाने वाले अभिनेता संजय मिश्रा ने कहा कि "मैं स्क्रिप्ट नहीं पढ़ता। सीन, सिचुएशन और किरदार को समझता हूँ और उसे जीता हूँ। " उन्होंने बहुत सारी फिल्मों का उदारण दिया।

इम्पा के अध्यक्ष अभय सिन्हा व निमार्ता अभय सिन्हा ने कहा मैंने अनेक विषयों को लेकर लगभग डेढ़ सौ फिल्में बनाईं, उनसे ऐसी बहुत सारी फिल्में हैं जो अपने सीमित बजट में भी दूसरे भाषा की फिल्मों से बेहतर नहीं तो कमतर भी नहीं हैं। उन्होंने भोजपुरी क्षेत्र के हिंदी में स्थापित अभिनेताओं से अपनी मातृभाषा में काम करने की अपील की। इस सत्र को मॉडरेट किया सुप्रसिद्ध लेखक पंकज दुबे ने। एनएलएफ की आयोजक डी आलिया और गंगा कुमार ने स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया।

इस पाँच दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने किया। इस साहित्यिक आयोजन में सांसद डॉ. सोनल मानसिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ. शशि थरूर, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार, नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी, नव नालंदा महाविहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह, आईपीएस अमित लोढ़ा, मॉरिशस की विदुषी सरिता बुधू सहित देश-विदेश से आए अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, स्वीडन, वियतनाम, श्रीलंका और जापान से आए बौद्ध भिक्षुओं ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## बिहार के विकास को मिलेगी नयी रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग और कन्वर्जेन्स फाउंडेशन के बीच तीन वर्ष की रणनीतिक साझेदारी शुरू करने का निर्णय लिया गया है। जिसपर सहमति राज्य के मुख्य सचिव की उपस्थिति में बनी।इस अवसर पर योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव के सेंथिल कुमार, सचिव कँवल तनुज, संयुक्त सचिव रविश किशोर, उप निदेशक अशोक कुमार तिवारी, वरीय अनुसंधान पदाधिकारी शिप्रा, जनसंपर्क पदाधिकारी प्रेम शंकर, सहायक निदेशक श्रुति सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। टीसीएफ की ओर से प्रवीण खांगटा, अदिति एल्हंस, नरेंद्र, गोपाल कृष्णन नायर, पल्लवी ढल, कमलनाथ झा और आदित्य तिवारी उपस्थित थे। यह साझेदारी राज्य सरकार की विकास और वृद्धि से जुड़ी प्राथमिकताओं को मजबूत करने के लिए की गई है। समझौते के तहत टीसीएफ बिहार सरकार को नीति निर्माण, सुधारों के क्रियान्वयन और प्रमुख क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग देगा। यह सहयोग टीसीएफ या उससे जुड़े संगठनों और विशेषज्ञ संस्थाओं के माध्यम से बिना शुल्क आधार पर भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा, मुख्य सचिव द्वारा समय-समय पर चिन्हित किए गए अन्य उभरते प्राथमिक क्षेत्रों में भी टीसीएफ अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करेगा।

## लोग कर रहे निकाय चुनाव का इंतजार

**पाकुड़।** लंबे इंतजार के बाद नगर निकाय चुनाव की उम्मीद बलवती हुई है। नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है। पूर्व पार्षद के साथ साथ चुनाव में भाग्य आजमाने को आतुर उम्मीदवार अपने अपने क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। वोटरों को साधने की कवायद तेज हो गई है। जल्द ही नगर निकाय चुनाव का बिगुल बजने वाला है।

नए वर्ष के प्रथम तिमाही में चुनाव होने की संभावना जताई जा रही है। पिछले दिनों प्रेस कांफ्रेंस में डीसी ने चुनावी तैयारियों को लेकर जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

## ठंड को ले 26 दिसम्बर तक आठवीं तक की कक्षाएं रहेगी बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** कोहरे से मंगलवार को भी ट्रेन व अन्य वाहनों का परिचालन भी प्रभावित रहा। अधिकतर ट्रेन पांच से दस घंटा विलंब से सासाराम व डेहरी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ठंड के कारण रेलवे स्टेशन पर भी सन्नाटा पसरा रहा। पूरे दिन लोग घर में दुबके रहे। सड़कों के किनारे लोग टायर व घर पतवार जला ठंड से राहत लेने का काम किया। जिले में दिन प्रतिदिन तापमान में दर्ज की जा रही गिरावट, ठंड व कोहरा को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ी राहत दी है ।ठंड के मद्देनजर रोहतास जिले की आंगनबाड़ी केंद्र, प्री-प्राइमरी प्राथमिक व मध्य विद्यालय (सरकारी व निजी) के अलावा कक्षा आठवीं तक संचालित होने वाले कोचिंग संस्थान में शिक्षण कार्य को 26 दिसंबर तक बंद कर दिया है। आठवीं से ऊपर की कक्षा संचालित होने वाले शिक्षण संस्थान सुबह दस से दोपहर बाद साढ़े तीन बजे तक खुलेंगे।

डीईओ मदन राय ने बताया कि फिलहाल यह आदेश 26 दिसंबर तक लागू रहेगा। सुबह दस से पहले व दोपहर बाद साढ़े तीन बजे के बाद जो शिक्षण संचालित होते पाएं जाएंगे, उसके संचालक व हेडमाटर पर आपदा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। अगर मौसम अनुकूल नहीं रहा तो जिला प्रशासन आगे संचालन समय पर विचार करेगा।

डीएम उदिता सिंह के निर्देश पर डीईओ ने इस संबंध में पत्र निर्गत कर दिया है। डीएम के निर्देश व निर्गत पत्र से हेडमास्टरों, निजी विद्यालयों व कोचिंग संचालकों के साथ-साथ विभागीय व प्रशासनिक अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है।

## चतरा में खुलेगा दूध कलेक्शन सेंटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने और पशुपालकों की आय बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। दूध संग्रहण को लेकर जिला प्रशासन व झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादन महासंघ लिमिटेड के बीच करार हुआ है। समझौते के तहत जिले में दूध संग्रहण एवं विपणन केंद्रों की स्थापना की जाएगी, जिससे स्थानीय पशुपालकों को अपने उत्पाद का उचित और समय पर मूल्य मिल सकेगा।

इसके लिए आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट से 4.98 करोड़ रुपये का आवंटन मुहैया कराया जा रहा है। जिससे मिल्क टैंकर, कूलर, कंटेनर आदि का क्रय किया जाएगा।

जिले में कुल दस संग्रहण व विपणन केंद्र खोले जाएंगे। जिसमें शहर के तीन स्थानों के अलावा अधिक दूध उत्पादित करने वाले प्रखंड इसमें शामिल हैं। इन केंद्रों के माध्यम से प्रतिदिन दूध की खरीद की जाएगी और गुणवत्ता के अनुसार भुगतान किया जाएगा। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और पशुपालकों को सीधे लाभ मिलेगा। जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पशुपालक आधुनिक तरीके से दुग्ध उत्पादन के लिए प्रेरित होंगे, वहीं रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। मेधा डेयरी की ओर से गुणवत्ता जांच, समयबद्ध भुगतान और तकनीकी सहयोग की व्यवस्था की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और




पशु स्वास्थ्य सेवाओं को भी सशक्त किया जाएगा। कुल मिलाकर यह पहल जिले को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

दुग्ध संग्रहण व विपणन के लिए दस स्थानों को चिन्हित की गई है। झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादन महासंघ लिमिटेड की टीम को संबंधित अंचल अधिकारियों ने चिन्हित भूमि का स्थल निरीक्षण करा चुके हैं।

यह प्रक्रिया अगस्त महीने में पूरी हो चुकी है। जिन स्थानों पर केंद्र स्थापित होंगे, उनमें शहर के नगवां मोहल्ला, जतराहीबाग व लाइन मोहल्ला के अलावा सदर प्रखंड के देवरिया व किशुनपुर और प्रखंडों में इटखोरी, गिद्धौर, हंटरगंज, टंडवा के मिश्रौल व गाड़ीलौंग शामिल है। इन सभी केंद्रों में दुग्ध का संग्रहण के साथ-साथ क्रय व विक्रय भी होगा। इतना ही नहीं दूध से बनने वाली दूसरी वेराइटी जैसे दही, पनीर, घी, खोवा, राबड़ी आदि की भी बिक्री होगी।

## मदारी से छुड़ाया भालू, भेजा जायेगा पुर्नवास केंद्र

**नवबिहार आइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिले के तालझारी इलाके में रोज की तरह मदारी इलाके में घूम-घूमकर भालू का खेल दिखा रहा था, लेकिन इस बार उसका खेल ज्यादा देर नहीं चल सका। सूचना के आधार पर पहुंची वन विभाग की टीम ने स्लॉथ भालू (रीछ) को जब्त कर लिया, जबकि मदारी मौके से फरार हो गया।मामला तालझारी वन प्रक्षेत्र के अंतर्गत बरहड़वा प्रखंड के बांसकोला गांव का है। सूचना मिली थी कि एक मदारी भालू को पकड़कर लोगों के मनोरंजन के लिए इस्तेमाल कर रहा है। सूचना मिलते ही क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे के नेतृत्व में वन पाल राणा रंजीत चौधरी, वनरक्षी पप्पू कुमार यादव, राजेश टुडू और सन्नी रजक की टीम मौके पर पहुंची। वन कर्मियों को देखते ही मदारी भालू को छोड़कर भाग खड़ा हुआ।

वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भालू को सुरक्षित रेस्क्यू कर वन कार्यालय तालझारी लाया। फिलहाल उसे पिंजरे में रखा गया है और उसकी स्वास्थ्य जांच कराई जा रही है। वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ने बताया कि रेस्क्यू किए गए भालू को पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद सुरक्षित पुनर्वास के लिए उपयुक्त केंद्र में भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फरार मदारी की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। उसके विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत कार्रवाई की जाएगी। श्री गर्ग ने कहा कि भालू को बांधकर रखना या मनोरंजन के लिए उसका इस्तेमाल करना गंभीर अपराध है। भालू एक संरक्षित वन्यजीव है और किसी भी व्यक्ति को उसे पकड़ने, कैद में रखने या प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है। ऐसा करने पर जुमार्ना और कारावास दोनों का प्रावधान है। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी वन्यजीवों के साथ अवैध गतिविधि, बंधक बनाना या शिकार की जानकारी मिले तो तुरंत विभाग को सूचित करें।

## पुलिस ने ड्रोन से की अफीम की खेती की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खरसावां।** सरायकेला-खरसावां जिले में अफीम की अवैध खेती पर रोक लगाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर खरसावां थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में संभावित अफीम खेती को लेकर व्यापक स्तर पर भौतिक सत्यापन अभियान चलाया गया।

इस दौरान आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन कैमरे से खेतों की निगरानी की गई। खरसावां थाना क्षेत्र के रायजमा, चैतनपुर, गोबरगोंता समेत अन्य सीमावर्ती गांवों में ड्रोन के माध्यम से वीडियो और फोटो रिकॉर्डिंग की गई।

एसएसबी रायजमा और खरसावां पुलिस की संयुक्त टीम ने अब तक करीब 80 एकड़ भूमि का भौतिक सत्यापन किया। जांच के दौरान कहीं भी अफीम की अवैध खेती नहीं पाई गई, जिससे प्रशासन को राहत मिली है।

सत्यापन में यह भी सामने आया कि अधिकांश खेत परती अवस्था में हैं। वहीं, कुछ खेतों को वैध कृषि कार्यों

### जवानों ने लोगों को किया जागरूक

के लिए तैयार किया गया है, जिनमें सरसों, मटर, आलू, चना और विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती की जा रही है।

भौतिक सत्यापन के साथ-साथ पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया गया। खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार ने रायजमा, चैतनपुर, गोबरगोंता सहित अन्य गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को अफीम की अवैध खेती और इसके विक्रय से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि अफीम की खेती और तस्करी गंभीर अपराध है, जिसमें कठोर सजा और भारी जुमार्ने का प्रावधान है।

ग्रामीणों को अफीम के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों से भी अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें अफीम के स्थान पर वैकल्पिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि वे कानूनी रूप से अपनी आय बढ़ा सकें और किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बच सकें।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष खरसावां के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए करीब 83 एकड़ भूमि में लगी अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया था। उसी के बाद से पुलिस और प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है।

इस वर्ष ड्रोन के माध्यम से की गई जांच में अवैध खेती नहीं मिलने को प्रशासन अपनी सतर्कता और जागरूकता अभियानों का सकारात्मक परिणाम मान रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह के सत्यापन अभियान जारी रहेंगे। किसी भी स्तर पर अफीम की अवैध खेती या तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं अफीम की खेती या इससे जुड़े अवैध गतिविधियों की जानकारी मिले, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## अब बिना डोनर के मरीजों को मिलेगा खून

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** हाल के दिनों में झारखंड में रक्त व्यवस्था की गंभीर खामियों पर झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए ऐतिहासिक और दूरगामी आदेश दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया है कि अब मरीजों या उनके परिजनों से किसी भी स्थिति में डोनर या रक्त की मांग नहीं की जा सकती।

सरकारी और निजी अस्पतालों को बिना डोनर के ही मरीजों को आवश्यक रक्त उपलब्ध कराना होगा। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और राज्य रक्त आधान परिषद (एसबीटीसी) को निर्देश दिया है कि राज्य के सभी जिलों में तीन माह के भीतर ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट स्थापित की जाए।अदालत ने माना कि झारखंड में राष्ट्रीय रक्त नीति और ट्रांसफ्यूजन गाइडलाइंस का वर्षों से समुचित पालन नहीं हो रहा है। इसका सीधा असर गंभीर मरीजों पर पड़ रहा है। वर्तमान में राज्य के केवल तीन जिलों में ही ब्लड कंपोनेंट की सुविधा उपलब्ध है, जबकि शेष जिलों में आज भी होल ब्लड चढ़ाने की मजबूरी बनी हुई है।

इससे प्लेटलेट, प्लाज्मा या पैक्ड रेड सेल्स की जरूरत वाले मरीजों को रांची जैसे बड़े केंद्रों में रेफर किया जाता है, जिससे इलाज में देरी और जान का खतरा बढ़ जाता है। इस आदेश के बाद विभाग में कवायद शुरू हो गई है।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि राज्य में रक्त संग्रह का एकमात्र आधार स्वैच्छिक रक्तदान होना चाहिए। 100 प्रतिशत रक्त संग्रह स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के जरिए सुनिश्चित किया जाए। निजी अस्पतालों और ब्लड बैंकों को भी अपनी जरूरतों के अनुसार नियमित रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।

अदालत ने यह भी कहा कि रिप्लेसमेंट डोनेशन की परंपरा न केवल असुरक्षित है, बल्कि राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों के भी खिलाफ है।

## विधानसभा की क्रियान्वयन समिति ने जिले का किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति द्वारा आज खूँटी जिले का दौरा किया गया।

इस अवसर पर समिति के सदस्य-सह- विधायक कोलेबिरा नमन विक्सल कोनगाड़ी द्वारा परिसदन भवन, खूँटी के सभागार में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में समिति के सदस्य-सह-विधायक खूँटी विधानसभा क्षेत्र, राम सूर्या मुण्डा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की कार्रवाई प्रारंभ होने से पूर्व उपायुक्त आर रॉनिटा एवं उप विकास आयुक्त आलोक कुमार द्वारा सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

बैठक में समिति द्वारा जिले में लंबित अनागत प्रश्नों के समाधान और विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आपूर्ति विभाग के तहत किसानों को एक मुश्त राशि का



भुगतान संबंधी सरकार के निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिए गए, जिससे किसानों को समस्या न हो।

सिविल सर्जन से पोस्टमार्टम के पश्चात शव को ले जाने के लिए वाहनों की उपलब्धता की जानकारी ली गई एवं अतिरिक्त वाहनों के लिए प्रस्ताव भेजने को कहा गया। जिससे पर्याप्त संख्या में वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के संचालन की भी जानकारी ली गई। पंचायतीराज विभाग अंतर्गत प्रश्न के आलोक में किए गए कार्य की भी जानकारी ली गई।

कल्याण विभाग अंतर्गत अल्पसंख्यक विद्यालयों में बच्चों को साईकल वितरण, छात्रवृत्ति भुगतान एवं शिक्षा विभाग के तहत पोशाक वितरण की जानकारी ली गई। एवं ससमय लक्ष्य के अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ छात्र छात्राओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खूँटी जिला में कुल राजस्व निरीक्षक की जानकारी ली गई एवं उत्तरदायित्व पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए।

वहीं जमीन की ऑनलाइन एंट्री में भी त्रुटियों के निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए कार्य के निष्पादन के निर्देश दिए गए। यदि कोई जन कल्याण हेतु कार्य जो पॉलिसी में नही है, उसे पॉलिसी में लाने एवं सरकार का ध्यान आकर्षित करने हेतु सुझाव देने को भी कहा गया। विद्युत विभाग अंतर्गत खराब पड़े ट्रांसफार्मर को ससमय ठीक करने की जानकारी ली गई। ग्रामीण विकास एवं भूमि संरक्षण विभाग को आपसी समन्वय बनाकर सेमियालता की खेती को लेकर निर्देश दिए गए, जिससे किसानों को समस्या न हो।

आये दिन हाथियों द्वारा किसानों के फसलों आदि को क्षतिग्रस्त किए जाने से संबंधित मामले को देखते हुए उनके खाने के लिए पेड़ लगाने समेत अन्य व्यवस्था करने का निर्देश वन प्रमंडल को दिया गया। जिससे हाथी किसानों के फसलों को नष्ट न करें। शिक्षा विभाग के तहत जर्जर विद्यालय की मरम्मत, सुचारू रूप से पठन पाठन, शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली गई। साथ हीं पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को नियमित जलापूर्ति एवं आरईओ को सड़क निर्माण की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

समिति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसामान्य से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें और विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुँच को अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक के अंत में उप विकास आयुक्त द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई समाप्त हुई।

इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमण्डल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक आईटीडीए, सिविल सर्जन, डीसीएलआर, जिला योजना पदाधिकारी, जिला अभियंता, उत्पाद अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, समेत अन्य विभागों के कार्यपालक अभियंता, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, उपस्थित थे।

# अंडर-19 टीम के निराशाजनक प्रदर्शन पर बीसीसीआई गंभीर

**होगी समीक्षा बैठक**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम को 21 दिसंबर को दुबई में खेले गए एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल इस हार को गंभीरता से ले रही है और भारतीय टीम के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा बैठक करने वाली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने सोमवार को ऑनलाइन एपेक्स काउंसिल मीटिंग के दौरान भारत के अंडर-19 एशिया कप में प्रदर्शन की समीक्षा करने का फैसला किया। बोर्ड के सदस्यों ने भारतीय टीम के प्रदर्शन की समीक्षा को जरूरी बताया। बोर्ड टीम मैनेजमेंट से पाकिस्तान के खिलाफ निराशाजनक हार पर जवाब मांग सकता है। साथ ही हेड कोच ऋषिकेश कानिटकर और कप्तान आयुष म्हात्रे से भी अलग से बात की जा सकती है। अंडर-19 विश्व कप नजदीक है। भारतीय टीम का इस मेगा इवेंट के लिए अब तक ऐलान नहीं हुआ है। ऐसे में टीम की घोषणा से पूर्व एशिया कप में प्रदर्शन की समीक्षा जरूरी है। फाइनल के दौरान भारतीय खिलाड़ियों पर पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट ने गलत बर्ताव का आरोप लगाया है। मैच के दौरान भारतीय टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे और सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आउट होने के बाद पाकिस्तानी तेज गेंदबाज अली रजा से भिड़ गए थे। बीसीसीआई इस मुद्दे पर बात करेगा या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। फाइनल के बाद पाकिस्तान टीम के मेंटर सरफराज अहमद और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारतीय खिलाड़ियों के व्यवहार को खेल भावना के विपरीत बताया। मोहसिन नकवी ने तो इस मुद्दे को आईसीसी के सामने उठाने की बात भी कही है। 21 दिसंबर को हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान ने भारत को 348 रन का लक्ष्य दिया था। भारतीय टीम 156 पर सिमट गई और 191 रन से खिताबी मुकाबला हार गई।

**हॉकी इंडिया का बड़ा ऐलान**

# आगामी लीग के लिए फैंस को मिलेंगे मुफ्त टिकट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग 2025-26 को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए बताया है कि आगामी सीजन के मुकाबलों के लिए दर्शकों को मुफ्त टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे। इसका मकसद देश के अलग-अलग शहरों में हॉकी के प्रति फैंस की भागीदारी बढ़ाना और खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाना है।

महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत 28 दिसंबर से रांची में होगी और यह टूर्नामेंट 10 जनवरी तक चलेगा। वहीं, पुरुष हॉकी इंडिया लीग का आगाज 3 जनवरी से चेन्नई में होगा, जिसके बाद मुकाबले 11 जनवरी से रांची में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का अंतिम चरण हॉकी के गढ़ माने जाने वाले भुवनेश्वर में 17 से 26 जनवरी के बीच आयोजित होगा। हॉकी इंडिया लीग की गवर्निंग कमेटी के चेयरपर्सन दिलीप तिर्की ने कहा, 'हमने एक बार फिर फैसला किया है कि चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में होने वाले सभी मुकाबलों के लिए हॉकी प्रेमियों को मुफ्त टिकट दिए जाएंगे। महिला लीग रांची में होगी, जबकि पुरुषों की लीग तीन शहरों में खेली जाएगी। हमारा उद्देश्य स्टेडियम को उन फैंस से भरना है जो अपने पसंदीदा सितारों को खेलते देखना चाहते हैं। इस सीजन में दुनिया के कई शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और हमें शानदार हॉकी देखने की उम्मीद है। इस साल की हॉकी इंडिया लीग में आठ पुरुष टीमें और चार महिला टीमें हिस्सा लेंगी। नए और रिवैम्प्ड फॉर्मेट के साथ दोनों लीग में तेज रफ्तार और रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिससे फैंस को पूरे एक महीने तक शानदार हॉकी का आनंद मिलेगा।

**भारतीय खेल मंत्रालय का बड़ा फैसला**

# फुटबॉल महासंघ समेत सभी चुनाव स्थगित करने की मंजूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खेल मंत्रालय ने नया कदम उठाते हुए राष्ट्रीय खेल महासंघ को भारतीय फुटबॉल महासंघ समेत सभी चुनावों को 31 दिसंबर 2026 तक टालने की मंजूरी दी है। 22 दिसंबर 2025 को मंत्रालय द्वारा जारी एक लेटर के माध्यम से सभी महासंघों को जानकारी दी गई है। हाल ही में पारित राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम द्वारा आवश्यक मूलभूत परिवर्तनों को लागू करने के लिए, महासंघों को दिसंबर 2026 तक चुनाव स्थगित करने की अनुमति दी जाएगी। मंत्रालय द्वारा सभी महासंघों और आईओए (भारतीय ओलंपिक संघ) को भेजे गए लेटर के अनुसार, 'एनएसजी अधिनियम, 2025 के तहत अनुपालन आवश्यकताओं के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा बलों (हस्त्र) को एक सटीक चुनावी संरचना और प्रक्रियाएं स्थापित करने और एनएसएफ के संविधान/नियमों को एनएसजी अधिनियम के अनुरूप बनाने के लिए पर्याप्त तैयारी का समय आवश्यक है। ' राष्ट्रीय सुरक्षा बल (एनएसएफ) को अपनी आम सभा का फिर से गठन करने और यह सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय खोजने होंगे कि सभी सदस्य और इकाइयां एनएसजी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार ही हों। अधिनियम के अनुसार, सभी एनएसएफ कार्यकारी समितियों की संख्या 15 निर्धारित की गई है, और कम से कम चार आउटस्टैंडिंग मेरिट वाले स्पोर्ट्स पर्सन (एसओएम) अनिवार्य सदस्य होंगे। कार्यकारी समिति का कार्यकाल अधिकतम चार वर्ष होगा। इसमें आगे कहा गया, 'नए शासन ढांचे के तहत सुचारू परिवर्तन को सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा बलों द्वारा एनएसजी अधिनियम के तहत लीगल आवश्यकताओं को अमल करन के लिए पर्याप्त समय देने के लिए, यह निर्णय लिया गया है।

**ग्लोबल चैस लीग**

# त्रिवेणी ट्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स और अल्पाइन पाइपर्स दू के बीच होगा फाइनल



**मुंबई, एजेंसी।** कल दो बार की विजेता डिफेंडिंग चैंपियन ट्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स टेक महिंद्रा ग्लोबल चेस लीग के फ़ाइनल में लगातार तीसरे साल खिताब जीतने के लिए उतरेगी और उनके सामने होंगी पहली बार फाइनल पहुँचने वाली एसजी अल्पाइन पाइपर्स जबकि तीसरे स्थान के लिए होने वाले मुक़ाबले में डी गुकेश के नेतृत्व वाली टीम पीजीबी अलस्कन नाइट्स और विश्वनाथन आनंद के नेतृत्व वाली गैंगेज ग्रैंड मास्टर्स के बीच मुकाबला होगा। यह फाइनल बेस्ट ऑफ़ दो मुक़ाबले के फॉर्मेट पर आधारित होगा। आज लीग चरण के तीन अंतिम मुक़ाबले खेले गए जिसमें सबसे पहले फ़ाइनल में जगह बना चुकी त्रिवेणी ट्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स नें आइकॉन बोर्ड पर अलीरेजा फ़िरोज़ा की मैक्सिम लाग्रेव पर और सुपरस्टार बोर्ड पर वे यी की वेस्ली सो पर जीत के दम पर 10-9 के करीबी मुक़ाबले में मुम्बा मास्टर्स को पराजित करते हुए उनकी फ़ाइनल पहुँचने की उम्मीद तोड़ दी।



**इस साल 90 मीटर की दूरी पार करने में सफल रहे नीरज चोपड़ा**

# डोपिंग के डंक ने एथलेटिक्स को सताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय एथलेटिक्स के लिए 2025 का साल उतार चढ़ाव भरा रहा। भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने जहां 90 मीटर का आंकड़ा पार किया, लेकिन वह विश्व चैंपियनशिप में खिताब बरकरार नहीं रख सके। वहीं, डोपिंग ने भी भारतीय एथलेटिक्स को काफी सताया। वर्ष 2025 अब समापन की ओर बढ़ रहा है। कुछ ही दिन बाद 2026 की शुरुआत हो जाएगी और 2025 का साल यादों में रह जाएगा। खेलों के लिहाज से यह साल भारत के लिए काफी अच्छा रहा, लेकिन एथलेटिक्स में उतार-चढ़ाव देखने को मिले। भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार करने में सफल रहे, लेकिन डोपिंग के डंक ने एथलेटिक्स को काफी सताया।

- **विश्व चैंपियनशिप में नीरज के हाथ लगी निराशा–** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने दोहा डायमंड लीग में भाला फेंक में मानक माने जाने वाले 90 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसी वर्ष टोक्यो में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पदक जीतने में नाकाम रहने से उन्हें निराशा भी हाथ लगी।

**कई एथलीट डोपिंग का हुए शिकार**

डोपिंग का खतरा कम होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं क्योंकि कई शीर्ष भारतीय खिलाड़ी इसकी चपेट में आ गए। इनमें ओलंपियन भाला फेंक खिलाड़ी शिवपाल सिंह और एशियाई खेलों की पूर्व पदक विजेता चक्का फेंक की खिलाड़ी सीमा पुनिया भी शामिल हैं। अपनी तरह के पहले मामले में एक एथलीट और उसके कोच की जोड़ी को डोपिंग के लिए निलंबित कर दिया गया।

## शादी के बंधन में भी बंधे नीरज

भारतीय खेलों के नायक नीरज इस साल हिमाचल प्रदेश के एक निजी रिसॉर्ट में टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर के साथ परिणय सूत्र में बंधे। इस समारोह में कुछ करीबी रिश्तेदार और परिवार के सदस्य ही मौजूद थे। लोगों को इसके बारे में तभी पता चला जब नीरज ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शादी की तस्वीरें पोस्ट कीं। इसके कुछ महीनों बाद नीरज ने अपना भाला 90.23 मीटर तक फेंका।

**ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड**

# पैट कमिंस एशेज का एक मैच खेलकर हुए बाहर

**स्टीव स्मिथ की वापसी, संभालेंगे टीम की कमान**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ एशेज 2025-26 का खिताब रिटेन करते हुए सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। एडिलेड टेस्ट में लंबे समय के बाद टीम में वापसी करने वाले पैट कमिंस अब सीरीज के चौथे मुकाबले से बाहर हो गए हैं। स्टीव ऑस्ट्रेलिया को अजेय बढ़त दिलाई। उन्होंने गेंदबाजी में भी 3-3 विकेट दोनों पारियों में झटके थे। हालांकि, मैच के बाद ही उन्होंने कह दिया था शायद वह अगला मैच नहीं खेल पाएंगे। अब उनकी जगह चौथे टेस्ट में स्टीव स्मिथ लौटेंगे और टीम की कमान संभालेंगे। स्मिथ की कप्तानी में



स्मिथ की टीम में वापसी हुई है और वह मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया की कमान संभालेंगे। चौथा मुकाबला बॉक्सिंग डे टेस्ट होगा जो 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा। पैट कमिंस ने एडिलेड टेस्ट में बतौर कप्तान शानदार जीत हासिल की थी और टीम ने पहले दोनों मैच पर्थ और ब्रिसबेन में जीते थे।


पैट कमिंस के बाहर होने का कोई खास कारण उनकी इंजरी जैसा नहीं है, बल्कि वर्कलोड मैनेज करने और इंजरी के बाद तुरंत आने के कारण चौथे टेस्ट से कमिंस को आराम दिया गया है।

**चौथे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया का स्क्वाड**

स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), ब्रेंडन डोग्गेट, कैमरन ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाय रिचर्डसन, मिचेल स्टार्क, जेक वेदरलैंड, ब्यू वेबस्टर।

# पत्नी की निधन के सात साल बाद इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ने रचाई शादी

**उम्र में 18 साल छोटी**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस ने पहली पत्नी की लंग कैंसर से निधन होने के बाद 48 साल की उम्र में दूसरी शादी की. स्ट्रॉस ने खुद से 18 साल छोटी एंटोनिया लिनिअस-पीट से शादी रचाई है. पहली पत्नी की लंग कैंसर से निधन होने के करीब 7 साल बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस ने दूसरी शादी रचाई ली है. स्ट्रॉस ने खुद से 18 साल छोटी अपनी गर्लफ्रेंड के साथ शादी की है. स्ट्रॉस की दूसरी पत्नी का नाम एंटोनिया लिनिअस-पीट है, जिनकी उम्र 30 साल है. स्ट्रॉस और एंटोनिया की ये शादी साउथ अफ्रीका के ऐतिहासिक शहर फ्रांसहोएक में एक निजी समारोह में 17 दिसंबर, 2025 को हुआ.

**स्ट्रॉस की दूसरी शादी पर उनके दोनों बेटे थे मौजूद–** स्ट्रॉस और एंटोनिया की शादी के मौके पर उनके दोनों बेटे सैमुअल और लुका भी मौजूद थे. स्ट्रॉस की पहली पत्नी रूथ का लंग कैंसर के कारण 29 दिसंबर, 2018 को निधन हो गया था.

# भारतीय महिला क्रिकेटरों की सैलरी में जबरदस्त बढ़ोतरी

**बीसीसीआई ने लागू की नई वेतन व्यवस्था**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट के लिए यह एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। बीसीसीआई ने घरेलू सर्किट में खेलने वाली महिला क्रिकेटरों और मैच अधिकारियों की मैच फीस में बड़ी बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। नए वेतन ढांचे के तहत खिलाड़ियों की प्रतिदिन की कमाई में करीब 2.5 गुना तक इजाफा किया गया है। यह फैसला भारत की महिला टीम के 2025 आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद लिया गया है, जहां टीम इंडिया ने पहली बार खिताब अपने नाम किया था।

**वेतन असमानता खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम–** बीसीसीआई का यह फैसला महिला क्रिकेट में लंबे समय से चली आ रही वेतन असमानता को कम करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। खिलाड़ियों के साथ-साथ मैच अधिकारियों की फीस में भी बढ़ोतरी कर बोर्ड ने यह साफ कर दिया है कि वह पूरे महिला क्रिकेट इकोसिस्टम को मजबूत करना चाहता है।

- **सीनियर महिला खिलाड़ियों की मैच फीस में 2.5 गुना बढ़ोतरी**–नए वेतन ढांचे के तहत सीनियर महिला टूर्नामेंट में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनने वाली



खिलाड़ियों की प्रतिदिन मैच फीस 20,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी गई है। वहीं अब सीनियर टीम के रिजर्व खिलाड़ियों को 10,000 रुपये की जगह 25,000 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे, जिससे टीम के हर सदस्य को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी।

- **जूनियर और टी20 टूर्नामेंट्स में भी बढ़ी कमाई–** जूनियर महिला टूर्नामेंट्स में खेलने वाली खिलाड़ियों की फीस भी बढ़ा दी गई है। अब जूनियर प्लेइंग इलेवन को 25,000 रुपये और रिजर्व खिलाड़ियों को 12,500 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। वहीं टी20 मुकाबलों में यह राशि आधी रहेगी, लेकिन पहले के मुकाबले यह बढ़ोतरी काफी अहम मानी जा रही है।
- **महिला क्रिकेट को प्रोफेशनल बनाने पर बीसीसी का फोकस**–यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब महिला क्रिकेट को लेकर दर्शकों की रुचि और वैश्विक स्तर पर इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है।

**नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप**



# 10 मीटर एयर राइफल में नेवी के किरण अंकुश जाधव ने जीता गोल्ड

**भोपाल, एजेंसी।** 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल इवेंट में नेवी के किरण अंकुश जाधव ने गोल्ड मेडल पर निशाना साधा। एमपी स्टेट शूटिंग एकेडमी में जारी इस चैंपियनशिप में अंकुश जाधव ने 252.1 के स्कोर के साथ ओलंपियन अर्जुन बबूता को पछाड़ा। अर्जुन बबूता ने 251.4 के स्कोर के साथ सिल्वर अपने नाम किया, जबकि मौजूदा 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन के नेशनल चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 229.8 के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। 10 मीटर एयर राइफल मेंस जूनियर फाइनल में, गुजरात के मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 254.3 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता। पश्चिम बंगाल के अभिनव शॉ ने 251.6 के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया, जबकि ओंकार विकास वाघमारे 230.1 के साथ तीसरे स्थान पर रहे और ब्रॉन्ज मेडल जीता। ओंकार विकास वाघमारे ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष यूथ फाइनल में 250 के स्कोर के साथ गोल्ड जीता। ओंकार ने आखिरी शॉट्स में निर्णायक बढ़त बनाई और अपने राज्य के साथी नारायण प्रणव से सिर्फ 0.3 अंक आगे रहे, जिन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। तमिलनाडु के शक्तिवेल सेंथिवेल ने 229.5 के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में मंगलवार को भी एक्शन जारी रहेगा।

**आईपीएल की सनसनी कृष्णप्पा गौतम ने किया संन्यास का ऐलान**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक के दिग्गज ऑलराउंडरों में शुमार कृष्णप्पा गौतम ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है. इसके साथ ही भारतीय घरेलू क्रिकेट में उनके 14 साल लंबे करियर का अंत हो गया. निचले क्रम में दमदार बल्लेबाज़ी और भरोसेमंद ऑफ-स्पिन के लिए पहचाने जाने वाले गौतम रणजी ट्रॉफी, आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय



क्रिकेट में एक छोटे लेकिन यादगार सफर के लिए जाने जाते हैं.

**2012 में किया रणजी डेब्यू** – गौतम ने 2012 रणजी ट्रॉफी सीज़न में उत्तर प्रदेश के खिलाफ कर्नाटक के लिए अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू किया और पहले ही मैच में शानदार प्रभाव डाला. अपने पहले मुकाबले में उन्होंने सुरेश रैना और भुवनेश्वर कुमार जैसे बड़े विकेट झटके. उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी और अहम मौकों पर विकेट निकालने की क्षमता ने जल्द ही उन्हें कर्नाटक की मजबूत टीम का अहम हिस्सा बना दिया.

# दिल्ली-एनसीआर में धुंध और कोहरे का सितम

## जीरो विजिबिलिटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में आज भी सुबह से घने स्मॉग की चादर छाई हुई है। गाजियाबाद और नोएडा के कई हिस्सों में विजिबिलिटी जीरो तक गिर गई। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी सुबह 8 बजे विजिबिलिटी सिर्फ 50 मीटर रह गई। वहीं हवा का स्तर भी गंभीर हो चुका है। ज्यादातर इलाकों में एक्यूआई 400 के पार है। ऐसे में फ्लाइट से लेकर ट्रेन तक प्रभावित हैं।

**फिर गंभीर स्तर पर पहुंची दिल्ली की हवा-** राजधानी में हवा की हालत और खराब हो गई है। सुबह 9 बजे तक एयर क्वालिटी इंडेक्स 416 तक पहुंच गया, जो सेहत के लिए बहुत खतरनाक है। हल्की धुंध के साथ यह जहरीली हवा सुबह के समय ड्राइविंग और सांस लेने में बड़ी मुश्किल पैदा कर रही है।

### कोहरा अभी कई दिन रहेगा

मौसम विभाग ने बताया कि सुबह के कोहरे का सिलसिला जारी रहेगा। 24 और 25 दिसंबर को हल्का कोहरा छाएगा, जबकि उसके बाद मॉडरेट कोहरा पड़ने की संभावना है। पंजाब और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में घना से बहुत घना कोहरा छा सकता है। हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा और राजस्थान में भी कई जगहों पर घना कोहरा रहेगा।



### उड़ानों पर असर बरकरार

प्रदूषण और कोहरे की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट पर कई उड़ानें प्रभावित हैं। IGI एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि कोहरे की वजह से सेवाएं प्रभावित हैं। पिछले कुछ दिनों से उत्तर भारत में कोहरे ने यात्रा को प्रभावित किया हुआ है। रविवार को 500 से ज्यादा उड़ानें देरी से चलीं और 100 से अधिक रद्द हुईं। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल में ताजा बर्फबारी हुई है, जिससे कोहरा और गाढ़ा हो रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार तक यह परेशानी जारी रहेगी। बुधवार से हवाएं तेज होंगी और कोहरे की तीव्रता कम हो सकती है।

### क्रिसमस तक राहत के आसार कम

एयर क्वालिटी अर्ली वॉर्निंग सिस्टम के अनुसार, क्रिसमस तक दिल्ली की हवा में सुधार की उम्मीद कम है। 22 से 24 दिसंबर तक एक्यूआई बेहद खराब स्तर में रहेगा। इसके बाद 25 दिसंबर से आगे छह दिनों में यह बेहद खराब से गंभीर के बीच रहेगा।

# दिल्ली की 3 और सड़कें भी होंगी सिग्नल फ्री

### जाम खत्म करने को तीन विभागों ने शुरू किया काम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी को जल्द ही जाम से थोड़ी और मुक्ति मिलने जा रही है। दक्षिणी और पश्चिमी दिल्ली की तीन सड़कों को सिग्नल फ्री कर जाम मुक्त बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई मिलकर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की योजना को अंजाम देने जा रहे हैं। उत्तम नगर-राजौरी गार्डन रिंग रोड पीडब्ल्यूडी के पास है। करीब 6.5 किलोमीटर के रोड पर 10 से अधिक ट्रैफिक सिग्नल हैं। इनसे यहां रोजाना जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इसे देखते हुए एक सर्वे कराकर पुलिस ने रोड को सिग्नल फ्री करने के लिए पीडब्ल्यूडी को प्रस्ताव भेजा था। अब पीडब्ल्यूडी ने सिग्नल बंद करने से पहले ट्रैफिक संचालक के लिए यू-टर्न बनाने को बैरियर की खरीद शुरू कर दी है। अगले महीने जनवरी में यू-टर्न बने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इसी तरह 18.50 किलोमीटर लंबे पीरागढ़ी-टीकरी बॉर्डर रोड को भी सिग्नल फ्री बनाने के लिए डीपीआर बनवाई जा रही है। वहीं, महरौली-गुरुग्राम रोड भी एनएचएआई के पास है, इस पर भी 11 से अधिक ट्रैफिक सिग्नल हैं। एनएचएआई इस रोड को भी जाम मुक्त करने की दिशा में सिग्नल हटाने का काम करने जा रहा है।

**पार्क का नाम 'अटल सद्भावना' रखने की मांग-** वहीं, दिल्ली में रिंग रोड स्थित सद्भावना पार्क का नाम 'अटल सद्भावना पार्क' रखने को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने उपराज्यपाल को पत्र लिखा है। प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को स्मरणीय रूप से मनाया जाए। उन्होंने पार्क में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित करने का सुझाव भी दिया है। खण्डेलवाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी देश के महानतम राजनेताओं में से एक, दूरदर्शी नेता, उत्कृष्ट सांसद और लोकतांत्रिक मूल्यों व राष्ट्रीय एकता के प्रतीक थे। उनका संपूर्ण जीवन और कार्य सद्भावना, संवाद, और सुशासन के आदर्शों पर आधारित रहा है, जिससे पार्क का नामकरण प्रतीकात्मक और सार्थक हो सकता है।

# हिंडन पुल पर अगले महीने से बनेगा रोड

### ग्रेटर नोएडा के इन सेक्टरों और गांवों तक सुधरेंगी सड़कें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा को जोड़ने के लिए हिंडन पुल पर सड़क बनाने का काम अगले महीने से शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए सेतु निगम ने टेंडर जारी कर दिया है। एजेंसियां 2 जनवरी तक आवेदन कर सकती हैं।

सेक्टर-146 के सामने नोएडा-ग्रेटर नोएडा को जोड़ने के लिए हिंडन पर पुल बन रहा है। अब इस पुल पर सड़क बिछाने का काम शुरू किया जाना है। कंक्रीट से ऊपर तक पुल का स्ट्रक्चर बनने के बाद सड़क बननी है। यह काम सेतु निगम दूसरी एजेंसी से करवाएगा, जिसके चयन के लिए टेंडर जारी किया गया है। सड़क की दो परतें (बिटुमिन और मैस्टिक) बिछाने का काम चुनी जाने वाली एजेंसी करेगी। इसके काम में 67 लाख 57 हजार 460 रुपये की लागत अनुमानित है।

अधिकारियों ने बताया कि पुल का निर्माण नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण मिलकर करा रहे हैं। वर्ष 2019 में काम शुरू होने के समय करीब 64 करोड़ रुपये लागत अनुमानित थी।

### ग्रेनो के सेक्टरों और गांवों की सड़कें सुधारी जाएंगी

इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा शहर के सेक्टर और गांवों की सड़कें सुधारी जाएंगी। इस काम पर 30 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर टेंडर जारी कर दिए गए हैं। अगले दो माह में काम शुरू करा दिया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सुनपुरा गांव में इंटरलाकिंग टाइल्स लगाने और सीसी सड़क को ऊंचा करने का काम किया जाएगा। मिलक लच्छी, रोजा जलालपुर, रोजा याकूबपुर और अच्छेजा गांव में रखरखाव का काम किया जाएगा। सलेमपुर गुर्जर गांव में इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाली का निर्माण किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में ऐस प्लेटिनम से एलजी गोलचक्कर तक 60 मीटर चौड़ी सड़क, 130 मीटर चौड़ी सड़क से जगत फार्म बाजार तक और 130 मीटर सड़क से सूरजपुर-कासना मार्ग टी-पॉइंट तक नाली के ऊपर प्रीकास्ट ढक्कन लगाए जाएंगे।

# रेव पार्टी कर रहे 16 नाइजीरियाई समेत 18 अरेस्ट; महिलाएं भी शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस ने सोमवार को बेहल्पा गांव के एक फार्महाउस पर छापा मारकर 16 नाइजीरियाई नागरिकों समेत 18 लोगों को रेव पार्टी करते हुए गिरफ्तार कर लिया। ये लोग वहां बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब परोस रहे थे और जुआ खेल रहे थे।

पुलिस ने मौके से करीब 5 लाख रुपये की महंगी शराब और 32 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पकड़े गए विदेशी दिल्ली और फरीदाबाद में रह रहे थे। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

गुरुग्राम पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बेहल्पा गांव के पास स्थित एलिगेंट फार्म हाउस में एक रेव पार्टी चल रही है। फार्म हाउस में बिना अनुमति के शराब परोसी जा रही है और जुआ खेला जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की एक विशेष टीम ने मौके पर छापा मारा जहां का नजारा देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए। पुलिस ने नाइजीरियाई मूल के 16 नागरिकों सहित कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं।

डीसीपी दक्षिण हितेश यादव ने बताया कि पार्टी में बिना किसी कानूनी लाइसेंस के महंगी विदेशी शराब परोसी जा रही थी। इसमें कई लोग जुए की मेज पर दांव लगा रहे थे।

रेड के दौरान पुलिस ने मौके से करीब तीन लाख 20 हजार रुपये कैश बरामद किया। मौके से 24 पेटी महंगी विदेशी शराब और 16 पेटी बीयर जब्त की गई। इसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपये बताई जा रही है। छापे के दौरान ताश की गड्डियां और डीजे सिस्टम भी कब्जे में लिया गया है।महिलाओं समेत पकड़े गए विदेशी नागरिक दिल्ली के महरौली, साकेत और द्वारका जैसे इलाकों में रह रहे थे। वे अपने वैध पासपोर्ट और वीजा दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। पुलिस ने इनके खिलाफ विदेशी अधिनियम, आबकारी अधिनियम और जुआ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# जलता सिलेंडर हाथ में लेकर दौड़ा कांस्टेबल, बचाई 16 परिवारों की जान

### देवदूत बना पुलिसवाला!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में एक पुलिसकर्मी देवदूत बनकर सामने आया और कई लोगों की जान बचा ली। मोहन गार्डन इलाके में दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल की तत्परता और साहस के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। दरअसल, इलाके में स्थित चारमंजिला इमारत में शनिवार को रसोई गैस सिलेंडर में आग लग गई। सूचना मिलते ही इलाके में तैनात बीट कांस्टेबल अनिल मौके पर पहुंचे और उन्होंने बिना जान की परवाह किए जलते सिलेंडर को इमारत से बाहर निकाला। फिर गीले कपड़े की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। इस इमारत में 16 परिवार रह रहे हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 20 दिसंबर रात सिलेंडर में धमाके की पीसीआर कॉल मिली। बीट कांस्टेबल अनिल दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए और सिलेंडर का रसोई से निकालकर आग बुझाई।

# बांग्लादेश का रणनीतिक यू-टर्न: पाकिस्तान से बढ़ाई सैन्य दोस्ती, भारत पर मंडराया परमाणु खतरा !



**ढाका एजेंसी।** बांग्लादेश का भारत की खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है कि बांग्लादेश पाकिस्तान के साथ एक औपचारिक सैन्य समझौता करने की प्रक्रिया में है। यह समझौता उस मॉडल पर आधारित हो सकता है, जैसा पाकिस्तान ने पहले सऊदी अरब के साथ किया था। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि इस प्रस्तावित करार में परमाणु सहयोग का पहलू भी छिपा हो सकता है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनने के बाद बांग्लादेश और पाकिस्तान के रिश्तों में तेज़ी से नज़दीकियां बढ़ी हैं, जबकि भारत के साथ संबंधों में ठंडापन आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ढाका भारत से दूरी बनाते हुए इस्लामाबाद के और करीब जा रहा है, भले ही इससे आईएसआई को बांग्लादेश में कट्टरपंथ और आतंकवाद को बढ़ावा देने का अवसर मिले।

भारतीय एजेंसियों के अनुसार, यदि यह समझौता अंतिम रूप लेता है तो दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग एक संस्थागत ढांचे में बदल जाएगा। इसके तहत संयुक्त सैन्य अभ्यास, खुफिया जानकारी साझा करना और रणनीतिक समन्वय शामिल होगा। पाकिस्तान पहले ही सऊदी अरब को परमाणु क्षमता से जुड़ी 'संभावित छूट' का संकेत दे चुका है और अब ऐसी ही पेशकश बांग्लादेश को भी दिए जाने की आशंका है। पिछले आठ महीनों में बांग्लादेश और पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है। थलसेना, नौसेना और वायुसेना के अधिकारी एक-दूसरे के देशों के दौरे कर चुके हैं। विशेष रूप से बांग्लादेशी सेना इस समझौते को लेकर काफी उत्साहित बताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, शुरुआत में योजना थी कि अंतिम समझौता फरवरी में होने वाले संसदीय चुनावों के बाद किया जाएगा, लेकिन अब इसे चुनाव से पहले ही अंतिम रूप देने की कोशिश हो रही है। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि यदि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी सत्ता में आई तो यह समझौता अटक सकता है, क्योंकि बीएनपी हाल के महीनों में भारत के प्रति नरम रुख दिखा रही है। एक अधिकारी के अनुसार, यही वजह है कि बांग्लादेश में हिंसा भड़काकर चुनाव टालने की कोशिशें की जा रही हैं, ताकि समझौते को लागू करने के लिए समय मिल सके। फिलहाल जनमत सर्वेक्षणों में बीएनपी को मामूली बढ़त मिलती दिख रही है, लेकिन ढाका और इस्लामाबाद दोनों चुनावी रुझानों पर करीबी नज़र बनाए हुए हैं।

# यूएस-यूएन पर उठे सवाल: बांग्लादेश में हिंदू की हत्या पर 4 दिन बाद अफसोस

### उस्मान हादी की मौत पर तुरंत बयान क्यों?

**लंदन, एजेंसी।** बांग्लादेश में 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या के चार दिन बाद अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया सामने आई है। इस देरी को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चयनात्मक संवेदना और दोहरे मानदंड के आरोप लगने लगे हैं। अमेरिकी सांसदों और संयुक्त राष्ट्र ने अब बांग्लादेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की बात की है। लेकिन आलोचकों का कहना है कि यह प्रतिक्रिया बहुत देर से आई है।दिलचस्प बात यह है कि कुछ ही दिन पहले बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शनों से जुड़े नेता शरीफ उस्मान बिन हादी की गोली मारकर हत्या के मामले में संयुक्त राष्ट्र ने तुरंत बयान जारी कर कड़ी निंदा की थी।



वहीं, हिंदू युवक की नृशंस हत्या पर ह और अमेरिका की चुप्पी चार दिनों तक बनी रही। दीपू चंद्र दास को ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने बेरहमी से पीटा, फिर शव को आग लगाकर सड़क पर फेंक दिया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार अब तक इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।न्यूयॉर्क की विधायक जेनिफर राजकुमार और अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने अब इसे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा का उदाहरण बताया है।

वहीं, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भी हिंसा पर चिंता जताई है, लेकिन देरी से आई यह चिंता कई सवाल छोड़ जाती है। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि यदि पीड़ित की पहचान अलग होती, तो शायद प्रतिक्रिया भी अलग समय पर आती। यही वजह है कि यह मामला अब केवल हत्या का नहीं, बल्कि वैश्विक संस्थाओं की निष्पक्षता और प्राथमिकताओं का भी बन चुका है।


## फरीदाबाद जिले में 4 दशक में पहाड़ियों की ऊंचाई घटी

नई दिल्ली, एजेंसी। फरीदाबाद जिले की अरावली की पहाड़ियों में खनन की मंजूरी नहीं होती तो केंद्र सरकार की नई परिभाषा में अरावली अधिकांश हिस्से में अपना वजूद बचा लेती। सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मिलने के बाद पर्यावरण प्रेमियों ने यह दावा किया है। उनका कहना है कि पिछले चार दशकों में लगातार हुए खनन से पहाड़ियों की ऊंचाई घटती चली गई। खनन से पहले यहां काफी जगह अरावली 100 मीटर से ज्यादा ऊंची थी। फरीदाबाद जिले में अरावली का रकबा करीब 10 हजार हेक्टेयर है, जो करीब 20 गांवों में आता है। पर्यावरण प्रेमियों का दावा है कि उपरोक्त रकबे के अधिकांश हिस्से में पत्थर और सिल्का सेंड के लिए खनन किया गया। यह सिलसिला करीब 40 साल चला। खनन से जुड़े रहे देवेंद्र का कहना है कि जब सरकार की मंजूरी से खनन हुआ था तो कारोबारियों ने अरावली में पहाड़ी को पहले खत्म किया, उसके बाद करीब 500 फुट गहरी खदान बना डाली थी। जो आज झील का रूप ले चुकी हैं। दावा किया जा रहा है कि पांच हजार से ज्यादा खदान थीं। पर्यावरण प्रेमी विष्णु, सुनील, राकेश आदि का कहना है कि जिले की अरावली से ही दिल्ली-एनसीआर में निर्माण सामग्री की आपूर्ति करने का सिलसिला शुरू हुआ, जो आज भी जारी है। गांव पाली की अरावली में आज भी क्रेसर जोन चल रहे हैं, जिनकी संख्या करीब तीन सौ थी।

# बांग्लादेश में जिंदा रहने का अधिकार खतरे में

### मीडिया अस्तित्व की लड़ाई का सामना कर रहा है

● पत्रकारों के जिंदा रहने के अधिकार पर चिंता ● अखबारों के कार्यालयों में तोड़फोड़ और आगजनी



**ढाका, एजेंसी।** प्रमुख बांग्लादेशी अखबारों के संपादकों ने सोमवार को कहा कि देश का मीडिया अस्तित्व की लड़ाई का सामना कर रहा है। पत्रकारों के जिंदा रहने के अधिकार पर चिंताओं ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पीछे छोड़ दिया है।

यह टिप्पणी गुरुवार की रात ढाका में भीड़ द्वारा प्रोथोम आलो और द डेली स्टार अखबारों के कार्यालयों में तोड़फोड़ और आग लगाने की घटना के बाद आई है। इसमें कई पत्रकार और कर्मचारी घंटों तक अंदर फंसे रहे क्योंकि पुलिस और अग्निशमन सेवाओं को शुरू में मौके पर पहुंचने से रोका गया था। डेली स्टार के संपादक और प्रकाशक महफूज अनम ने वरिष्ठ राजनेताओं, व्यापारिक नेताओं और मीडिया मालिकों की उपस्थिति में एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अब मुख्य मुद्दा नहीं है। अब यह जिंदा रहने के अधिकार के बारे में है।

**पत्रकारों और कर्मचारियों को मारना था उद्देश्य:** उन्होंने कहा, बांग्लादेश में मीडिया अस्तित्व की लड़ाई का सामना कर रहा है। हमलों का उद्देश्य विशिष्ट समाचार पत्रों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बजाय पत्रकारों और कर्मचारियों को मारना था, अन्यथा भीड़ ने इमारतों में आग लगाने से पहले पत्रकारों को वहां से चले जाने को कहा होता।

# एपस्टीन फाइल्स को लेकर भड़का लोगों का गुस्सा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इस हफ्ते एक नाटकीय घटनाक्रम में अमेरिकी न्याय विभाग ने लंबे समय से चल रही जेफरी एपस्टीन जांच की हजारों दस्तावेज और तस्वीरें जारी की हैं, जिससे लोगों में जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई है। मामले की फिर से जांच शुरू हो गई है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक बहस छिड़ गई है। मामले में अब जवाबदेही, पारदर्शिता और सरकारी खुलासे की सीमाओं के बारे में नए सवाल उठ रहे हैं। एपस्टीन की परेशान करने वाली नई तस्वीरों से गुस्सा भड़का है। एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट के तहत जारी किए गए दस्तावेजों के ढेर में, सांसदों और आम लोगों ने परेशान करने वाली नई तस्वीरों पर ध्यान दिलाया है, जिनमें एपस्टीन नाबालिगों के साथ करीबी शारीरिक संपर्क में दिख रहा है।



**क्यों भड़का लोगों का गुस्सा?:** कुछ तस्वीरों में उसे ऐसी जगहों पर दिखाया गया है जो शोषण वाली लगती हैं, जिसमें ऐसे सीन भी शामिल हैं जहां वह छोटी लड़कियों को किस करते और गले लगाते हुए दिख रहा है और दूसरे बहुत ज्यादा एडिट किए गए फ्रेम, जिनमें प्राइवेट जगहों पर नाबालिग बच्चे दिख रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये विजुअल्स एपस्टीन के प्राइवेट जेट और उसके लिटिल सेंट जेम्स आइलैंड एस्टेट जैसी जगहों पर लिए गए थे और यह उस बड़े मटेरियल का हिस्सा हैं जिसे कानूनी डेडलाइन को पूरा करने के लिए जारी किया गया है। हालांकि डीओजे ने पीड़ितों की सुरक्षा के लिए पहचान वाली ज्यादातर जानकारी हटा दी है, लेकिन इन तस्वीरों के सामने आने से बचे हुए लोगों, एडवोकेसी ग्रुप्स और कमेंटेटर्स में फिर से गुस्सा भड़क गया है, जो कहते हैं कि विजुअल सबूत उन डॉक्यूमेंटेड दुर्व्यवहार के पैटर्न को साबित करते हैं जिन्होंने एपस्टीन के आपराधिक इतिहास को परिभाषित किया था।

**कानूनी पारदर्शिता या एपस्टीन फाइलों का आंशिक खुलासा?:** इस साल साइन किए गए कानून के तहत जारी की गई जानकारी का मकसद पहले से सील किए गए ग्रैंड जूरी मटेरियल, जांच फाइलों और तस्वीरों को जनता की जांच के लिए खोलना था। हालांकि, आलोचकों ने इस प्रक्रिया को अधूरा और बहुत ज्यादा सेंसर किया हुआ बताया है।

### गुड गवर्नेंस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला में बोले आईजी

# आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक एवं मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस व प्रशासनिक कार्यालयों में शिकायत - अनुरोध लेकर आने वाले आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक एवं मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए। गूड गवर्नेंस वीक के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र सुनील भास्कर ने कहा कि लोगों के साथ संवेदनशील व्यवहार ही सुशासन की पहचान है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पावती रसीद अनिवार्य रूप से दी जाए, उन्हें उचित स्थान पर बैठाया जाए तथा पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। आईजी ने कहा कि कई बार कार्य की व्यस्तता के कारण फोन कॉल रिसीव नहीं हो पाती, परंतु प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मियों को कॉल बैक करने की आदत विकसित करनी चाहिए, ताकि आम जनता को यह भरोसा हो कि उनकी बात सुनी जा रही है। उन्होंने कहा कि गूड गवर्नेंस केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि व्यवहार में संवेदनशीलता और सेवा भाव का नाम है। उन्होंने बताया, कार्यशाला का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक जनोन्मुखी, पारदर्शी, जवाबदेह एवं संवेदनशील बनाना रहा।



**प्रजा के सुख में ही शासक का सुख निहित : डीसी**

उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रजासुखे सुखं राज्ञः, प्रजानां च हिते हितम् अर्थात प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है - यह विचार आज भी प्रशासन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में गवर्नेंस गूड होना चाहिए, क्योंकि यदि शासन व्यवस्था अच्छी नहीं होगी तो वह स्वतः बैड गवर्नेंस में बदल जाएगी। डीसी ने कहा कि सुशासन की नींव जवाबदेही, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यप्रणाली पर टिकी होती है। जनता को सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूल अधिकार दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। डीसी ने आगे कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि अंतिम व्यक्ति की पहचान करें और वहां से काम शुरू करें। जैसे ट्रेन कि इंजन अपने अंतिम बोगी को भी साथ लेकर चलती है और जो बच्चा रोता नहीं, मां उसका भी बराबर ख्याल करती है। ठीक उसी प्रकार हम प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास - सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करना है। हम सबकों मिलकर एक टीम के साथ काम करना है।

**अपने दायित्व और दायरे में ईमानदारी से कार्य करें : एसपी**

पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी और कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए अपने निर्धारित दायरे में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वहीं से गूड गवर्नेंस की वास्तविक शुरूआत होती है। एसपी ने कहा कि प्रशासन तभी प्रभावी बन सकता है जब सभी विभाग एक टीम की तरह समन्वय के साथ कार्य करें और आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने गूड गवर्नेंस शब्द की उत्पत्ति, उसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला और कहा कि प्रशासन समाज के हर वर्ग एवं हर व्यक्ति के लिए खड़ा है।




**प्रशासन का हर दिन का कार्य ही सुशासन का उदाहरण : डीडीसी**

उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने कहा कि प्रशासन का प्रतिदिन का कार्य ही गूड गवर्नेंस का प्रत्यक्ष उदाहरण होता है। उन्होंने कहा कि सुशासन में जनता का भरोसा सबसे महत्वपूर्ण होता है, जिसे पारदर्शिता, निष्पक्षता और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से ही अर्जित किया जा सकता है।

**विभिन्न विभागों ने योजनाओं एवं उपलब्धियों की दी जानकारी**

कार्यशाला के दौरान ग्रामीण विकास विभाग, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, कल्याण, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा गूड गवर्नेंस के अंतर्गत संचालित योजनाओं, कार्यों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने बताया कि कैसे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए तकनीक, पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

**जनता के विश्वास से ही सफल होगा सुशासन**

कार्यशाला के समापन पर सभी वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि जनता का विश्वास प्रशासन की सबसे बड़ी शक्ति है। सुशासन तभी सफल होगा जब प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी संवेदनशीलता, जवाबदेही और सेवा भाव के साथ कार्य करें। गूड गवर्नेंस वीक के माध्यम से प्रशासन ने यह संदेश दिया कि शासन व्यवस्था जनता के साथ, जनता के लिए और जनता के हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यशाला में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र सुनील भास्कर, उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार सहित जिले के विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। इसके अलावाएसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, एनडीसी प्रभाष दत्ता, डीएसओ शालिनी खालखो,स्थापना उप समाहर्ता प्रेमचंद सिन्हा,मुख्यालय डीएसपी अनिमेश गुप्ता,डीपीआरओ रवि कुमार,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, डीएसडब्ल्यूओ डा. सुमन गुप्ता, डीईओ जगरनाथ लोहरा, डीएसई अतुल कुमार चौबे, डीडब्लूओ एन एस कुजूर, डीपीओ राज शर्मा, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, डीडीएमओ शक्ति कुमार,नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे, पीओ मानिकचंद्र प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## समस्याओं को सुनना और उनका समयबद्ध समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी: उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समयबद्ध समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यह बातें मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित सप्ताहिक जनता दरबार के दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। उन्होंने कहा कि जनता दरबार शासन-प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद का माध्यम है। इससे नहीं केवल लोगों की समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान होता है, बल्कि जनता का विश्वास भी प्रशासनिक व्यवस्था में मजबूत होता है।



**49 मामलों की हुई सुनवाई - कई का मौके पर निष्पादन**

आज आयोजित जनता दरबार में कुल 49 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें बिजली विपत्र,भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक कलह, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवास, राशन कार्ड और जनसुविधा से संबंधित विषय प्रमुख रहे। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से सुनवाई की और कई मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के साथ काम करें, ताकि जनता को अनावश्यक परेशान नहीं होना पड़े। जनता दरबार में चास विद्युत प्रमंडल में समार्ट मिटर के माध्यम से उपभोक्ताओं को अत्याधिक विपत्र आने की शिकायत पर उपायुक्त ने संज्ञन लेते हुए कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल चास को मौके पर से ही शिविर लगाकर ऐसे मामलों की सुनवाई कर उपभोक्ताओं को राहत देने की बात कहीं। साथ ही, इसकी पुनरावृति नहीं हो, इसको लेकर भी कार्य करने को कहा। मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सदर अस्पताल बोकारो में आज न्यूरो सर्जरी की सुविधा मिलेगी : सिविल सर्जन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो सदर अस्पताल में बुधवार (आज) को पूर्वाह्न 9:00 बजे से न्यूरो सम्बन्धित इलाज एवं सर्जरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उक्त बात की जानकारी सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने दी है। उन्होंने बताया कि बोकारो सदर अस्पताल में प्रत्येक बुधवार को न्यूरो संबंधी बीमारी की इलाज हेतु चिकित्सक बैठेंगे जो केबल न्यूरो संबंधी इलाज करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि न्यूरो सर्जन डॉ डी. एम. प्रसाद से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक बुधवार को सुबह 9:00 बजे से सदर अस्पताल में न्यूरो से संबंधित कोई भी बीमारी हो तो संपर्क करें बोकारो सदर अस्पताल में।

**सिविल सर्जन ने जिलेवासियों से की अपील**

सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने बोकारो के आमजनमानस से अपील की है कि अब ब्रेन, स्पाईन एवं नस से सम्बन्धित समस्या के लिए जिले से कही बाहर जाने की जरूरत नही है। अब इससे सम्बन्धित इलाज व सर्जरी बोकारो के सदर अस्पताल में बुधवार को उपलब्ध रहेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि यदि किसी को अधिक सिर दर्द, मिर्गी, हाथ कापना, ब्रेन टयूमर, उल्टी, लकवा, स्पाइन सर्जरी, गर्दन एवं पीठ में दर्द, सिर में चोट, ब्रेन में खून का थक्का एवं हाथ पैर में झिन झिनाहट है तो बिना देरी किए प्रत्येक बुधवार को सदर अस्पताल बोकारो में सम्पर्क कर इलाज करा सकते है।

### हीरापुर पानी टंकी से लॉ कॉलेज तक सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने जनता दरबार का आयोजन कर धनबाद, गोविंदपुर, तोपचांची, बाघमारा, निरसा, कलियासोल, कुमारधुबी, टुंडी सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्या सुनी। इसमें हीरापुर के तेलीपाड़ा से आए लोगों ने उपायुक्त को बताया कि हीरापुर पानी टंकी मोड़ से तेलीपाड़ा होते हुए लॉ कॉलेज तक सड़क पर अतिक्रमण किया गया है। जिससे आए दिन सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। लोगों ने उपरोक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। तोपचांची के पाठकडीह से आए व्यक्ति ने बताया कि उनके गांव में 6 वर्ष से कम उम्र के 42 बच्चे हैं। गांव में एक भी आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है। जो आंगनवाड़ी केंद्र है वह गांव से लगभग 3 किलोमीटर दूर है। उन्होंने गांव में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने आम जनों की समस्या का समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

### धनबाद पब्लिक स्कूल का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव शुरू

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद पब्लिक स्कूल केजी आश्रम का 36 वें दो दिवसीय वार्षिकोत्सव मंगलवार को शुरू हुआ। मुख्य अतिथि आईआईटी आईएसएम के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सतत परिश्रम ही लक्ष्य प्राप्ति का साधन है। उन्होंने छात्रों को जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान को अपने जीवन में उतारने को प्रेरित किया । प्रो मिश्रा ने कहा कि शिक्षा विकास ट्रस्ट का धनबाद पब्लिक स्कूल कोयलांचल की धरोहर है । विशिष्ट अतिथि वीरजी बैंक झरिया के निदेशक कमल संघवी ने वार्षिकोत्सव के थीम की सराहना करते हुए कहा कि लगन के साथ किया गया कर्म कभी व्यर्थ नहीं जाता। अतः छात्र अपने कर्म पर विशेष ध्यान दें। स्कूल के अध्यक्ष एवं शिक्षा विकास ट्रस्ट के चेयरमैन कैलाश प्रसाद अग्रवाला ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि धनबाद पब्लिक स्कूल छात्रों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की ऑनलाइन समीक्षा, त्वरित कार्रवाई का निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ पात्र किशोरियों को समय पर लाभ मिले इसे लेकर प्रशासन युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। इस बाबत उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने आज सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के त्वरित क्रियान्वयन को लेकर सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**लंबित आवेदनों को प्रतिदिन जांच कर स्वीकृत करने का निर्देश**

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि योजना के अंतर्गत जितने भी लंबित आवेदन हैं, उनकी प्रतिदिन जांच कर सीडीपीओ स्तर से अविलंब स्वीकृति की जाए, ताकि पात्र बालिकाओं को समय पर लाभ मिल सके।

**पीएफएमएस भुगतान में खाता संबंधी त्रुटियों पर सख्ती**

समीक्षा में बताया गया कि पीएफएमएस भुगतान प्रक्रिया के दौरान कई मामलों में बालिकाओं का बैंक खाता बंद पाया गया है अथवा खाताधारक एवं लाभुक के नाम में अंतर है। ऐसे सभी मामलों की सूची संबंधित सीडीपीओ को उपलब्ध कराई गई है। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सूची की गहन जांच के बाद ही आवेदन स्वीकृत करें और यदि किसी बालिका का खाता बंद है या नाम में अंतर है तो उस आवेदन को बैक किया जाए, ताकि त्रुटि सुधार के बाद ही भुगतान संभव हो।

**विद्यालय स्तर पर खाता जांच सुनिश्चित करने के निर्देश**

जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर से सभी बीपीओ एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को निर्देश दें कि विद्यालयों में आवेदन अपलोड करने से पहले बालिकाओं के बैंक खातों की जांच अनिवार्य रूप से करवाई जाए। यदि किसी बालिका का खाता बंद है, तो उसे सक्रिय करवाया जाए, ताकि स्वीकृति के पश्चात राशि सीधे बालिका के खाते में हस्तांतरित हो सके। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि जितने भी योग्य बालिका है कक्षा आठ से लेकर बारह तक सभी लाभुकों का त्वरित गति से आवेदन ऑनलाइन कराएं ताकि उन्हें लाभान्वित किया जा सकें।

**चास ग्रामीण एवं गोमिया में लंबित आवेदनों पर विशेष ध्यान**

बैठक में यह भी सामने आया कि चास ग्रामीण एवं गोमिया परियोजना क्षेत्रों में सबसे अधिक आवेदन स्वीकृति हेतु लंबित हैं। इस पर उप विकास आयुक्त ने संबंधित सीडीपीओ को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित आवेदनों की तत्काल जांच कर अविलंब स्वीकृति सुनिश्चित करें।

**योजना का उद्देश्य बालिकाओं को समय पर लाभ**

उप विकास आयुक्त (डीडीसी) ने कहा कि सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि योजना का लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंच सके।

## चोरी डकैती के तीन आरोपी गिरफ्तार, चुराया गया सामान व बाइक बरामद

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिले में चोरी व डकैती की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में दिनांक 22 दिसंबर रात्रि करीब 11.30 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में एल एंड टी कंपनी में गार्ड को बंधक बना कर लूट करने के मामले में में संलिप्त अपराधी गोविंदपुर थाना क्षेत्र में छिपे हुए हैं। सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-01) के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मटियाला और ग्राम जंगलपुर के बीच स्थित पुल के पास पहुंची, जहां से अकबर अंसारी, रहीम और हेमचंद्र दा को पकड़कर पूछताछ के लिए थाना लाया गया। कड़ाई से की गई पूछताछ के दौरान तीनों आरोपियों ने न केवल उक्त कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, बल्कि अपने अन्य सहयोगियों की भूमिका भी उजागर की। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने कांड में चोरी/डकैती के दौरान उपयोग किए गए और चुराए गए सामान को बरामद किया। बरामदगी में पीतल का नल वाल्व, अर्द्धजला तांबे का तार तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल शामिल हैं। इसके बाद तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के बयान के आधार पर इस गिरोह से जुड़े अन्य अपराधियों की तलाश की जा रही है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।



पुलिस के अनुसार, इन आरोपियों का चोरी और डकैती जैसे संगीन मामलों में पूर्व से आपराधिक इतिहास भी रहा है। इसके अलावा, पूछताछ के दौरान आरोपियों ने गोविंदपुर थाना क्षेत्र में भी कई मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इस मामले में गोविंदपुर थाना क्षेत्र के अखाना रोड, देवली स्थित निशा फूड प्रोडक्ट प्रा. लि. के प्लांट में 17 दिसंबर 2025 की रात बाउंड्री तोड़कर प्लांट के अंदर रखे केबल को काटकर चोरी की गई थी, जिसे बरामद कर लिया गया है। धनबाद पुलिस का कहना है कि जिले में सक्रिय आपराधिक गिरोहों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और फरार आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

# बांग्लादेश में हिंदू-विरोधी हिंसा से लोग आक्रोशित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपु चंद्र दास को कट्टरपंथी भीड़ द्वारा पेड़ से बाँधकर जिंदा जलाने की अमानवीय घटना को लेकर लोगों में उबाल है।बांग्लादेश में हिंदू समाज को लक्षित कर उनके घरों, दुकानों एवं धार्मिक स्थलों को सुनियोजित रूप से जलाए जाने की निरंतर खबर आ रही है। हिंदू जनजागृति समिति ने इस निरंतर चल रही हिंदू-विरोधी हिंसा का तीव्र विरोध किया है। समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा बांग्लादेश के उच्चायुक्त को संबोधित ज्ञापन, बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा को सौंपा है। ज्ञापन में भारत सरकार से मांग की गई है कि बांग्लादेश में सतत जारी हिंदू-विरोधी हिंसा को रोकने के लिए उस पर आर्थिक, व्यापारिक एवं राजनैतिक प्रतिबंध लगाए जाएँ। साथ ही बांग्लादेश में सक्रिय आतंकवादी एवं कट्टरपंथी गुटों के विरुद्ध कठोर सैन्य कार्रवाई की मांग उठाई गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बांग्लादेश के प्रमुख युवा नेता शरीफ उस्मान हादी पर ढाका में गोलीबारी हुई जिसमें उनकी मृत्यु हो गई, तत्पश्चात हिंदू समाज के विरुद्ध सुनियोजित हिंसा को और तेज कर दिया गया। हिंदुओं के घरों, दुकानों तथा मंदिरों को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। प्रत्यक्ष वीडियो, साक्ष्य एवं अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स से यह सत्य उजागर हो चुका है, इसके बावजूद बांग्लादेश सरकार प्रभावी कार्रवाई करने से बच रही है। जनगणना के



आँकड़ों के अनुसार वर्ष 1941 में बांग्लादेश में हिंदुओं की जनसंख्या लगभग 28 प्रतिशत थी, जो आज घटकर मात्र 7-8 प्रतिशत रह गई है। यह स्थिति स्पष्ट रूप से हिंदू-निर्मूलन की प्रक्रिया को दशार्ती है। ज्ञापन में आगे भारत-बांग्लादेश समझौतों के अंतर्गत अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता के संरक्षण, संयुक्त राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में इस विषय को उठाकर फैक्ट-फाइंडिंग मिशन भेजने, उत्पीड़ित हिंदुओं को भारत में नागरिकता व पुनर्वास नीति लागू करने, मंदिरों एवं हिंदू धार्मिक संपत्तियों का संयुक्त सर्वेक्षण कराने तथा बांग्लादेशी हिंदू समाज से सीधा संवाद तंत्र स्थापित करने जैसी प्रमुख मांगें रखी गई हैं। भारत, विश्व का सबसे बड़ा हिंदू-बहुल राष्ट्र होने के नाते, बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु राजनैतिक, कानूनी एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठोस प्रयास करे, ऐसी मांग हिंदू जनजागृति समिति द्वारा की गई है।

# बीएसएल की क्वालिटी सर्किल टीमों ने एनसीक्यूसी-2025 में लहराया परचम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट ने 39वें नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (एनसीक्यूसी-2025) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नवाचार एवं सतत सुधार के प्रति अपनी सुदृढ़ प्रतिबद्धता को एक बार फिर स्थापित किया. यह चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ह्क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडियाह्व (क्यूसीएफआई) के तत्वावधान में 19 से 22 दिसंबर 2025 तक जी एल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया, जिसमें देश भर की 601 प्रतिष्ठित संस्थाओं से 1,129 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की, जिनके द्वारा कुल 2,209 क्वालिटी सर्किल केस स्टडी प्रस्तुत की गई. इसके अतिरिक्त, 125 क्वालिटी सर्किल टीमों द्वारा मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया. इस राष्ट्रीय सम्मेलन में बीएसएल की कुल 28 क्वालिटी सर्किल टीमों ने भाग लिया. इन टीमों का चयन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा आयोजित अधिशासी निदेशक (संकार्य) एवं निदेशक-प्रभारी ट्रॉफी प्रतियोगिता के अंतर्गत कठिन एवं बहु-स्तरीय स्क्रीनिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था. राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुति से पूर्व, चयनित टीमों को बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया. गौरतलब है कि सम्मेलन में बिजनेस एक्सीलेंस विभाग की वरीय प्रबंधक सुश्री सागरिका साहू को क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया द्वारा एनसीक्यूसी-2025 के लिए जूरी सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया, जो गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में बोकारो स्टील प्लांट की सशक्त राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को दशार्ता है. सम्मेलन में बीएसएल की सभी प्रतिभागी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार अर्जित किए. इनमें 14 टीमों को पार-एक्सीलेंस 12 टीमों को एक्सीलेंस तथा 2 टीमों को डिस्टिंग्विश्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इसके अतिरिक्त, इनमें से तीन टीमों को श्रेष्ठ मॉडल पुरस्कार भी प्रदान किए गए. पार एक्सीलेंस पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीमों में सिंटर प्लांट की टीम परख एवं विक्रांत, एसएमएस-2 एवं सीसीएस विभाग की टीम अचिंत्य एवं प्रज्ञान, एचएसएम की टीम जिज्ञासा, कैपिटल रिपेयर - इलेक्ट्रिकल विभाग की टीम सेवांजलि, बीजीएच की टीम संजीवनी, एचएम-एम विभाग की टीम चिराग, कोक ओवन विभाग की टीम सागर एवं प्रगति, आई एंड ए विभाग की टीम प्रगति, सीआरएम-3 विभाग की टीम अंतर्ध्वनि, जनरल मेंटेनेंस - मैकेनिकल विभाग की टीम प्रगति मंडन तथा पीईबी विभाग की टीम वी. सराभाई शामिल रहीं. एक्सीलेंस पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीमों में ईटीएल विभाग की टीम संकल्प, डीएनडब्ल्यू विभाग की लीन सेफ्टी सर्किल टीम कल्पतरु, ट्रैफिक विभाग की टीम ट्रूपर्स, सीआरएम-1 एवं 2 विभाग की टीम एलक्यूसी, बीजीएच की टीम अपराजिता एवं एंजेल, एचआरसीएफ विभाग की टीम हिमालय, सीआरएम-3 विभाग की टीम प्रयास, डब्ल्यूएमडी विभाग की टीम मानसरोवर, ऑपरेशन गैरेज विभाग की टीम विकास, कोक ओवन विभाग की टीम स्पार्क तथा आरसीएल विभाग की टीम सतर्क को सम्मानित किया गया. एचआरसीएफ विभागकी टीम प्रयास एवं कोक ओवन विभाग की टीम छिन्नमस्ता को डिस्टिंग्विश्ड पुरस्कार प्रदान किए गए। इन पुरस्कारों के अतिरिक्त, एचआरसीएफ विभाग की टीम हिमालय, ईटीएल विभाग की टीम संकल्प तथा पीईबी विभाग की टीम वी. सराभाई को श्रेष्ठ मॉडल पुरस्कार भी प्राप्त हुए. एनसीक्यूसी-2025 के दौरान बोकारो स्टील प्लांट की सहभागिता एवं समन्वय सुश्री देवयानी चक्रवर्ती, वरीयप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) द्वारा किया गया. सम्मेलन में बीएसएल को सशक्त क्वालिटी सर्किल संस्कृति, सतत सुधार पहलों तथा बिजनेस एक्सीलेंस की दिशा में निरंतर प्रयासों के लिए जूरी सदस्यों एवं क्यूसीएफआई द्वारा विशेष सराहना प्राप्त हुई.




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK